धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

04.10.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 113





12 आयोवा में हैरिस ने ट्रंप को पछाड़ा

न्यूज डायरी

### हेमंत के बरहेट प्रस्तावक मंडल मुर्मू भाजपा में शामिल

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले बरहेट से झामुमो प्रत्याशी और सीएम हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू भाजपा में शामिल हो गये। रविवार को उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के आवास पर मंडल मुर्मू ने भाजपा की सदस्यता दिलायी।

### योगी को जान से मारने की धमकी, महिला धरायी

मुंबई। मुंबई पुलिस ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक महिला को धर दबोचा है। मुंबई पुलिस कंट्रोल सेल को अज्ञात नंबर से मैसेज मिला था, जिसमें कहा गया था कि यदि योगी आदित्यनाथ ने 10 दिन में सीएम के पद से इस्तीफा नहीं देते हैं तो हम उन्हें बाबा सिद्दीकी की तरह मार डालेंगे। इस धमकी के बाद से सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। पूरे मामले की जांच में मुंबई पुलिस जुट गयी है।

### गिरिडीह में 20 किलो का आइइडी बम बरामद

गिरिडीह। जिले की सीमा से सटे गुरुवाद गांव मे एक पुलिया के नीचे झाड़ियों में छिपाकर रखे गये 20 किलोग्राम का आइइडी बम बरामद किया गया है। खुफिया एजेंसी से प्राप्त सूचना के आधार पर इलाके में गिरिडीह एवं जमुई पुलिस ने सीआरपीएफ के सहयोग से सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान देर रात एक कंटेनर मे पलान्ट कर रखा गया बम बरामद हुआ। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से भाकपा माओवदियों ने बम का पलान्ट कर रखा था। बरामद बम को एक जंगल मे निष्क्रिय कर दिया गया है। घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

### खूंटी में बोले चौहान, इस सरकार को उखाड़ फेंकें

खूंटी। केंद्रीय मंत्री और विधानसभा चुनाव में भाजपा के झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने आह्वान किया कि वे राज्य की भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा के उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनायें। उन्होंने सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि हेमंत सरकार के लोग झारखंड को गिद्ध-कौओं की तरह नोच रहे हैं। इस सरकार ने पूरे राज्य को बर्बाद कर दिया।

### सिसई में हेमंत पर हिमंता ने साधा निशाना

रांची। गुमला के सिसई में रविवार को असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड में युवाओं को नौकरी नहीं मिलती है। सरकार के इशारे में पेपर लीक हो जाता है। मईयां सम्मान योजना के नाम पर हेमंत सरकार महिलाओं को ठगने का काम कर रही है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 100000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




## संकल्प पत्र जारी कर बोले शाह- भाजपा ओबीसी को देगी 27 प्रतिशत आरक्षण

# यूसीसी लागू करेंगे, घुसपैठियों को भगायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव घोषणापत्र जारी करते हुए वादा किया कि भाजपा झारखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी। बांग्लादेश से आये घुसपैठियों को बाहर निकालेगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय को प्रस्तावित संहिता के दायरे से बाहर रखा जायेगा। झारखंड में भाजपा की सरकार बन रही है और हम इन घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे। हम कानून लायेंगे और महिलाओं से छीनी गयी जमीन वापस करेंगे। रविवार को भाजपा के 25 संकल्पों का घोषणा पत्र गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में जारी किया गया। अमित शाह ने कहा- ऐसा झारखंड बनायेंगे, किसी को नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना होगा। रविवार को होटल रेडिशन ब्ल्यू में आयोजित संकल्प पत्र लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री शाह नें कहा, संकल्प पत्र में पाटी ने झारखंड के ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का संकल्प लिया है।



**25 साल का झारखंड 25 संकल्प :** भाजपा ने 25 संकल्पों के साथ 25 साल के झारखंड में 25 संकल्प के तहत धरती आबा बिरसा मुंडा के 150वें जयंती वर्ष में कुल 150 बिंदु में जारी किया है। इसमें पूर्ववर्ती रघुवर सरकार की कुछ योजनाओं को फिर से शुरू करने की बात कही गयी है। वहीं, किसानों को धान का क्रय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार, गोगो दीदी योजना, आवास योजना, घुसपैठियों को बाहर करने और आदिवासियों से ली गयी जमीन को वापस करने का संकल्प शामिल है। श्री शह ने कहा, गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने की 11 तारीख को 2100 रुपये खाते में भेजेंगे। 50 लाख तक की अचल संपत्ति एक महिला के नाम होने पर सिर्फ 1 रुपया लगने की योजना फिर शुरू होगी। दीपावली और रक्षा बंधन में रसोई गैस फ्री, 500 में गैस सिलिंडर देने का हमारा संकल्प है। 5 साल में 5 लाख रोजगार, 2 लाख 87 हजार 500 सरकारी पद पर पारदर्शी भर्ती की जायेगी। हर स्नातक, स्नातकोत्तर युवा को प्रति महीने 2 हजार रुपये भत्ता दिया जायेगा। हर गरीब को पक्का मकान, पांच साल में 21 लाख प्रधानमंत्री आवास देंगे। उन्होंने कहा कि विस्थापन से पहले पुनर्वास आयोग का गठन किया जायेगा। वीर शहीदों का स्मारक बनाने का संकल्प दोहराया। गठबंधन सरकार के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई का संकल्प। धान की खरीद के समर्थन मूल्य पर 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 24 घंटे में भुगतान की व्यवस्था होगी। डायमंड एक्सप्रेस वे और 5 वर्ष में 25 हजार किलोमीटर सड़क बनाने का संकल्प,उच्च शिक्षा के लिए युवाओं को 10 लाख तक का लोन का सरकार देगी ब्याज। वन उत्पाद की सरकार करेगी खरीद। (शेष पेज 11 पर)

### यूसीसी से बाहर रहेंगे आदिवासी

- भाजपा जो कहती है, पूरा करती है
- आदिवासियों को जमीन वापस दिलायेंगे
- किसी को नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना होगा
- खनिजों से यहां के लोगों का विकास होगा
- गठबंधन की सरकार के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई
- पारदर्शी परीक्षा, परीक्षा माफियाओं पर कार्रवाई।
- विस्थापन से पहले पुनर्वास
- वन उत्पाद की खरीद सरकार करेगी
- वीर शहीदों का स्मारक बनायेंगे
- युवाओं के10 लाख तक का शिक्षा लोन का ब्याज देंगे
- राज्य की भाषाओं का स्कूल में पढ़ाई
- आठवीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रयास
- सहारा के वैध जमाकर्ताओं को पाई-पाई वापस होगा

# रांची में हेमंत, टाटा में कल्पना सोरेन के रोड शो में उमड़ी भीड़



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची विधानसभा का चुनाव धीरे-धीरे और भी दिलचस्प होता जा रहा है। झामुमो और भाजपा दोनों ही पार्टियां रांची समेत तमाम सीटें जीतने की फिराक में है। यही कारण है कि रविवार की देर शाम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रांची सीट की प्रत्याशी महुआ माजी के पक्ष में रोड शो करने सड़कों पर उतरे। उनके साथ रोड शो में जन सैलाब उमड़ पड़ा।

### गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने, भाजपा को हराने की अपील

उन्होंने रांची से महुआ माजी और अन्य सीटों से गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की अपील की। वहीं लौहनगरी में रोड शो की कमान स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने संभाली। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार (कांग्रेस) के समर्थन में कांग्रेस पार्टी की ओर से भव्य रोड शो का आयोजन किया गया। रोड शो में कल्पना के साथ-साथ पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, ओडिशा झामुमो की अध्यक्ष अंजनी सोरेन ने भाग लिया। (शेष पेज 11 पर)

## सीएम हेमंत सोरेन ने गृह मंत्री अमित शाह को दी चुनौती, कहा

# यहां यूसीसी नहीं सिर्फ सीएनटी-एसपीटी रहेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के संकल्प पत्र पर रविवार को पलटवार किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी के संकल्प पत्र में कहा है कि झारखंड में यूसीसी लागू होकर रहेगा। श्री शाह के बयान पर सीएम हेमंत ने कहा, झारखंड में ना यूसीसी लागू होगा ना एनआरसी होगा, यहां सिर्फ सीएनटी- एसपीटी एक्ट रहेगा।

**भाजपा नेताओं के आगे विषधर भी फेल :** श्री सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग घर- परिवार को तोड़ने में लगे हैं। ये विषैला जहर उगलते हैं। उनके आगे विषधर भी फेल हैं। इन लोगों से बचकर रहना है। उन्होंने कहा कि जुमलाबाज भाजपा के लोग गढ़वा भी आने वाले हैं। ये लोग यहां के बेटा, आदिवासी - मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोगों ने आपके लिए काम करना यहां शुरू किया तो इन लोगों ने झूठे आरोप में जेल में डाल दिया।

**आदिवासी हितैषी हैं, तो बकाया क्यों नहीं देते :** सीएम ने कहा कि भाजपा को यहां के आदिवासी-मूलवासी दलित, पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें यहां की खनिज संपदा से मतलब है। ये झारखंड के खनिज संपदा का एक लाख 36 हजार करोड़ बकाया नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने कहा है कि नक्सलवाद खत्म कर देंगे। हम पूछना चाहते हैं कि अगर नक्सलवाद खत्म नहीं हुआ तो जो पांच चरण में होने वाले चुनाव को दो चरण में कैसे करा रहें हैं। इससे साफ संकेत है कि इस राज्य में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है।

**बांग्लादेशी घुसपैठ की बात पर मदद उसी को :** श्री सोरेन ने कहा, ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि बांग्लादेश के साथ अंदर ही अंदर कोई समझौता है क्या। आखिर बांग्लादेश की पूर्व पीएम का अपने यहां प्लेन उतारने क्यों दिया। उसे किस आधार पर शरण दे रखा है। वे यह भी बतायें कि झारखंड में बिजली जो उत्पादन होता है उसकी सप्लाई बांग्लादेश क्यों करते हैं। सीमा की सुरक्षा जब केंद्र के जिम्मे है, तो झारखंड सरकार को कैसे दोषी ठहराते हैं। बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले आपके साथी राज्यों से घुसकर आता है। वहां क्यों नहीं घुसपैठ रोकते हैं।

### भाजपा सूखता पेड़, उखाड़ फेंकें

सीएम श्री सोरेन ने कहा, आज भाजपा का पेड़ सूखता जा रहा है। आने वाले समय में फिर पांच साल तक इन्हें बाहर करेंगे और इन्हें जड़ से उखाड़ कर देख देंगे। उन्होंने कहा कि जिन बहनों के खाते में 1000 रुपये जा रहा है, वह 2500 रुपया हो जायेगा। इन्हें अगर मौका लग गया तो यह आपके शरीर से कतरा-कतरा खून निकाल लेंगे। पांच वर्ष से भाजपा सत्ता से बेदखल हैं। ये लोग कहते हैं कि जेपीएससी और सीजीएल परीक्षा के जरिये हुई नियुक्ति की सीबीआइ से जांच करेंगे। हमने सीजीएल परीक्षा की पूरी जांच कर ली है। लोग चिन्हित हो चुके हैं। जिन्होंने गड़बड़ी करने की कोशिश की, गड़बड़ी तो कर नहीं पाये। लेकिन, पकड़े जा चुके हैं। चुनाव समाप्त होते ही वे सभी जेल जायेंगे। उन्होंने कहा कि मंइयां सम्मान योजना सभी जाति वर्ग के लिए है। यह देश का पहला राज्य है जो कर्मचारी को बुढ़ापे की लाठी पेंशन देने का काम कर रही है।

# भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा

## झामुमो-कांग्रेस ने कहा- सरना धर्म कोड पर चुप्पी क्यों

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को जारी भाजपा के संकल्प पत्र को झामुमो और कांगक्रेस ने झूठ का पुलिंदा करार दिया। इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं ने भी संकल्प पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया दी। झामुमो और कांग्रेस नेताओं ने कहा, भाजपा के संकल्प पत्र में सरना धर्म कोड का जिक्र नहीं है। झारखंड की जनता यह नहीं भूली है कि भाजपा व केंद्र ने कैसे राज्य के एक लोकप्रिय आदिवासी को जेल भेज दिया था। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा यह झूठ और फरेब का संकल्प पत्र है। उल लेखनीय है कि झारखंड निर्माण के 25 वर्ष को देखते हुए भाजपा ने 25 संकल्प के तहत 150 कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया है।

भाजपा के संकल्प पत्र पर झामुमो, कांग्रेस के साथ-साथ राजद और सीपीआई के नेताओं ने तीखा हमला बोला है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि जहां पर भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया वहां मंच पर किसी बैनर-होर्डिंग में धरती आबा की एक भी तस्वीर नहीं थी।

वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा, भाजपा ने संकल्प पत्र नहीं बल्कि जनता के साथ फरेब पत्र जारी किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से यहां की जनता उनके वादों को सुन रही है उनके वादे सिर्फ जुमले बनकर रह गये हैं। (शेष पेज 11 पर)

# मोदी आज गढ़वा व चाईबासा में भरेंगे हुंकार

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को झारखंड के गढ़वा एवं चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार दोनों स्थानों पर जनसभा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। वहीं, भाजपा को पीएम की जनसभाओं से पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में हवा बनने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में पीएम का ये पहला झारखंड दौरा है। जानकारी के अनुसार छठ बाद पीएम फिर झारखंड का दौरा कर सकते हैं।

**कल खड़गे की रांची में जनसभा :** वहीं दूसरी और कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने एक दिवसीय दौरे पर पांच नवंबर को रांची आयेंगे। कांग्रेस अधयक्ष श्री खड़गे अपराह्न 12:15 बजे मांडू विधानसभा क्षेत्र के किसान मजदूर उच्च विद्यालय दाढ़ी के मैदान और कांके विधानसभा के कांके प्रखंड अंतर्गत बुकरू फुटबॉल मैदान नगड़ी में दो बजे आयोजित जनसभा में भाग लेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष, कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में दो विधानसभा क्षेत्रो में जनसभा करेंगे।

### आठ को आयेंगे राहुल गांधी



वहीं कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी 8 नवंबर को झारखंड आयेंगे। वह पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में लोहरदगा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 8 को झारखंड विधानसभा चुनाव में लोहरदगा सीट से अपने चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। राहुल गांधी लोहरदगा में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव के पक्ष में प्रचार करेंगे। पार्टी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी नेता धीरज प्रसाद साहू ने राहुल गांधी के कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की जीत तय है।

# पत्नी, बहू, बेटा, भाई को आगे कर रेस में हैं कई दिग्गज

### झारखंड चुनाव में परिवारवाद की परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में इस बार के विधानसभा चुनाव में कई दिग्गज नेता परिवारवाद का सहारा ले रहे हैं। इसमें ऐसे 9 नये प्रत्याशी हैं जो अपने परिवार के सदस्यों की बदौलत चुनाव में उतरे हैं। इनमें भाजपा के 5, झामुमो के 2, राजद के 1 और कांग्रेस के 1 प्रत्याशी शामिल हैं। यह परंपरा पहले से ही चली आ रही है, लेकिन इस बार इसकी संख्या बढ़ी है।





**पूर्व सीएम रघुवर दास की बहू :** झारखंड के पूर्व सीएम, वर्तमान में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू भाजपा टिकट पर जमशेदपुर पूर्वी सीट से पहली बार चुनाव मैदान में उतरी हैं। रघुवर दास इस सीट से जीतते रहे है, लेकिन 2019 में सरयू राय ने उन्हें हराया था। इस बार पूर्णिमा का मुकाबला कांग्रेस के डॉक्टर अजय कुमार से होगा। पूर्णिमा ने कहा है कि वह अपने ससुर की विरासत को आगे बढ़ायेंगी।

**चंपई सोरेन के पुत्र :** परिवारवाद की लिस्ट में दूसरा बड़ा नाम है पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन का। वह भाजपा टिकट पर घाटशिला से लड़ रहे हैं। झामुमो छोड़ कर भाजपा में आये चंपई सोरेन को इनाम के तौर उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को प्रत्याशी बनाया। चंपई खुद सरायकेला सीट से भाजपा के प्रत्याशी हैं। बाबूलाल सोरेन का मुकाबला घाटशिला के वर्तमान झामुमो विधायक और मंत्री रामदास सोरेन से है।

**पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी :** इस सूची में एक और पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता अर्जुन मुंडा का नाम भी शामील है। इस बार उनकी पत्नी मीरा मुंडा कोल्हान के पोटका सीट से प्रत्याशी हैं। उन्हें यहसीट पर भाजपा की मेनका सरदार का टिकट काट कर दिया गया है। मीरा का सामना जेएमएम प्रत्याशी और वर्तमान विधायक संजीव सरदार से है।

**पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी :** इस कड़ी में अगला नाम है पूर्व मंत्री आलमगीर आलम का। पाकुड़ से इसबार उनकी पत्नी निशत आलम पहलीबार मैदान में हैं। झारखंड के कद्दावर कांग्रेस नेता आलमगीर आलम फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में हैं। निशत आलम हाउसवाइफ रही हैं। उनका सामना एनडीए के घटक दल आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम से है। वह भी पहली बार चुनाव मैदान में हैं। (शेष पेज 11 पर)

# तीसरा टेस्ट भी हारा भारत पहलीबार घर में क्लीन स्वीप

एजेंसी

नयी दिल्ली। एजाज पटेल (छह विकेट) और ग्लेन फिलिप्स (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को भारत को 25 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। भारत पहली बार टेस्ट में घर पर क्लीन स्वीप हुआ है।

लंच तक जीत की ओर बढ़ रहे भारत को 22वें ओवर में एजाज पटेल ने ऋषभ पंत (64) को आउट कर झटका देते हुए न्यूजीलैंड की मैच में वापसी करा दी। पंत ने अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

लेकिन ग्लेन फिलिप्स ने अश्विन (आठ) को और इसी ओवर में ग्लेन ने आकाश दीप (शून्य) आउटकर भारत की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। 30वें ओवर में एजाज ने वॉशिंगटन सुंदर (12) को बोल्ड कर 121 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर मुकाबला 25 रनों से जीत लिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली।

केंद्रीय मंत्री ने तोरपा और खूंटी में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मांगा वोट, कहा

# सीएम हेमंत सोरेन ने सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं की जिंदगी छीन ली : शिवराज

- झारखंड में परिवर्तन की लहर में झामुमो-कांग्रेस सूखे पत्ते की तरह उड़ जायेंगे

### झारखंड की तस्वीर और जनता की तकदीर बदलेगी भाजपा




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को तोरपा विधानसभा में भाजपा के उम्मीदवार कोचे मुंडा और खूंटी विधानसभा से प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा के समर्थन में वोट मांगा। उन्होंने कहा कि मैं मध्यप्रदेश की तरह झारखंड वासियों का भी मामा ही हूं। मैं नेता, मंत्री नहीं बल्कि भैया और मामा हूं। जनता की सेवा ही हमारे लिए भगवान की पूजा है, इसलिये, जनता का विकास और कल्याण ही भाजपा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है और इस लहर में झामुमो-कांग्रेस सूखे पत्ते की तरह उड़ जायेंगे।

उन्होंने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि यह भारत की सबसे भ्रष्ट सरकार है। झामुमो- कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन की सरकार का जनता के सुख-दुख से कोई वास्ता नहीं है। इनके नेताओं के यहां से छापे में साढ़े तीन सौ करोड़ रूपये बरामद किए जा रहे हैं। ये हेमंत सोरेन का पैसा नहीं है। बल्कि ये झारखंड वासियों के खून-पसीने की कमाई का पैसा है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने 5 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन किसी भी युवा को नौकरी नहीं मिली। चुनाव आते ही सिपाही भर्ती के लिए पूरे प्रदेश से बच्चों को बुला लिया। युवाओं को कड़ी धूप में 10 किलोमीटर दौड़ा दिया। ऐसा दौड़ाया कि दौड़ते दौड़ते हमारे नौजवान जिंदगी की जंग हार गये। उन्होंने कहा कि झारखंड में मां, बहन और बेटियां सुरक्षित नहीं है। कानून व्यवस्था बद्तर हैं। रूबिका और अंकिता जैसी हमारी बेटियों की निर्मम हत्या हो रही है और सोरेन सरकार चुप्पी साधे बैठी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आते ही संकल्प पत्र के सभी वचन पूरे होंगे।

दावा : आजसू पार्टी के चुनाव लड़ने से लोहरदगा में कांग्रेस पार्टी की जीत तय

# 8 नवंबर को झारखंड आयेंगे राहुल गांधी, लोहरदगा में भरेंगे हुंकार

- राहुल गांधी लोहरदगा सीट से चुनाव अभियान की करेंगे शुरूआत
- कांग्रेस पार्टी की ओर से डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा विधानसभा सीट के हैं प्रत्याशी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 8 नवंबर को लोहरदगा सीट से रैली को संबोधित कर अपने चुनावी अभियान की शुरूआत करेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर राहुल गांधी लोहरदगा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में प्रचार करेंगे। राहुल गांधी के आगमन की तिथि और स्थान तय हो गया है। पार्टी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू ने राहुल गांधी के कार्यक्रम की जानकारी दी है। कांग्रेस पार्टी की ओर से डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा विधानसभा सीट के प्रत्याशी हैं। डॉ रामेश्वर उरांव की जीत सुनिश्चित करने के लिए राहुल गांधी चुनाव प्रचार के लिए लोहरदगा आ रहे हैं।

### बीएस कॉलेज में सभा

कांग्रेस नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू का कहना है कि राहुल गांधी की चुनावी रैली लोहरदगा के बीएस कॉलेज मैदान में आयोजित होगी। आगामी 8 नवंबर को यह चुनावी सभा होनी है। इसके लिए पार्टी स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। हालांकि कार्यक्रम लगभग तय हो चुका है। फिर भी इसे अंतिम रूप से सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश स्तर पर बैठक की जा रही है।

बता दें कि लोहरदगा के साथ-साथ अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी राहुल गांधी का कार्यक्रम तय है। लोहरदगा विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी और विपक्ष प्रत्याशी के बीच मुकाबले को लेकर धीरज साहू ने कहा कि इस बार यहां भारतीय जनता पार्टी चुनाव मैदान में नहीं है। आजसू पार्टी यहां से चुनाव लड़ रही है। ऐसे में यहां कांग्रेस पार्टी की जीत तय है। अगर भारतीय जनता पार्टी यहां चुनाव लड़ती तो मुकाबला दिलचस्प हो सकता था, लेकिन आजसू पार्टी के चुनाव लड़ने से अब कांग्रेस पार्टी की जीत तय है।

## भाजपा के संकल्प पत्र में ओबीसी को नहीं मिली जगह: राजेश गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा को उम्मीद थी कि इस राज्य के 55% आबादी वाले ओबीसी समुदाय के हक ओर सम्मान की मुद्दे भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल होंगे। लेकिन इस घोषणा पत्र से निराशा हुई। घोषणा पत्र के केंद्र बिंदु में ओबीसी विकास की कोई कार्य योजना नहीं है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने रविवार को विज्ञप्ति जारी कर कही है। मालूम हो कि रविवार की सुबह भाजपा का घोषणा पत्र गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया है। श्री गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कई दफा ओबीसी समुदाय के साथ न्याय करने और कल्याणकारी मुद्दे, मांग पत्र के माध्यम से भाजपा व मंत्री, सांसदों विधायकों एवं पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री से मांग करता रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ओबीसी के प्रमुख मुद्दों में एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस की तरह ओबीसी को भी उसके जनसंख्या अनुपात में आरक्षण देने, जातीय जनगणना करने, स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय गठन करने, मंडल कमीशन की अनुशंसाओं को लागू करने, प्रमोशन में रिजर्वेशन देने, ओबीसी पर लागू क्रीमी लेयर हटाने आदि मांग करता रहा है। लेकिन गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा जारी भाजपा के घोषणा पत्र में कोई भी मांग शामिल नहीं है।

बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची वितरण कार्य युद्धस्तर पर जारी

## झारखंड की 81 सीटों पर कुल 1211 उम्मीदवार: के रवि कुमार

### पोस्टल बैलेट से वोटिंग की प्रक्रिया जारी

| | | |
|---|---|---|
| पहला चरण | 43 सीट | कुल उम्मीदवार : 683 |
| दूसरा चरण | 38 सीट | कुल उम्मीदवार : 528 |

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर कुल 1211 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। उनमें 1081 पुरुष प्रत्याशी हैं। महिला उम्मीदवारों की संख्या 128 है, जबकि, 2 प्रत्याशी ट्रांसजेंडर हैं। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण के मतदान की तैयारी अंतिम दौर में है। इस चरण में कुल 43 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जबकि, दूसरे चरण की मतदान की तिथि 20 नवंबर है। इस चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उसमें 472 पुरुष, 55 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर प्रत्याशी हैं।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घरों तक बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची का वितरण युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता मतदान करने जाते वक्त मतदाता पर्ची में उल्लेखित सीरियल नंबर और पार्ट नंबर नोट कर जाएं। इससे उन्हें अपना नाम ढूंढने में अत्यल्प समय लगेगा। वहीं पार्ट नंबर से सही कतार में खड़ा होने की जानकारी मिल जाएगी। इससे मतदान करने में जहां काफी कम समय लगेगा, वहीं मतदान की गति भी काफी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब, 43 करोड़, 26 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।

## भाजपा के संकल्प पत्र में 1.82 लाख सुझाव शामिल




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने 1.82 लाख लोगों के सुझाव को समाहित कर संकल्प पत्र जारी किया है। इसमें मुख्य रूप से गोगो दीदी योजना के माध्यम से हर महीने की 11 तारीख को सभी महिलाओं के बैंक खाते में 2,100 दिये जायेंगे। राज्य के सभी परिवारों को 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर और साल में दो मुफ्त सिलेंडर मिलेगा।

पांच वर्षों के भीतर झारखंड के युवाओं के लिए 5 लाख स्वरोजगार के अवसर सृजन करेंगे। इसके अलावा 2,87,500 सरकारी पदों पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भर्ती सुनिश्चित किया जायेगा। पहली कैबिनेट बैठक में भर्ती की प्रक्रिया शुरू करेंगे और नवंबर 2025 तक डेढ़ लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। सभी परीक्षाओं के लिए एक वार्षिक कैलेंडर जारी करेंगे। हर स्नातक और स्नातकोत्तर युवा साथी को दो वर्षों की अवधि के लिए प्रति माह 2,000 रुपये युवा साथी भत्ता प्रदान किया जायेगा। कुल 25 बिंदुओं को संकल्प पत्र में समाहित किया गया है।

सुदेश के गढ़ सिल्ली में 5 को गरजेंगे जयराम महतो

रांची। झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा इन दिनों अपने चुनावी रेस में है। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो अपनी चुनावी जनसभा चला रहे हैं। जनसभा राज्य के सभी जिलों में चलाया जा रहा है। मंगलवार को उनकी सभा सिल्ली में होना सुनिश्चित हुआ है। यह सभा पतराहातु मैदान सिल्ली में होना है। रांची जिला संगठन महासचिव विमल महतो ने कहा कि इस सभा में केंद्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया जाएगा। यहां आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए विशाल जनसभा होगी। इसकी संपूर्ण तैयारी कर ली गयी है। प्रशासनिक अनुमति प्राप्त कर लिया गया है। प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने सभा के तैयारी को लेकर रविवार को पतरातू मैदान में अपने कार्यकताओं के साथ बैठक किया और केंद्रीय अध्यक्ष के आगमन का रूट चार्ट जारी किया।

पार्टी की घोषणाएं फेल होने लगीं तो उठा दिया हिंदु-मुस्लिम का मुद्दा

## 20 करोड़ लोगों का रोजगार छीनने वाले हमसे जवाब मांग रहे : जेएमएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कॉरपोरेट लोगों की इस राज्य को लूटने की प्रवृत्ति रही है। पीएम नरेंद्र मोदी स्टार प्रचारक हैं। अमित शाह पहले हमें पांच साल में 5 लाख रोजगार का जवाब दें? 11 साल में 2 करोड़ लोगों को भी नौकरी दी या नहीं इसका जवाब दें। 20 करोड़ लोगों का रोजगार छीनने वाले हमसे जवाब मांग रहे हैं। भ्रष्टाचार है झारखंड में लेकिन सारे भ्रष्टाचारी बीजेपी में हैं। वह रविवार को हरमू स्थित पार्टी के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि असम का वाटर गेट, 17 हजार करोड़ की संपत्ति, जिनकी ईडी ने जब्त की, अजित पवार को सीएम बना दिया। कमलेश सिंह, मधु कोड़ा, भानु प्रताप शाही को किसने अपने साथ लिया।

**एनआरसी असम में लागू हुआ तो उसका क्या हुआ : सुप्रियो**

2014 से आपकी सरकार थी। 11 साल में घुसपैठ हुआ तो उसका जवाब दें? बांग्लाभाषी को बांग्लादेशी बोलने लगे। दो तिहाई आबादी बांग्लाभाषी की है। बांग्लादेशी नहीं हैं। वह झारखंडी मूलवासी हैं। एनआरसी आपने असम में लागू किया इसका रिजल्ट क्या हुआ? उत्तराखंड में यूसीसी लगा तो रिजल्ट बांग्ला भाषी को बंग्लादेशी बोलने लगे। अमित शाह सीजीएल लीक को कैंसिल करायेंगे, नीट का पेपर गुजरात से लीक हुआ, यूपी में 7 साल में 17 जगह से पेपर लीके हुए। हमने कैबिनेट से निर्णय लिया है कि मंईंया सम्मान योजना में 2500 देंगे दिसंबर से। ओडिशा में 750, देते हैं और छत्तीसगढ़ में 350 देते हैं। ओबीसी आरक्षण लागू कर दिया, हमने बिल पास कर दिया। एसटी आरक्षण 28 फीसदी, एससी 26 फीसदी, ओबीसी 27 फीसदी देंगे। बाबूलाल जी ने ओबीसी आरक्षण को घटाकर 14 फीसदी कर दिया। महिला सुरक्षा की बात करते हैं। हाथरस, कठुआ, राम रहीम, चिन्मयानंद भूल गए. आदिवासी अस्मिता की बात करते हैं, तो सरना धर्म कोर्ड की बात क्यों नहीं करते? आपने किसानों के साथ भी अच्छा व्यवहार नहीं किया। 1 रुपये में रजिस्ट्री की बात करते हैं। कौन आदिवासी मूलवासी 50 लाख में घर ले पायेगा?

कांग्रेस का दावा : भाजपा का संकल्प पत्र कोरा कागज, झूठे वादों का पुलिंदा

## अमित शाह जी बतायें- झारखंड का बकाया 1,36,000 करोड़ रुपये कब देंगे : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र कोरा कागज है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री जब भाजपा का संकल्प पत्र जारी कर रहे थे, उस वक्त उनके साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे, जिन्होंने ओबीसी का आरक्षण घटाया था। आज जब भाजपा के संकल्प पत्र जारी करने के बाद ओबीसी का आरक्षण 27% करने की बात गृह मंत्री ने किया तो क्या गृह मंत्री यह बताएंगे कि उन्होंने बाबूलाल मरांडी से ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के लिए विमर्श कर लिया है। श्री शाहदेव ने कहा कि हम भी चाहते हैं पेपर लीक के लिए सख्त कानून बने और फास्ट ट्रैक कोर्ट से आरोपियों को सजा मिले लेकिन गृह मंत्री ने जो भाषा का प्रयोग किया है, प्रदेश कांग्रेस कमेटी इसकी कड़ी आलोचना करती है। श्री शाहदेव ने कहा कि जो भाजपा एलपीजी गैस सिलेंडर का मूल्य 400 से 1200 तक ले गयी। वही भाजपा आज चुनाव में वादा कर रही है कि गैस सिलेंडर 500 में दिया जाएगा। यह हास्यास्पद नहीं तो और क्या है, जो केंद्र की सरकार किसानों की समस्या को नजरअंदाज किया, उनके आंदोलन को कुचलने का काम किया। भाजपा के कारण सैकड़ों किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुये। वही भाजपा आज किसानों को एमएसपी देने की बात कर रही है।

श्री शाहदेव ने कहा कि पड़ोस के राज्यों में भाजपा की सरकार है और वहां क्या-क्या योजनाएं चल रही हैं, उन्हें बताना चाहिए। भाजपा की जो गो-गो दीदी योजना है, यह सिर्फ हमारी सरकार कि मंइयां योजना का नकल मात्र है। श्री शाहदेव ने कहा कि गृह मंत्री को बताना चाहिए कि झारखंड का बकाया 1,36,000 करोड़ कब देंगे? प्रधानमंत्री आवास योजना को झारखंड में बंद कर दिया गया। इस पर गृहमंत्री को स्पष्टीकरण देना चाहिए था। श्री शाहदेव ने कहा कि राज्य की जनता और मतदाता, अब भाजपा के बहकावे में आने वाले नहीं है। भाजपा का पूरा का पूरा संकल्प पत्र, झूठे वादे का पुलिंदा है, जिस पर जनता को अब भरोसा नहीं है।

मूलवासी सदान मोर्चा का बड़ा फैसला, किसी भी दल को नहीं करेंगे समर्थन

# मूलवासी सदानों की बात करने वालों को जितायें और विरोधियों हर हाल में हरायें : राजेन्द्र प्रसाद

- जयराम महतो को मूलवासी सदानों के अधिकारों से खिलवाड़ नहीं करने की दी चेतावनी

मूलवासी सदानों को राजनीतिक अधिकार मिले इसके लिए मोर्चा ने विधानसभा में 160 करने और लोकसभा की सीट को 14 से 28 करने और 2026 में परिसीमन कराने की मांग केंद्र सरकार से की




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केन्द्रीय समिति की बैठक रविवार को रांची के कोकर में केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि मूलवासी सदान मोर्चा एक समाजिक संगठन है और इससे जुड़े लोग विभिन्न राजनीतिक दलों से भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में राजनीतिक पार्टी अपनी-अपनी पार्टी से कुछ टिकट देगी, एसी उम्मीद थी लेकिन ऐसा किसी राजनीतिक पार्टी ने नहीं किया। इसे देखते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कि मूलवासी सदान मोर्चा किसी एक दल को समर्थन नहीं देगा। वैसे प्रत्याशी को चुनाव में जीताने का प्रयास करेगा, जो सदानों के प्रति प्रति सहानुभूति रखते हैं।

केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मोर्चा ने स्थानीय नीति, नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने और सात जिलों में आरक्षण शून्य है, उसमें सुधार कराने को लेकर हमेशा आन्दोलन किया लेकिन दुर्भाग्यवश नियोजन नीति और स्थानीय नीति ओबीसी आरक्षण के नाम पर गठबंधन की सरकार बनी थी, लेकिन सरकार ने वादा खिलाफी किया है। मूलवासी सदान बहुत सारे लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र आरक्षित होने के कारण चुनाव नहीं लड़ पाते हैं। इसके बाद भी 112 प्रखंडों के तमाम पंचायत को आरक्षित कर मुखिया, प्रमुख, और जिला परिषद अध्यक्ष बनने से मूलवासी सदानों को वंचित कर दिया गया है। ऐसे में मूलवासी सदानों को भी राजनीतिक अधिकार मिले इसके लिए मोर्चा विधानसभा का सीट को 160 करने और लोकसभा की सीट को 14 से 28 करने, 2026 में परिसीमन कराने की मांग केंद्र सरकार से करती है। इसका राजनीतिक दल समर्थन करते हैं या नहीं वह स्पष्ट करें।

वहीं, क्षितीश कुमार राय ने कहा कि मूलवासी सदानों का मैंने सहिया सदान पार्टी का गठन कर दिया था। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के आग्रह पर पार्टी को जेएमएम में विलय कर जीवन की सबसे बड़ी भूल कर दी। श्री राय ने कहा मूलवासी सदानों की अपनी राजनीतिक पार्टी बननी चाहिये। जयराम महतो की पार्टी द्वारा पेसा कानून और समता जजमेंट को लागू करने की बात अपने मेनिफेस्टो में कही है। इस पर सभी लोगों ने घोर निंदा की। मुमताज खान ने कहा कि जेएलकेएम के अध्यक्ष, जयराम महतो, मूलवासी सदानों से आने वाले अगड़ी, पिछड़े, दलित के अधिकारों से खिलवाड़ न करे।

मौके पर धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, बसंती देवी, उमेरा खातुन, सुरेश महतो, सुशील साहू, बृजेश महतो, मुरारी पांडेय, पीतांबर गोप, अनोज महतो, कृष्णा महतो, सुदर्शन ठाकुर, शंभू गोप राजू दुबे, डॉ अमर यादव, गिरवा गोप, मो सरवर आदि उपस्थित थे।

50वां कोल इंडिया स्थापना दिवस समारोह

## सीएमपीडीआई को मिले आठ पुरस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कॉरपोरेट कार्यालय कोलकाता में आयोजित 50वें कोल इंडिया लिमिटेड स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इसमें पूरे कोल इंडिया स्तर पर सीएमपीडीआई को 5 पुरस्कार व्यक्तिगत स्तर पर, जबकि 3 पुरस्कार कॉरपोरेट पुरस्कार श्रेणी सहित कुल 8 पुरस्कार मिले। कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएन प्रसाद और सुतीर्थ भट्टाचार्य पूर्व अध्यक्ष कोल इंडिया ने व्यक्तिगत और समूह पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया। कॉरपोरेट श्रेणी में क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर के अंतर्गत कोरबा ड्रिलिंग कैम्प को सर्वश्रेष्ठ ड्रिलिंग शिविर के लिए गवेषण पुरस्कार, सीएसआर व्यय में एमसीएल के साथ संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार और स्वच्छता पखवाड़ा में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

व्यक्तिगत और समूह पुरस्कार श्रेणी में महाप्रबंधक संजय कुमार दुबे को सर्वश्रेष्ठ विभागाध्यक्ष का पुरस्कार, क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवेश्वर के क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार भर को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय निदेशक का पुरस्कार, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती को व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं महाप्रबंधक एके मिश्रा, महाप्रबंधक धीरज कुमार, मुख्य प्रबंधक मिलन सेन एवं सोमेश कुमार, उप प्रबंधक मयंक अहूजा को विशेष योगदान पुरस्कार, जबकि प्रबंधक डॉ अमरजीत सिंह, प्रबंधक फराह नवाज और नवीन कुमार को प्रतिष्ठित एन कुमार इनोवेशन अवॉर्ड से पुरस्कृत किया गया।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

सोमवार 04.11.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 194

epaper.khabarmantra.net

स्पीड न्यूज

### विस चुनाव को लेकर सिंदरी में दर्जनों पर निरोधात्मक कार्रवाई

**सिंदरी ।** आसन्न विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने के लिए सिंदरी पुलिस ने फिलहाल 56 लोगों के खिलाफ बीएनएस 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की है, जबकि गोशाला ओपी क्षेत्र में 28 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अब तक 56 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। कुछ अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने बताया कि निरोधात्मक कार्रवाई के जद में सभी दलों के समर्थक हो सकते हैं।

### विश्वकर्मा लोहार समिति ने राज सिन्हा को दिया समर्थन

**धनबाद।** विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा को विश्वकर्मा लोहार समिति ने रविवार को अपना समर्थन दिया। समिति के पदाधिकारी और सदस्य रविवार को राज सिन्हा के कार्यालय पहुंचे और उन्हें माला एवं गुलदस्ता दिया। समिति के जिलाध्यक्ष विजय कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि निर्णय लिया गया ह कि भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा को भारी मतों से विजयी बनाना है।

## झरिया पर वर्चस्व की लड़ाई : बिखर गई सूर्यदेव सिंह की विरासत, विचारधारा और संघर्ष का इतिहास


# चुनावी मैदान में हैं सिंह मेंशन की दो बहुएं

विधानसभा चुनाव

शिवनाथ झा

**धनबाद।** आज के झारखंड और कल के दक्षिण बिहार के धनबाद लोकसभा क्षेत्र के छः विधानसभा क्षेत्रों में एक झरिया विधानसभा क्षेत्र आज फिर गर्म है। इस क्षेत्र से चार बार विजयश्री का प्रमाण पत्र लेकर अविभाजित बिहार के विधानसभा में बैठे थे सूर्यदेव सिंह। बलिया के एक साधारण पहलवान से देश के एक असाधारण विधायक होने वाले सूर्यदेव सिंह देश के बड़े-बड़े राजनीतिक नेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों, पदाधिकारियों, विशेषज्ञों को अपने शब्दों और आर्थिक ताकतों से वशीभूत करने की क्षमता रखते थे। वचन के पक्के थे। मिलनसार थे। जिन पर विश्वास जम गया, उनके जीवन पर्यन्त हो गए। कुछ खास और कुछ अलग गुणों के स्वामी थे सूर्यदेव सिंह। आज उन गुणों की घोर किल्लत है सिंह मैन्सन में भी और झरिया विधानसभा क्षेत्र में भी।

इसका ज्वलंत दृष्टांत है विगत दस वर्षों में आये तूफान और उस तूफान के कारण सूर्यदेव सिंह की बहू रागिनी सिंह और भाई राजन सिंह की बहू पूर्णिमा सिंह का। झरिया विधानसभा चुनाव में आमने-सामने होना। यह दूसरी बार है जब झरिया विधानसभा क्षेत्र में सत्ता पर कब्जा करने के लिए सिंह परिवार की दो बहुएं आमने सामने हैं। आज झरिया का काला पत्थर भी भयभीत है, कहीं सत्ता पर बर्चस्व जमाने में उसके अपने रंग पर भी आंच न आ जाए। एक समय था जब सूर्यदेव सिंह से बात करने सिंह मेंशन जाते थे तो महिलाएं सामने वाले बैठकी में नहीं आती थी। प्रवेश वर्जित नहीं था, परन्तु सम्मान के कारण महिलाएं कक्ष में नहीं आती थी। आज समय बदल गया है। आज मुंबई सिनेमा उग्योग के साहूकार भी कलम खोले धनबाद कोयलांचल पर आधुनिक दृष्टि से कहानियां गढ़ रहे हैं। आखिर पैसे का सवाल है, नाम का सवाल है, शोहरत का सवाल है। इसे कहते हैं समय। उस दिन जमीन पर चतुर्दिक फैला कोयला भी धीरे-धीरे अपने शीत को समाप्त कर तप रहा था। अक्टूबर महीना का अंत हो गया था और कैलेण्डर पर नवम्बर महीने का पन्ना लटक गया था।







### सूर्यदेव सिंह की बातें गलत सिद्ध होती दिख रही हैं

आज सूर्यदेव सिंह की बातें झरिया में गलत सिद्ध होती दिख रही है। वह कहते थे कि उनके सभी भाइयों में आपसी तालमेल, संबंध खून से भी अधिक गहरा था और जीवन पर्यन्त गहरा रहेगा। अपने राजनितिक जीवन काल में घर-परिवार, गांव, मोहल्ला, कस्बा, अंचल की महिलाओं को राजनीति से मीलों दूर रखने वाले सूर्यदेव सिंह ने जैसे ही अंतिम सांस ली, गांव-परिवार के लोग झरिया पर कब्जा करने, सत्ता जमाने के क्रम में एक दूसरे से न केवल अलग हो गए, बल्कि एक दूसरे के खून के प्यासे भी हो गए। कुछ प्यास भी बुझाई। दोस्ती, मित्रता, विश्वास, अपनापन मीलों दूर चला गया। सूर्यदेव सिंह की मृत्यु के बाद, विगत तीन दशकों में उनके ऐतिहासिक सिंह मेंशन की एकीकृत शक्ति का सहस्त्र खंड होना, भाई-भाई का दुश्मन होना, दुश्मनी से झरिया का लहू-लहान होना, परिवार में पुरुषों की संख्या का उत्तरोत्तर कम होते जाना, झरिया विधानसभा क्षेत्र के साथ अपने अस्तित्व को कायम रखने के लिए परिवार की महिलाओं का राजनीतिक कुरुक्षेत्र में उतरना, उनकी बहुओं द्वारा सत्ता में वर्चस्व बनाने के लिए चाणक्य की नीतियों को व्यावहारिक रूप देना, आज एक गहन शोध का विषय हो गया है। बातों और तथ्यों को जब एक साथ देखता हूं तो सूर्यदेव सिंह का अपने परिवार, परिवार के लोगों पर उनका विश्वास खंडित दिखता है।

### शायद इसी को परिवर्तन कहते हैं

झरिया में सूर्यदेव सिंह के दफ्तर के बाहर कंधे पर आधुनिक बन्दूक और कमर में गोलियों का डरकश से सज्ज चौकन्ना सुरक्षाकर्मी और पहलवान जैसा व्यक्ति मुझे देखकर मुस्कुराये। उनकी हंसी में अनुशासन भी था और प्रशासन भी। मैं भी मुस्कुराकर अभिवादन किया ।अपने सहयोगियों से घीरे सूर्यदेव सिंह सामने की कुर्सी पर बैठे थे। वही शारीरिक भाषा। वही तेवर। चेहरे पर वही चमक। बाएं हाथ की कलाई पर चमकती घड़ी। सफेद धोती, कुर्ता पहने धनबाद के सैकड़ों-हजारों कोयला मजदूरों के मसीहा बैठे थे। अपने दाहिने हाथ की पहली और बूढ़ी उँगलियों को एक साथ सटाते, जैसे हम सभी एक चुटकी का संकेत देते हैं, दिखाते मुझे बैठने का इशारा किया। आज समय और सोच में इतना बदलाव है कि झरिया कुरु क्षेत्र के चुनाव मैदान में खड़ी महिला अभ्यर्थी द्वय फोन और संवाद का भी जवाब नहीं देती। शायद इसी को परिवर्तन कहते हैं।

मौसम में चुनावी हवा तो चल ही रही थी, प्राकृतिक हवा में भी बदला-बदला था। पुरुषों की मानसिक दशा में बदलाव नहीं हुआ था। भाई-भाई दुश्मन नहीं बने थे। गोलियों की बौछार नहीं होती थी। सबों के चेहरों पर मुस्कान था झ प्रेम का, सम्मान का, आदर का। उन दिनों मैं कलकत्ता से प्रकाशित दी टेलीग्राफअखबार के लिए कार्य करता था। दफ्तर से नित्य फोन की घंटी बजती थी यह पूछने के लिए कि आज क्या-क्या कहानी है? अगर कोयलांचल और धनबाद में उन दिनों सूर्यदेव सिंह और उनके भाइयों की तूती बोलती थी, तो कलकत्ता से प्रकाशित दी टेलीग्राफ अखबार के शब्दों का सम्मान भी अपने उत्कर्ष पर था। अगर सूर्यदेव सिंह से लोग डरते थे, तो उस अखबार के शब्दों से। बड़े-बड़े सूरमाओं की हेंकड़ी समाप्त हो जाती थी, चाहे कोयला माफिया हों, पुलिस अधिकारी हों, प्रशासन के लोग हों या कॉल इण्डिया के पदाधिकारी, दलाल हों। धनबाद जैसे शहर में मेरा निजी तौर पर कोई वजूद नहीं था। समाचार ढूंढने के क्रम में पैदल चल-चलकर दर्जनों चप्पल सड़क के किनारे फेंका था। हीरापुर स्थित धनबाद बुक डिपो में श्री गौतम की दूकान से दर्जनों कलम खरीदता था ताकि लिखते समय कलम बंद न हो जाय। उन दिनों कंप्यूटर महाशय का आगमन हुआ तो था, लेकिन हम जैसे पत्रकारों की पहुँच उन तक नहीं हुयी थी। कलम, कागज, टाइपराइटर, टेलीप्रिंटर, टेलेक्स यही साधन थे समाचार भेजने के लिए या फिर ट्रंक कॉल। अखबार के पन्नों पर प्रकाशित समाचार के साथ मेरा नाम ही मेरा वजूद था, मेरी पहचान थी। और यही कारण था कि तत्कालीन समय में कोयलांचल के पर्यायवाची, जिनके पीठ पर लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं के साथ-साथ तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का भी हाथ था, मुझे बहुत सम्मान करते थे क्योंकि दी टेलीग्राफ अखबार में सच प्रकाशित होता था।

## धनबाद की सभी छह सीट पर रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे : ढुल्लू महतो

दस को चन्दनकियारी आ सकते हैं पीएम नरेंद्र मोदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने रविवार को धनबाद विधानसभा पार्टी कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी में प्रेस वार्ता कर बताया कि धनबाद के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा 10 वर्षों से अपने क्षेत्र की जनता के लिए सुख दुख में खड़े रहे हैं। उनको धनबाद का एक- एक व्यक्ति जानता है। राज सिन्हा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। सांसद ढुल्लू महतो ने धनबाद की जनता से अपील की और कहा कि धनबाद की देव तुल्य जनता धनबाद के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा को सभी का आशीर्वाद मिले और रिकॉर्ड मतों से विजयी हो। कहा कि फूल बहुमत की सरकार झारखंड में बनने जा रहा है इसमें कोई संशय नहीं है। जनता ने जेएमएम और कांग्रेस के कार्यकाल को देखा है सिर्फ और सिर्फ भय, दहशत, अपराध को गठबंधन ने बढ़ावा दिया है। वही कहा कि अभीतक के तय कार्यक्रम के अनुसार दस नवंबर को चंदनक्यारी में पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके अलावे जेपी नड्डा, योगी, शाह के भी धनबाद में कार्यक्रम संभावित हैं।



#### कांग्रेस ने किसे प्रत्याशी बनाया है हम जानते नहीं

कांग्रेस प्रत्याशी पर तंज कसते हुए सांसद ने कहा कि उन्हें आज तक हम नहीं जानते है। कहा कि भाजपा प्रत्याशी के सामने कांग्रेस को प्रत्याशी ही नहीं मिल पा रहा था।अब पता नहीं कांग्रेस ने किसे अपना उम्मीदवार बनाया है, उनका नाम नहीं जानता हूं। उन्होंने कहा कि धनबाद की सभी छह विधानसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा टुंडी और सिंदरी में भी मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा रघुवर दास की बहू चंपाई सोरेन के पुत्र और मेरे बड़े भाई को भाजपा से टिकट दिया जाना कोई परिवारवाद की परिपाटी नहीं है। उनके भाई शत्रुघ्न महतो ने 20 साल भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में बाघमारा की जनता का सेवा की। उसी के फलस्वरूप उन्हें पार्टी ने टिकट देकर बाघमारा से प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस जेएमएम द्वारा लगातार केंद्र पर 1 लाख 36 हजार करोड़ का बकाया राशि रिलीज नहीं करने के आरोपों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि हाल ही में नितिन गडकरी का यह बयान भी आ चुका है कि झारखण्ड की सरकार विकास के कार्यों पर ध्यान दे, केंद्र पैसा देने के लिए बैठा है। मगर हेमंत सरकार को विकास कार्यों से कोई लेना देना नहीं। मंइया सम्मान योजना जल्द बाजी में लाया गया ताकि चुनाव में जनता को गुमहराह किया जा सके।

### कोलकर्मी का निधन पुत्र को मिला नियोजन

**पुटकी।** भागाबांध कोलियरी में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत अमरेश कुमार सिंह का निधन रविवार को सेंट्रल अस्पताल में हो गया । बायोमीट्रिक हाजिरी बनाने के क्रम में कर्मी वहां गिर गए। सहकर्मी उन्हें सेंट्रल अस्पताल ले गए, जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। रविवार को कर्मी की पत्नी रेखा देवी नेप्रबंधक के समक्ष आश्रित नियोजन के लिए छोटे पुत्र गौरव सिंह का नाम प्रस्तावित किया। प्रबंधन एवं यूनियन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सहमति बन गई। उसके पुत्र को प्रोविजनल नियोजन पत्र सौंप दिया गया। पीओ आर के शर्मा, मैनेजर जेके सिंह, भरत मल्लिक के अलावा यूनियन प्रतिनिधियों में नगीना राय, संजीव कुमार दास, दिलीप कुमार मोदक, रामविलास राम, निरंजन महतो, जितेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

एक नजर में

### बाघमारा के गांवों में चलाया गया पुरुष नसबंदी जागरुकता अभियान



**महुदा ।** जिला स्वास्थ्य समिति धनबाद के तत्वाध्वान में जन कल्याण विकास केंद्र द्वारा पुरुष नसबंदी जागरुकता अभियान के तहत बाघमारा प्रखंड के महुदा बस्ती , छत्रुटांड, कुमारडीह, बेलाखोन्दा के गांवों में नुक्कड़ नाटक किया गया । कार्यक्रम का संचालन केंद्र के सचिव दुखू महतो ने किया। नाटक का विषय था हम दो हमारे दो। छोटा परिवार सुखी परिवार। दुखु महतो ने कहा कि हमारी संस्था पिछले कई सालों से सरकार द्वारा चलाए जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न पंचायतों में नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत, आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में गयाराम राय, बबलू रजक, मोहन मोदक, भोला राय, पिंकी, ठंडी, सावित्री, सीमा आदि कलाकारों का योगदान रहा।

### माटीगढ़ में गोवर्धन पूजा संपन्न, कई जनप्रतिनिधि हुए शामिल



**कतरास।** माटीगढ़ स्थित गोवर्धन पर्वत पर दो दिवसीय गोवर्धन पूजा का समापन रविवार की शाम हो गया। टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व विधायक जलेश्वर महतो पूजा में शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि माटीगढ़ की धरती पर एक पहाड़ को चिन्हित कर इसका नामकरण गोवर्धन पर्वत करना और भगवान श्री कृष्ण का मंदिर स्थापित किया जाना प्रशंसनीय कार्य है। कमिटी के लोग प्रशंसा के काबिल हैं। जिप सदस्य प्रतिनिधि राजेश राम, तारकेश्वर यादव, योगेंद्र यादव, कारू यादव, रोहित यादव, आयोजन समिति में 20 सूत्री अध्यक्ष लग्नदेव यादव, इंदल यादव, बैजनाथ यादव, राज कुमार यादव, गोपाल गोप, मनोज यादव, मैनेजर यादव, राजू यादव, सुशील यादव, लक्ष्मण यादव मौजूद थे। दोपहर मे 24 घंटे के अखंड कीर्तन की पूर्णाहुति के साथ भंडारा का आयोजन किया गया।

## मेरा सपना है गिरिडीह शिक्षा का हब बने : सुदिव्य कुमार

गिरिडीह। गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के वार्ड नंबर 06 शक्तिनगर कृष्णानगर में रविवार को गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि जन प्रतिनिधि का काम बोलना चाहिए।उनका सपना है गिरिडीह शिक्षा का हब बने । उन्होंने कहा कि सर जेसी बोस विश्वविद्यालय गिरिडीह, इंजीनियरिंग कॉलेज गिरिडीह, गिरिडीह पचम्बा फोरलेन रोड का निर्माण, गिरिडीह सोलर सीटी, बायपास रिंग रोड निर्माण, पीरटांड वृहत सिंचाई योजना, सीएम एक्सीलेंस स्कूल आदि कार्यों से गिरिडीह के विकास की बुनियाद उन्होंने रखी है। उन्होंने कहा यह चुनाव 5 साल बनाम 10 साल का है । फैसला जनता को करना है। कार्यक्रम में झामुमो नेता अजीत कुमार पप्पु, शाहनवाज अंसारी, शोभा यादव, कृष्ण मुरारी शर्मा, दारा हाजरा, रॉकी सिंह, समीर चौधरी, निरंजन राय, जोगेश्वर महथा ,रामेश्वर यादव, ईजी. सरयू महथा, प्रोफेसर धनेश्वर रजक, रामदेव विश्वबंधु, राधे यादव , कुलदीप सिंह, सुबोध राय, पंकज यादव, संजय यादव मौजूद थे।

## निगम ने युद्ध स्तर पर शुरू की तालाबों की सफाई

लोक आस्था का महापर्व छठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोक आस्था का महापर्व नहाय खाय के साथ 5 नवंबर से शुरू हो जाएगा। चार दिनों तक चलने वाले इस महा अनुष्ठान को लेकर जहा व्रती तैयारी में जुट गई हैं, वहीं शहर के मौजूदा तालाबों की सफाई भी शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में रविवार को नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने खोखन तालाब, पंपू तालाब, मनईटांड़ तालाब, बरमसिया, राजेंद्र सरोवरआदि तालाबों का निरीक्षण किया। साफ सफाई जहां कमियां देखी और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान तालाब में कुछ लोग कचरा डालते नजर आए, उन्हें कड़ी फटकार लगाई। नगर आयुक्त ने बताया कि दीपावली के पहले भी सफाई कराई गई थी। दूसरी बार युद्ध स्तर पर सफाई करा रहे हैं। पूजा के दिन तालाब को साफ करने के लिए एलम, चूना और ब्लीचिंग भी डाला जाएगा। तालाब के खतरे वाले स्थान की बेरिकेडिंग की जाएगी, ताकि जान माल का नुकसान न हो।



### चुनाव ऑबजर्वर ने बाघमारा के कई बूथों का किया निरीक्षण

**कतरास।** बाघमारा बिधान सभा चुनाव को लेकर ऑबजर्वर ने रविवार को बाघमारा क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण किया। राजकीय मध्य विद्यालय बेहराकुदर, हरिणा चेकनाका, राहुल चौक चेकनाका काको चेकनाका का निरीक्षण कर उपस्थित कर्मी की कैसे जांच की जाती है, उसके बारे में पूछताछ की। कतरास डीएवी स्थित बूथों का निरीक्षण कर बी डी ओ लक्ष्मण यादव को कई निर्देश दिए। कहा कि चुनाव के समय पूरी चौकसी बरती जाये। मौके पर रघुवंश भारती बी एल ओ सुपाइजर भगीरथ सिंह, मुमताज अंसारी, बिनोद महतो, जमुना रवानी आदि मौजूद थे।

## टुंडी में महतो समाज के तीन प्रत्याशी, झामुमो को मिलेगी टक्कर

### भाजपा के विकास और जेएलकेएम के मोतीलाल देंगे मथुरा को चुनौती







राम मूर्ति पाठक

**धनबाद।** इस बार टुंडी विधानसभा क्षेत्र पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। टुंडी में तीनों महतो कम्युनिटी से हैं और दो युवा और एक तीन बार के विधायक के बीच कांटे की टक्कर होने वाली है। टुंडी से भाजपा के विकास महतो तोपचांची से जिला परिषद के सदस्य भी हैं, जबकि जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम से मोती लाल महतो उम्मीदवार हैं। अब देखना यह है कि दोनों युवा प्रत्याशी कैसे लोगों को रिझाने में कामयाब होते हैं।मथुरा महतो जेएमएम के प्रत्याशी है, जो तीन बार के विधायक रह चुके हैं। उनके द्वारा किये गए विकास कार्य को देख कर ही मतदाता उनके पक्ष में मतदान करेंगे।

#### मोतीलाल महतो जयराम के है खासमखास

जेएलकेएम से मोती लाल महतो को टिकट मिला है। वह जयराम महतो के खासमखास हैं ओर काफी तेज तर्रार हैं। इग्नू से पोस्ट ग्रेजुएट भी हैं। जैसे जयराम महतो ने सामाजिक और भाषाई मुद्दों पर जोर दिया, वैसे ही उन्होंने भी इन आंदोलनों को नई दिशा दी। अब देखना यह है, कि ये युवाओं को कितना रिझा पाते हैं।

#### विकास क्या कर पायेंगे टुंडी में विकास

भाजपा प्रत्याशी विकास महतो का टुंडी श्रेत्र थोड़ा टफ हो सकता है, क्योंकि टुंडी की जनता यह नाम पहली बार सुनेगी। विकास महतो तोपचाची श्रेत्र में अपना काम कर रहे थे। टुंडी से उनका कोई सरोकार नहीं रहा। अब देखना यह है कि टुंडी की जनता को यह कैसे अपने पक्ष में कर सकते हैं।

### परिवर्तन संकल्प सभा में दर्जनों युवाओं ने थामा भाजपा का दामन



**कतरास।** हरिणा में रविवार की शाम संपन्न परिवर्तन संकल्प सभा के दौरान विभिन्न दलों के दर्जनों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा संगठन के विचारों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने की बात कही। सांसद ढुलू महतो, बाघमारा से भाजपा के विधायक प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो समेत संगठन के कई पदाधिकारियों ने युवाओं को सदस्यता ग्रहण कराई।

# चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपया कर सकते हैं खर्च

**व्यय प्रेक्षक ने कहा 10 हजार रुपए से अधिक का खर्च बैंक के माध्यम से ही करना होगा**

- नियम का उल्लघंन करने पर चुनाव आयोग करेगा कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के मनमाने खर्च पर चुनाव आयोग ने रोक लगा दी है। सभी प्रत्याशियों के खर्च की लिमिट तय कर दी गई है। रविवार को व्यय प्रेक्षक आर.ए. ध्यानी तथा कुमार आदित्य ने समाहरणालय में सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक की। प्रेक्षकों ने बताया कि चुनाव आयोग ने प्रत्येक प्रत्याशी के लिएचुनाव में खर्च करने की अधितम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित की है। प्रत्याशियों को चुनाव में खर्च करने के लिए उनके नाम से एक अलग नया बैंक अकाउंट खोलना अनिवार्य है। 10 हजार रुपये से अधिक का खर्च बैंक के माध्यम से ही करना है। हर खर्च को रसीद और वाउचर नंबर के साथ व्यय पंजी में दर्ज करना है, जिसमें नॉमिनेशन से लेकर चुनाव का परिणाम घोषित होने तक के खर्च का पूरा ब्योरा दर्ज होगा। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर, 12 नवंबर एवं 17 नवंबर को व्यय पंजी का निरीक्षण कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर निर्वाची पदाधिकारी, प्रत्याशी के खिलाफ नोटिस जारी करेगा। चुनाव आयोग प्रत्याशी पर कार्रवाई भी कर सकता है। विधानसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अंदर सभी प्रत्याशियों को फाइनल अकाउंट देना होगा।

### व्यय प्रेक्षकों ने दिये कई दिशा-निर्देश

व्यय प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों को चुनाव में उपयोग किए जाने वाले वाहनों की संख्या, उसकी अनुमति लेने की प्रक्रिया, होर्डिंग, फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर, पंपलेट की प्रिंटिंग, पब्लिक मीटिंग, रैली, नुक्कड़ सभा, स्टार कैंपेनर, सोशल मीडिया पर किए गए प्रचार का खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी, वरीय प्रभारी व्यय लेखा कोषांग सह उपायुक्त अनुवेषण ब्यूरो गालिब अंसारी, व्यय लेखा कोषांग के नोडल सह राज्य कर सहायक आयुक्त ध्रुव नारायण राय सहित विभिन्न प्रत्याशी, प्रत्याशियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे ने चलाया जनसंपर्क अभियान, मांगा आशीर्वाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने भी प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने रविवार को तेलीपाड़ा कॉलोनी, देवीपाड़ा कॉलोनी, जेसी मल्लिक रोड, दामोदरपुर, सबलपुर, सिटी सेंटर के सामने, बरटांड एवं हाउसिंग कॉलोनी में जनसंपर्क कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान वह हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित चित्रगुप्त पूजा में सम्मिलित हुए, पूजा कमेटी के सदस्यों ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। श्री दुबे ने कहा कि जनता का अपार समर्थन व आशीर्वाद मिलने से अभिभूत हूं। धनबाद विधानसभा की सर्वांगीण विकास के साथा बेहतर धनबाद बनाने की पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में बीजेपी ने धनबाद को छलने का काम किया है, इसका कार्य शून्य रहा है। ऐसे लोगों से इस बार बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश महंगाई,बेरोजगारी और आर्थिक संकटों से जूझ रही है, बीजेपी के गलत नीतियों के कारण युवा बेरोजगारों में बढ़ोतरी हुई है, लोग भाजपा के क्रियाकलाप से आक्रोशित एवं हतोत्साहित हैं। इंडिया गठबंधन के प्रति लोगों का विश्वास जगा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की वर्तमान झारखंड सरकार राज्य में बेहतरी एवं खुशहाली के लिए कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कर रही है। मंईया सम्मान योजना,अबुआ आवास योजना सहित अनगिनत योजनाएं लागू कर लोगों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही हैं। राज्य में लोग झारखंड सरकार के कार्यों से प्रभावित हैं और निश्चित रूप से धनबाद विधानसभा में इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी। मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह,मदन महतो, मनोज यादव, बीके सिंह,रवि रंजन सिंह, योगेंद्र सिंह योगी, नवनीत नीरज, महेंद्र दुबे,कुमार गौरव आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सामान्य प्रेक्षक मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**धनबाद।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक हर्षित पी गोसावी ने रविवार को विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा किया। उन्होंने महिला बूथ, पीडब्लू बूथ, वेलरनेबल बूथ के साथ एसएसटी का निरीक्षण किया। इन मतदान केन्द्रों से सम्बंधित मतदाताओं की कुल संख्या, महिला मतदाताओं की कुल संख्या,पीडब्लू मतदाताओं की कुल संख्या, 85+ मतदाताओं की संख्या एवं होम वोटरों की संख्या के सन्दर्भ में सम्बंधित बूथों के बीएलओ से जानकारी ली। उन्होंने पेयजल, शौचालय एवं बिजली की स्थिति के सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश दिये, साथ ही उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाघमारा को मतदान केन्द्रों एवं उसके आस-पास सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### अजय दुबे ने जगत महतो से भेंट कर ली स्वास्थ्य की जानकारी



- हरेंद्र सिंह से मुलाकात कर की चुनाव पर चर्चा

**धनबाद।** रविवार को धनबाद विधानसभा के इंडिया महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने सोमवार को अशर्फी अस्पताल में झारखंड आंदोलनकारी,तेली समाज के संरक्षक जगत महतो से मुलाकात कर उनका स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली, तत्पश्चात अशर्फी हॉस्पिटल के संचालक हरेंद्र सिंह से मुलाकात कर चुनाव की चर्चा किया। मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, मदन महतो, मनोज यादव, सुधांशु शेखर झा, गोपाल कृष्णा चौधरी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### भायेर कपाले दिलाम फोंटा... गीत गा बहनों ने भाई को लगाया टीका



**सिजुआ।** कतरास-बाघमारा कोयलांचल में बंगाली समुदाय में भाई-बहन के पावन संबंध व स्नेह का प्रतीक पर्व भाई फोंटा रविवार को मनाया गया। भायेर कपाले दिलाम फोंटा. . . गीत गाकर बहनों ने भाई के ललाट पर तिलक लगाकर उनके आरोग्य एवं लंबी उम्र की कामना की।

### जोड़ापोखर पुलिस को नहीं मिल रहा युवक की हत्या का सुराग

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना के पीछे सुंदरनगर निवासी 26 वर्षीय असंगठित मजदूर पिंटू राय के हत्या प्रकरण में जोड़ापोखर पुलिस ने कांड संख्या 155/24 के तहत अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया है। घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस हत्यारे तक नही पहुँच पाई है। हालांकि पुलिस चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना स्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर अवैध शराब विक्रेता छोटू व अरुण से पूछताछ कर रही है। मृतक के दोस्त राजू बाउरी व बिजय बाउरी परले से पुलिस की हिरासत में है। पुलिस ने आसपड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला परंतु कोई सुराग नही मिल पाया है। हालांकि पुलिस जेलगोड़ा में विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रही है। ज्ञात हो कि शुक्रवार की देर रात पिंटू राय की हत्या कर दी गई थी।

# इंटरस्टेट चेक नाका व बूथों का निरीक्षण

**सिंदरी के सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सिंदरी विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक ने रविवार को बलियापुर प्रखण्ड अंतर्गत इंटर स्टेट क्रिटीकल बूथ का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने कालीपुर घाट चेकनाका पर मौजूद दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सख्ती से चेकिंग करने का निदेश दिया। कालीपुर स्थित मतदान केन्द्र उ म विद्यालय कालीपुर का निरीक्षण कर मतदान केन्द्र में उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी, शौचालय रैम्प आदि की जानकारी ली। उपस्थित बीएलओ से मतदाताओं की संख्या, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या, 85+ मतदाताओं की संख्या, वीआइएस वितरण के बारे में पूछा गया। बीएलओ को मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची वितरण करने, मतदान की तिथि एवं दिवस से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके बाद सामान्य प्रेक्षक ने सिंदरी के प्रत्याशियों के साथ बैठकर कर चुनाव आयोग के नियम एवं दिशा निर्देश से अवगत कराया। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक ने बाजार समिति स्थित स्ट्रांग रूम का विजिट कर सीसीटीवी मॉनिटर पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा में तैनात जवानो को आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान अपर समाहर्ता विनोद कुमार, राज्य कर पदाधिकारी पंकज कुमार वर्मा, पंचायत सचिव, निर्वाचन प्रभारी साथ थे।

# घर में मतदाता पर्ची पहुंचाने को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में बैठक

**बैठक में 162 बीएलओ व 16 बीएलओ पर्यवेक्षक मौजूद थे**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर रविवार को एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय सभागार में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों की बैठक हुई। अध्यक्षता चुनाव कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा ने की। बैठक में 162 बीएलओ व 16 बीएलओ पर्यवेक्षक मौजूद थे। नोडल पदाधिकारी झा ने कहा कि सभी बूथों के बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र के हर घर में जाकर मतदाता सूचना पर्ची घर के मुखिया को सौंपें। मतदाता रजिस्टर पर पर्ची प्राप्त करने वाले का हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान जरूर हासिल करें। पर्ची का वितरण थोक में किसी भी परिस्थिति में नहीं करें। उन्होंने बीएलओ पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि मतदाता सूचना पर्ची का वितरण अपनी निगरानी में कराएं और उसकी रिपोर्ट प्रखंड कार्यालय में प्रस्तुत करें। बैठक में निर्वाचन कोषांग में प्रतिनियुक्त शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, प्रमोद कुमार झा, कन्हैया सिंह, अरुण कुमार सिंह, समीर कुमार दास, छत्रपति शाही किस्कु, अमित तिवारी, कालीचरण कुमार, राजीव गोप, चंदन मिश्रा, धीरेंद्र नाथ तिवारी, संजय मंडल, पवन कर्ण, पंकज कुमार, माधव चंद्र सूत्रधर, सिमरन नाग, मंसूर रहमान, रेखा बाउरी, सावित्री बाउरी, ममता झा सहित अन्य बीएलओ उपस्थित थे।

## एक नजर में

### प्रत्याशियों की मौजूदगी में कंट्रोल, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट का दूसरा रेंडमाइजेशन



**धनबाद।** समाहरणालय सभागार में रविवार को सभी छः विधानसभा सीटों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, एवं सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों की उपस्थिति में कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट का दूसरा रेंडमाइजेशन कर बूथवार निर्धारित कर दिया गया। इसकी प्रति आब्जर्वर, राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है। यही ईवीएम, वीवीपैट मतदान के दिन बूथों पर जाएगी। मतदान के दिन आवंटित नंबर की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट ही बूथ पर उपलब्ध रहेगी, उसी से मतदान होगा।

### भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल प्रणव का जमुआ में स्वागत



**जमुआ (गिरिडीह)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा झामुमो में शामिल होने के बाद रविवार को पहली बार जमुआ स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे। वहां बड़ी संख्या में उपस्थित गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनका भभ्य स्वागत किया। मौके पर प्रणव वर्मा ने कहा कि किसी से उनकी कोई शिकायत नहीं है। मेरा एक ही लक्ष्य जनता की सेवा करना है। लंबे समय तक भाजपा में रहकर जनता की सेवा व क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने को वे प्रयासरत रहे लेकिन भाजपा में डिक्टेटर सीप हावी है जिस कारण आम लोगों की वहां पूछ नहीं है। कहा कि अब झामुमो में रहकर जनता की सेवा व क्षेत्र का बेहतर विकास किया जाएगा। कहा कि राज्य की जनता का सर्वांगीण विकास का विजन झामुमो के पास है और झमुमो सुप्रीमो इसके लिए कड़ी मेहनत भी कर रहे हैं। कहा कि आने वाले समय मे झारखंड में पुनः बहुमत के साथ झामुमो कि सरकार बनने जा रही है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष चीना खान, मुस्लिम अंसारी, ओमप्रकाश महतो, रंजीत राम, राजू यादव,, नवडीहा मंडल महामंत्री प्रदीप यादव, राकेश यादव , ,रामानंद सिंह, शायमदेव हाजरा, मंजूर अंसारी, मो. जाहिद,पूर्व मुखिया महेंद्र यादव, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुमित्रा रजक,पंसस सोनिया हेम्ब्रम, आजाद साव, शंभु हाजरा, रईस कौसर, देवंती भारती, हनीफ अंसारी, मंजूर अंसारी, जुल्फिकार अली, लियाकत अंसारी, खुशबू खातून, रजिया प्रवीण, प्रियंका वर्मा, जलाल अंसारी, विजय वर्मा, शब्बीर आदि मौजूद थे।

### बाघमारा बूथ सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न को जिताने का लिया संकल्प



**कतरास।** रविवार को मुराईडीह स्थित सावित्री पैलेस में भाजपा का प्रशिक्षण सह बूथ सम्मेलन हुआ। भाजपा के प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो ने कहा कि कार्यकताओं के जोश और उत्साह को देखकर मैं आश्वस्त हूं कि भ्रष्टाचार में लिप्त महाठगबंधन की सरकार के दिन अब गिनती के बचे हैं। राज्य में भाजपा की मजबूत सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि हम अपने कार्यकताओं के साथ मिलकर विकास और पारदर्शिता को आगे बढ़ाएंगे। चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। आगामी 20 नवंबर को मतदान की तारीख है और हम सभी मिलकर इस चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। सांसद ढुलू महतो ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी की मेहनत और संकल्प से हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारी पार्टी की विजय केवल एक सपना नहीं, बल्कि वास्तविकता बने। आपके कार्यों में जोश और दृढ़ता ही हमें सफलता दिलाएगी। बाघमारा विधानसभा चुनाव प्रभारी कुण्टू, प्रवासी प्रभारी उमेश प्रधान, दयाल कुमार साहा, जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह मौजूद थे।

# जमुआ में 1038 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार




- बिहार में खपाने के लिए विवाह भवन में रखी गई थी शराब

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात थाना क्षेत्र के द्वारपहरी स्थित मकोरिया से कैलाश प्रसाद साव के विवाह भवन में छापेमारी कर 86 कार्टून में रखी 1038 बोतल शराब बरामद की।मौके पर से धंधेबाज कैलाश प्रसाद साव को भी दबोच लिया गया, जबकि उसका दामाद भाग निकला। जमुआ पुलिस ने प्रेस वार्ता में कहा कि एसपी को सूचना मिली कि द्वारपहरी के मकोरिया में कैलाश साव और उसका दामाद डब्लु साव विवाह भवन में शराब रखे हुए है, जिसे गाड़ी में लोड कर बिहार भेजने की तैयारी की जा रही है। एसपी के निर्देश पर खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने एफएसटी के साथ छापेमारी कर 999 ब्रांड व्हिस्की की1038 बोतल शराब बारमद की। धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस कांड संख्या 218/24 के तहत मामला दर्ज कर धंधे में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश कर रही है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक रोहित महतो, जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, धनवार थाना प्रभारी सत्येंद्र पाल, हीरोडीह थाना प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल समेत कई अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे।

# जनसंपर्क के दौरान लोगों ने कहा, हर सुख-दुख में राज का मिलता है साथ

खबर मन्त्र संवाददाता



### चित्रगुप्त पूजा में हुए शामिल

जनसंपर्क के दौरान चित्रगुप्त पूजा में शामिल होकर भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद लिया। माडा क्लब, जगजीवन नगर, हाउसिंग कॉलोनी, बिनोद नगर, बाबुडीह, भुवनेश्वर यादव कॉलेज, कुसुम विहार, पुराना स्टेशन में आयोजित चित्रगुप्त पूजा में शामिल हुए जहां लोगों ने उनका स्वागत किया और भारी मतों से विजयी होने की शुभकामना दी।

**धनबाद।** धनबाद विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा को चुनावी दौरा में लोगों का समर्थन मिल रहा है। रविवार को विभिन्न जगहों पर राज सिन्हा ने चुनावी दौरा किया, जहां लोगों ने अपना समर्थन दिया और कहा कि हर सुख दुख में खड़े रहते है। ऐसा ही जनप्रतिनिधि धनबाद को चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक एवं प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट केशव हरोड़िया के आवास पर संघ के साथियों के साथ सुबह की चाय पर चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। उसके बाद धनबाद जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयंका से मुलाकात की। उन्होंने राज सिन्हा को मिठाई खिलाकर रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजय प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यतागत मूल्यों को बनाए रखने के आदर्श को बढ़ावा देना वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बिरसा मुंडा व्यवसायिक शाखा में सम्मिलित हुए। वही ध्वज प्रणाम कर प्रार्थना में भाग लिया। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चहलकदमी के दौरान मॉर्निंग वॉकर्स से मुलाकात की वही मॉर्निंग वाकरों ने शुभकामनाएं दीं। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड द्वारा राँची के खेल गाँव में आयोजित 14 झारखण्ड स्टेट रोलर स्केटिंग एंड स्केटबोर्डिंग कंपीटीशन में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साह वर्धन किया। राज सिन्हा ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने बाजार समिति स्थित स्ट्रॉन्ग रूम व कृषि उत्पादन केंद्र, बाजार समिति में स्थापित डिस्पैच सेंटर और मीशनिंग रूम आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर कई विधान सभा के निवार्ची पदाधिकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, सामग्री कोषांग समेत सभी संबंधित कोषांग के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रॉन्ग रूम तथा डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच कर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मियों की कार्य प्रणाली व कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम तथा सामग्री कोषांग का निरीक्षण कर विधानसभा चुनाव 2024 के लिए की जाने वाली तैयारी का जायजा लिया। प्रभारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। सभी को जिम्मेवारी सौंपी गई तथा चुनाव कार्यों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी शेष तैयारियों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### मेला कमेटी की बहस में मामूली बात पर युवक का सिर फोड़ा, प्राथमिकी दर्ज



**मैथन।** एग्यारकुण्ड मेला मैदान स्थित गोवर्धन स्थल पर शनिवार को देर शाम गोवर्धन पूजा के दौरान मामूली बात पर प्रेम राउत, चाचा दिनेश राउत एवं भाई-भतीजा ने मनोज यादव की जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसका सर फट गया। एग्यारकुण्ड मुण्डाधौड़ा निवासी मनोज यादव का आरोप है कि रड से सर पर वार किया गया। खून से लथपथ मनोज यादव गलफरबाड़ी ओपी पहुंचा और घटना की लिखित शिकायत की। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। मनोज यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा में वह और एग्यारकुण्ड नकड़ाकनाली निवासी गणेश राउत का पुत्र प्रेम राउत सम्मिलित था। दुर्गा पूजा व मेला कमेटी को लेकर बहस हुई। बहस बढ़ गयी और हम दोनों में हल्की मारपीट भी हुई। मौके पर उपस्थित गणमान्य ने हस्तक्षेप कर हम दोनों को शांत करा दिया। इस बीच प्रेम राउत ने भाई जीशू राउत, चाचा दिनेश राउत व दो तीन भतीजे को फोन कर बुला लिया। उन लोगों के हाथ में रड व भुजाली था। आते ही सभी ने उस पर हमला बोल दिया। प्रेम राउत ने रड से वार कर सर फोड़ दिया। इस दौरान गले से चांदी का चेन छीन ली। किसी तरह जान बचाकर वहां से भागा। मौके पर गोवर्धन पूजा कमेटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव, लालबाबू यादव सहित अन्य थे। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

स्पीड न्यूज

## बेरमो में महिलाओं ने कूटा गोधन

**बेरमो।** बेरमो मे भैया दूज पर भाईयों की लंबी उम्र के लिए बहनों ने गोधन कूटा और यम-यमुना की कथा सुनी। बाद में भाइयों को मिठाई खिलाकर लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी अपने सामर्थ्य के अनुसार, बहनों को उपहार दिए। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं ने गोबर से यम-यमुना-जीव-जंतुओं की आकृति बनाई और एकत्र होकर उसे मूसल से कूटा.मान्यता है कि इस दिन बहन यम और यमुना की पूजा-अर्चना कर गोधन कूटने से उनकी लंबी उम्र होती है और भाईयों पर आया संकट टल जाता है।

## कंजकीरो में ग्राम-सभा का आयोजन

**बेरमो।** डीवीसी, बोकारो ताप विद्युत केंद्र, बोकारो थर्मल में मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आज शनिवार को पंचायत भवन, कंजकीरो में एक ग्राम-सभा काआयोजन किया गया। परियोजना के सतर्कता अधिकारी मो. तारिक सईद ने उपस्थित लोगों का परियोजना की ओर से स्वागत संबोधन के साथ शिकायतों की सुनवाई उचित माध्यमों से करने की जानकारी दी। कपूर्री उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जय लक्ष्मी ने भ्रष्टाचार को समाज के लिए अभिशाप बताया।

## लिट्टी-चोखा पार्टी का आयोजन

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट स्थित भाजपा नगर महामंत्री टुनटुन तिवारी के आवास में शनिवार शाम को लिट्टी-चोखा पार्टी का आयोजन किया गया। यहां गणमान्य लोगो के अलावे भाजपा कार्यकर्ता ने लिट्टी-चोखा व्यंजन का लुफ्त उठाया। मौके पर भाजपा नेता बिक्रम पांडेय, युवा व्यावसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष वैभव चोरसिया, नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री रमेश स्वर्णकार, जमसं नेता विकास सिंह, धीरज पाण्डेय व राहुल कुमार, अभय विश्वकर्मा, अंजनी सिंह, राम नरेश द्विवेदी, अजय झा, बसंत पाठक, दीपक गिरि, अजय गिरि, आर एस तिवारी, भारत वर्मा, बबलू, वीरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र टुडू, नितेश सिंह, ज्योति सोरेन, देवनारायण महतो, विवेक पाठक, अंजनी सिंह, युगल किशोर पांडेय, संजय तिवारी आदि मौजूद थे।

## कई स्थानों पर चित्रांशों ने की भगवान चित्रगुप्त की आराधना

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के कई स्थानों पर रविवार को चित्रांशों ने भगवान चित्रगुप्त की आराधना की। यहां के करगली बाजार, सुभाषनगर, स्टाफ क्वार्टर ढोरी, संडेबाजार,कथारा, नवाडीह, गोमिया व तेनुघाट में पूजा-अर्चना की गई। भगवान चित्रगुप्त कलम-दवात के देवता हैं, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को उनकी पूजा श्रद्धा के साथ की जाती है। पूजा के बाद वे भगवान चित्रगुप्त के मंत्र सहित अपनी आमद और खर्च का भी उल्लेख करते हैं। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सुभाषनगर स्थित चित्रगुप्त भवन में भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई।

## घुसबैठियो का मुद्दा बनाकर लोगों को भर्मित कर रही भाजपा : प्रदीप

**हंसडीहा।** विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की तैयारियां तेज होती दिखाई दे रही हैं। रविवार को हंसडीहा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों ने श्री यादव का स्वागत अंग वस्त्र व माला पहनाकर किया। वहीं अपने संबोधन में श्री यादव ने पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं को एकजुटता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनता यह सीट कांग्रेस के झोली में डाल कर उन्हें फिर से जनता का सेवा करने का मौका देगी। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास वे किसी भी कीमत पर टूटने नहीं देंगे। दुनिया में कोई भी ऐसा स्टेट नही है, जो एक साथ पचास लाख महिला को पेंशन योजना का लाभ दे रही है लेकिन हमारी गठबंधन की सरकार ने ये कारनामा कर दिखाई।

# सुदेश ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, दिया जीत का मन्त्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** डुमरी विधानसभा फतेह हासिल करने को लेकर एनडीए खेमे के आजसू और बीजेपी के कार्यकताओं की संयुक्त रूप मंथन बैठक डुमरी के निजी होटल में आयोजन किया किया गया। जहाँऊ कार्यकताओं को जोश बढाने को लेकर खुद आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो खुद उपस्थित हुए। इस मंथन बैठक में भाजपा और आजसू कार्यकताओं ने एक सुर में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को डुमरी विधान सभा से विजयी दिलाकर विधानसभा भेजने का संकल्प लिया।

सभा को संबोधित करते हैं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि सुदेश महतो ने कहा कि इस बार किसी भी हाल में झुकना नहीं है बल्कि बड़े अंतर से जितना है इसलिए अपने अपने क्षेत्र में कार्यकर्ता गण कमर कस कर यशोदा देवी के पक्ष में वोट दिलाने का काम करे। वही पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि एनडीए का हम घटक है और युवाओं के लिए रोजगार पहला मुद्दा है भाजपा की वह भाजपा के घोषणा पत्र मैं एक रुपए में महिलाओं का जमीन रजिस्ट्री उन्होंने समर्थन किया और कहा कि हम महिलाओं को या चैक नहीं मालिक बनाना चाहते हैं वरना धर्म सरना धर्म को धर्म कोड मिले इसका भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि एक दो दिन के अंदर आजसू का भी घोषणापत्र आ जाएगा।

## स्व. शिवरूप हांसदा के परिजनों को संघर्ष मोर्चा ने 75 हजार रुपये का किया आर्थिक सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई शिकारीपाड़ा ने जिला सचिव संतोष कुमार पंडित, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रकीब एवं प्रखंड कमेटी के उपस्थिति में दिवंगत शिवरूप हासदा के परिजनों को प्रखंड इकाई ने 75 हजार का आर्थिक सहयोग किया गया।

बताते चले की शिव रूप हांसदा का पिछले 22 सितंबर को ब्रेन हेमरेज की बीमारी से आकस्मिक निधन हो गया था। आज संगठन के सभी जिला कमेटी एवं प्रखंड कमेटी के साथी शिवरूप हासदा के अंबाजोड़ा स्थित आवास में पहुंचे। दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। इसके बाद स्व हांसदा के तस्वीर पर माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दिया। बाद कमेटी के द्वारा स्व हांसदा की पत्नी निर्मला हेंब्रम को 75 हजार रुपया का आर्थिक सहयोग दिया।

मौके पर उपस्थित जिला सचिव संतोष पंडित और जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रकीब ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर सरकार से श्री हांसदा के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी एवं उनके परिवार को 20 लाख आर्थिक मुआवजा की मांग की है।

इस मौके पर से मो हसीब अंसारी, मो खलील अंसारी सोहन टुडू, तनवीर आलम, मो रफीक आलम, वकील मुर्मू, दयामय शाह, राजेश कुमार सिंह, रामसुंदर आदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थित थे।

## भाजपा का सपना इस बार भी रहेगा अधूरा

### उदासीन व गुटबाजी में फंसे कार्यकर्ता



कार्यालय बना पार्किंग यार्ड

खबर मन्त्र संवादाता

**शिकारीपाड़ा।** भाजपा शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट पर लगातार तीन बार हुई हार से सबक नहीं ले सकी है। चौथी बार भी भाजपा प्रत्याशी परितोष सोरेन पर पार्टी के आलाकमान ने भरोसा जताया है। लेकिन इस बार पिछले चुनावों के अपेक्षा हार का अंतर अधिक होगा। ऐसा विधानसभा के राजनीतिक जानकारों की राय है। राजनीतिक जानकारों की राय तब पुख्ता हो जाता है, जब विधानसभा में कार्यकत्ताओं में उदासीनता और गुटबाजी की खबर को आलाकमान पाटने में विफल साबित हो रहे है। वहीं सत्ताधारी दल के पहली बार चुनावी मैदान में भाग्य अजमा रहे प्रत्याशी सांसद नलीन सोरेन के पुत्र आलोक सोरेन के विपक्षी भाजपा पार्टी के प्रत्याशी को चौथी बार भी हारने का दम्भ पार्टी कार्यालय के उद्घाटन पर करते नजर आये। हलांकि चुनावी महौल में शिकारीपाड़ा विधानसभा के मुख्य बाजार शिकारीपाड़ा चौक का नजारा देख राजनीति उंट किस करवट बैठेगी इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जहां सत्ताधारी दल के प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह और पार्टी सुप्रीमों के नेताओं के झंडे बैनर से पटा दिखा। वहीं भाजपा के प्रत्याशी और चिन्ह का नामोनिशान नहीं दिखा। झामुमों के पार्टी कार्यालय से चंद दूरी पर काठीकुंड जाने वाले सड़क में भाजपा कार्यालय के नाम पर एक टेंट लगा पाया। लेकिन इस चुनावी महौल में भाजपा का एक भी नहीं कार्यकर्त्ता मिला और नहीं समर्थक। भाजपा प्रत्याशी सोशल मीडिया पर ही जीत के दावे और 35 साल के अभेद किले को ध्वस्त करने की दंभ भरने मात्र से जीत असंभव दिख रही है। ऐसे में स्थानीय लोगों से पूछे जाने पर भाजपा प्रत्याशी पर जीत के लिए चुनावी मैदान में खड़ा नहीं होने, बल्कि पार्टी के द्वारा चुनाव के लिए दिए गए खर्च बचाने और हार को स्वीकार कर आमदनी को लेकर व्यवसाय का पार्टी प्रत्याशी पर आरोप लगाया है। वर्तमान हालात में पार्टी के द्वारा भाजपा प्रत्याशी का शिकारीपाड़ा विधानसभा से चयन को एक चूक के रूप में देखा जा सकता है।

## गोड्डा विधानसभा चुनाव में प्रत्यासी के पक्ष में ब्राम्हण महासभा का आयोजन

**गोड्डा।** विधानसभा प्रत्याशी परिमल ठाकुर जिन्हे जे के एल एम पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है चुनाव प्रचार के मद्देनजर विद्यापति परिषद में ब्राम्हण महासभा का आयोजन कराया। जबकि विद्यापति परिषद एक गैर राजनितिक मंच है सभा के अध्यक्ष के रूप में परिषद के अध्यक्ष परमानन्द चौधरी ने मंच पर आते ही सबसे पहले इसी बात की घोषणा कर अपनी स्थिति साफ कर दीं। आयोजन कर्ता परिमल ठाकुर ब्राम्हण उम्मीदवार हैं जो जे के एल एम पार्टी की ?र से उम्मीदवार हैं। मंच का संचालन अधिवक्ता दीना नाथ झा ने की। यद्यपि ये ब्राम्हण सभा के आयोजन का उद्देश्य ही ब्राम्हणो को संगठित कर ब्राम्हण प्रत्याशी परिमल ठाकुर को मत देकर विजयी बनाना था। इसका कितना असर इस विधानसभा के चुनाव में होता है और ब्राम्हण कितने संगठित हैं ये चुनाव परिणाम आने पर ही ज्ञात होगा। गोड्डा विधानसभा में दो बार जीतने वाले अमित मंडल हैं जो पुनः इसबार बीजेपी के प्रत्याशी हैं और उन्होंने दोनों बार राजद प्रत्याशी संजय प्रसाद यादव को सीधी लड़ाई में 4500 मतो से पराजित किया था जबकि महागठबंधन का फामूर्ला नहीं था और जे एम एम का प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतरकर लगभग 20,000 मतों को अपने पक्ष में ले आते थे, ब्राम्हण उम्मीदवार भी मैदान में उतर कर 4-5 हजार वोट खींच लेते थे। इसलिए भाजपा सवर्णो सुड़ी मंडल वैश्य के वोट से विजयी हो जाते थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने किया

## विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने साहेबगंज प्रखण्ड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा प्रखण्ड साहेबगंज में अब तक किए गए चुनाव कार्यों के अद्यतन प्रतिवेदन की जानकारी लेते हुए निष्पक्ष मतदान को लेकर पदाधिकारी को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।

इसके पश्चात साहेबगंज प्रखंड अंतर्गत बूथ संख्या- 55 पंचायत भवन रामपुर सकरीगली, बूथ संख्या- 56 राजकीय प्राथमिक विद्यालय समदानाला सकरीगली, बूथ संख्या 57, 58 उत्क्रमित मध्य विद्यालय समदा सीज का निरीक्षण कर बूथों पर पेयजल की व्यवस्था, साफ- सफाई, कर्मियों के रहने की व्यवस्था, कुर्सी- टेबल इत्यादि की व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।

विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिला अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत एवं आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बूथ निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बीएलओ, सुपरवाईजर को निदेशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। मौके पर अंचलाधिकारी सोम नाथ टुडू, सेक्टर मजिस्ट्रेट, संबंधित बूथ के बीएलओ उपस्थित थे।

## एक ही नम्बर पर चल रहे दो हाइवा ट्रक के चालकों को पुलिस ने भेजा जेल

**हंसडीहा।** हंसडीहा के रास्ते बिहार जा रहे गिट्टी लदे दो हाइवा ट्रक को पुलिस ने जब्त कर दोनों ट्रक के चालकों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। इसको लेकर वरीय अधिकारी के निर्देश पर हंसडीहा थाना की गस्ती टीम को रामगढ़ मोड़ व बनियारा में चेकिंग पर लगाया गया। जिसमें एक हाईवा रामगढ़ मोड़ तथा दूसरा बनियारा के पास पकड़ाया। दोनों वाहनों को एक जगह लाने पर दोनों हाईवा में एक ही निबंधन का नंबर प्लेट लगा हुआ मिला। जबकि दोनों वाहनों में चेचिस नंबर अलग अलग अंकित है। इसके बाद चालकों से उपोरोक्त वाहनों के साथ गिट्टी के बारे में पूछताछ किया गया तो चालकों द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके साथ ही उक्त मामलें में सहायक अवर निरीक्षक विनोद सिंह के बयान पर हंसडीहा थाना में कांड संख्या 107/24 धारा 303(2), 317(5), 318(4), 61(2) बीएनएस के साथ कांड अंकित किया गया। साथ ही दोनों वाहनों के चालक चंदन कुमार राम एवं संजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।


**शपथ पत्र**

मैं साक्षी कुमारी उम्र - 20 वर्ष पिता विरेंद्र पासवान, ग्राम+ पोस्ट - कांके कला थाना- पाटन जिला पलामू की रहने वाली हूँ, शपथ पूर्वक निम्नांकित बयान करती हूं :

01. यह कि मैं उपरोक्त नाम एवं पता का स्थाई निवासी हूँ तथा मेरा आधार क्रमांक 6303 7258 6186 है। मेरा जन्म तिथि - 13/06/2004 है।

02. यह कि मैं झारखंड अधिविद्य परिषद रांची वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2021 में उतीर्ण की हूँ, जिसमें मेरा नाम साक्षी कुमारी है, जबकि मेरा आधार कार्ड में पुकारू नाम बबली कुमारी बन गया है।

03. यह कि वर्तमान में मैं जनता शिवरात्रि महाविद्यालय डालटनगंज पलामू की कक्षा स्नातक की प्रथम वर्ष की छात्रा हूं तथा आधार कार्ड में बबली कुमारी होने के कारण परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जा रहा है।

04. यह कि मैं अपना नाम साक्षी कुमारी के सत्यापन हेतु तथा आधार कार्ड में साक्षी कुमारी नाम सुधार कराने हेतू कर रही हूं।

05. यह कि मेरा वास्तविक एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र में साक्षी कुमारी नाम दर्ज है जबकि आधार कार्ड बनते समय अज्ञानतावश पुकारू नाम बबली कुमारी अंकित कर दिया गया है।

06. यह कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें सत्य एवं प्रमाणिक है।

साक्षी कुमारी
शपथकर्ता
सिरियल नंबर 14/6650 दिनांक 28-10-2024



CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।


## एम टी राजा ने छठ घाट का किया निरक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी जे एम एम के राजमहल विधानसभा के प्रत्याशी एमटी राजा ने उत्तरवाहिनी गंगा किनारे होने वाली महा छठ पर्व की तैयारी की जानकारी ली ' वही छठ पूजा समिति के सदस्यो से मिलकर तैयारी की पूरी जानकारी ली लापको बता दू की एम टी राजा हर धर्म के लोगो के पूजा, पर्व,शादी, ब्याह में बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लेते है यही है एम टी राजा का परिचय' सबसे पहले उन्होंने राजमहल गुदाराघाट छठ पूजा समिति, सूर्यदेव छठ घाट पूजा समिति एवं महाजनटोली छठ घाट पूजा समिति के सदस्यों से मिले। सभी समिति के सदस्यों को बारी -बारी महा छठ पर्व का अग्रिम बधाई दिए। मौके पर राजमहल जे एम एम के वरिष्ठ सदस्यो के साथ सभी धर्म के लोग भी उनके साथ थे।

## घरेलू विवाद में युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

**साहिबगंज।** मामला जीरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के गैस गोदाम के समीप का है। दोपहर करीब सवा दो बजे के आसपास घर में पति-पत्नी व मां के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें मृतक अजीत कुमार पासवान उम्र 32 वर्ष, पिता स्वर्गीय आनंद पासवान ने गोली मारकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। गोली कनपट्टी में सटाकर खुद से मारी है। गोली की आवाज सुनकर घर के सभी लोग अजीत के पास आ गया तो देखा कि अजीत खून से लथपथ है। आनन -फानन में अजीत को लेकर सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर जिरवावाड़ी थाना प्रभारी शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,और आगे की कार्रवाई में जुट गए।

### विश्वजीत मंडल एवं काजू मल्लीक झारखंड चुनाव से ठीक पहले झामुमो का दामन थामा

# उनकी सरकार सभी समुदायों और वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित है : एमटी राजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** चुनावी मौसम में नेता और कार्यकताओं का पाला बदलने का सिलसिला शुरू हो गया है। बता दें कि झारखंड में कुल 2 चरणों में मतदान होना है। राजमहल विधानसभा में 20 नवंबर को मतदान किया जाना है। झारखंड विधानसभा चुनाव बेहद करीब आ गया है। महज कुछ ही दिनों बाद झारखंड पहले चरण की विधानसभा चुनाव होनी है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां झारखंड के 81 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी मिल चुका है इस सब के बीच झारखंड में भारतीय जनता पार्टी को झटके पर झटका मिल रहा है। झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए गठबंधन को फिर से बड़ा झटका लग गया है। रविवार को, 1 नंबर राजमहल विधानसभा सीट से भाजपा के कद्दावर नेता एवं कार्यकर्ता 3 नवंबर को उधवा प्रखंड के पंचायत फुदकीपूर से विश्वजीत मंडल एवं काजू मल्लीक अपने सैकड़ो कार्यकताओं को लेकर बीजेपी छोड़ कर झामुमो मे शामिल बीजेपी से झामुमो में आने वाले सभी कार्यकताओं का स्वागत करते हुए राजमहल विधानसभा चुनाव के झामुमो प्रत्याशी एमटी राजा उर्फ. मोहम्मद ताउजुद्दीन की उपस्थिति में पट्टा पहन कर सदस्यता ग्रहण किया। एम टी राजा उर्फ. मोहम्मद ताउजुद्दीन ने कहा कि उनकी सरकार सभी समुदायों और वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित है। इस सामूहिक समर्थन से झारखंड को नई दिशा में ले जाना और भी आसान होगा।


Format C-1
(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases
(As per the judgment dated 25 September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: RAJ SINHA
OLD DOCTORS COLONY P.O - JAGJIVAN NAGAR
P.S – SARAIDHELA, DISTRICT - DHANBAD
(JARKHAND) 826003

Name of political party : BHARATIYA JANATA PARTY
(Independent candidates should write "Independent* here)

Name of Election : ASSEMBLY ELECTIONS TO VIDHAN SABHA 2024

Name of Constituency : 40— DHANBAD

I RAJ SINHA (name of candidate), a candidate for the above-mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concemed and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sri Sharthak Sharma MP/MLA Court, at Ranchi | FIR NO. 203/24 DT. 23.08.2024 LALPUR ps, RANCHI | Charge Not Framed | SECTION 191(2)(3)/190/115(2)/117(2)/109/121(1)/125/132/324(2)/351(2)/352/61(2) OF BNS<br>Protest againest state goverment |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences


| Sl. No | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NA | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council byMLAs, mention the election concemed in place of name of constituency.

# निजी क्षेत्र का महत्व

नौकरियाँ पैदा करना निःस्संदेह देश की सबसे बड़ी चिंता है। देश के 140 करोड़ नागरिकों में से केवल 1.4 करोड़ ही सरकार के लिए काम करते हैं। यह देखते हुए कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा निजी कंपनी में काम की तलाश कर रही है, क्या भारतीय उद्यमियों को विशेष रूप से लक्षित करना उचित है? क्या उन उद्यमियों को निशाना बनाना राष्ट्रीय हित के विरुद्ध नहीं है जो लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं, स्वरोजगार को बढ़ावा देते हैं, जीवन स्तर को ऊपर उठाते हैं तथा देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं? रिलायंस फाउंडेशन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह प्रयास 2.7 मिलियन लोगों तक पहुँचा और महिला उद्यमिता व टिकाऊ कृषि के साथ-साथ नए आजीविका पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। सरकारी आकड़ा यह बताते हैं कि देश में निजी क्षेत्र में काम करने वाले 98 प्रतिशत है जबकि सरकारी क्षेत्र में दो प्रतिशत लोग ही काम करते हैं। देश की आर्थिक व्यवस्था में निजी क्षेत्र का बड़ा योगदान है। देश में टाटा समूह झारखंड राज्य में एक पूरे शहर टाटानगर का ही विकास कर दिया है जो वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। देश में राजनीति 1990 के बाद निजीकरण की दिशा में चलना आंरभ करके एक बड़ी दूरी तय कर चुकी है। देश का सम्मान और स्वाभिमान भी इससे जुड़ा है। वैश्विक स्तर पर विकास के लिये अब निजीकरण सबसे अहम हो चुका है। हम सभी को यह पहचानना चाहिए कि हमारे अपने उद्यमियों के खिलाफ बोया जा रहा जहर समाज, राज्य और देश के लिए विनाशकारी है। हमें उन राजनीतिक दलों के खिलाफ सतर्क रहना चाहिए जो हमें गुलामी में वापस लाना चाहते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि भारतीय उद्यमी हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति और गौरव का स्त्रोत हैं।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक.3.5.7

वृष : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक.5.7.9

मिथुन : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक.6.7.9

कर्क : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक.4.6.8

सिंह : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक.6.8.9

कन्या : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन.देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन.देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक.5.7.9

तुला : लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक.5.7.9

वृश्चिक : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक.3.6.8

धनु : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक.2.3.5

मकर : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक.2.5.7

कुंभः विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक.3.5.8

मीन : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक.3.5.7

# भारतीय उद्यमियों के खिलाफ निराधार विमर्श क्यों?




**राहुल गांधी,** शरद पवार, उद्धव ठाकरे और इंडी गठबंधन में शामिल बाकी दलों की मानसिकता स्पष्ट है, जैसे कि चुनाव जीतने के लिए कुछ भारतीय उद्यमियों के बारे में झूठे विमर्श गढ़ना। क्या आपने कभी उन्हें चीन या उन चीनी उद्यमियों का जिक्र सुना है, जिन्होंने बड़ी संख्या में हमारी नौकरियां छीन लीं, हमारा पैसा लूटा, हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया और उस पैसे का इस्तेमाल हमारे ही देश के खिलाफ किया? क्या आपने कभी इन नेताओं को अमेरिकी और यूरोपीय उद्यमियों के बारे में चर्चा करते सुना है जिन्होंने हमारा शोषण किया? क्या ऐसा नहीं लगता कि वे 140 करोड़ के बाजार वाले देश को इन विदेशी उद्यमियों को सौंपना चाहते हैं? यह स्वार्थ और परिवार पहले- के रवैये से शुरू होता है। इसीलिए जब नरेंद्र मोदी ने ₹आत्मनिर्भर भारत₹ पहल का प्रस्ताव रखा तो ये सभी मण्डली नाराज हो गईं। भाजपा सरकार का लक्ष्य देश में रोजगार बढ़ाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ₹राष्ट्र पहले₹ की भावना से भारत में अधिक नौकरियां पैदा करने, भारतीय उद्यमियों को बढ़ाने और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पिछले दस वर्षों में 40 नीतियों को लागू किया है। धीरे-धीरे सभी क्षेत्रों में उसका सकारात्मक परिणाम हम देख रहे हैं।

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कांग्रेस के समय में हमने देखा कि लकड़ी का फर्नीचर, जो एक भारतीय व्यवसाय है, खिलौने और कई अन्य उत्पाद जो भारत में बनाए जा सकते हैं, उन्हें चीन से जितना संभव हो सके आयात किया जा रहा था, जिससे हमारे उद्यमी कमजोर हो रहे थे और बेरोजगारी बढ़ रही थी। प्रधानमंत्री मोदी के ₹आत्मनिर्भर भारत₹ पहल के तहत अधिकांश वस्तुएं अब भारत में निर्मित हो रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ वस्तुएं और उपकरण जो हम आयात करते थे, अब निर्यात किए जा रहे हैं और आने वाले वर्षों में इसमें काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। क्या यह विपक्ष के बीच चिंता का विषय है?

**विरोधियों के निशाने पर अडानी-अंबानी क्यों**

इन दोनों उद्योगपतियों का गुजरात से नाता है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। इसलिए, आम जनता के बीच नरेन्द्र मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए कई विपक्षी नेता रोजाना समाज में भ्रामक विमर्श प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पीएम मोदी इन दोनों उद्यमियों की समृद्धि के लिए काम कर रहे हैं। किसी भी चीज के लिए उद्यमियों की आलोचना करना और उनकी निंदा आम बात है। व्यवसायों की अक्सर आलोचना की जाती है, भले उनका आपस में कोई संबंध न हो। अंबानी और अडानी उद्योगपति हैं जो लगातार राजनीतिक हमले से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। व्यवसायों, पेशेवरों और उद्यमियों पर आलोचना और हमले कोई नई बात नहीं है। बीसवीं सदी के दौरान खासकर आजादी के बाद टाटा और बिड़ला ने भारतीय व्यापार पर अपना दबदबा बनाया। राजनेताओं और नौकरशाहों के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों के कारण उन पर अक्सर क्रोनी कैपिटलिज्म का आरोप लगाया जाता था। अडानी ने वर्षों से आलोचनाओं का सामना किया है, खासकर स्वार्थी राजनीतिक समूहों से। उन्होंने कभी भी राजनीतिक उत्पीड़न को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। वे भारतीयों के लिए रोजगार पैदा करने के अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहे हैं। उनकी फर्मों ने पिछले दशक में भारतीयों के लिए लाखों रोजगार सृजित किए हैं और यह मानने का कोई कारण नहीं है कि आने वाले वर्षों में यह संख्या घटेगी। वास्तव में, भारत में अपने व्यवसाय को विकसित करने की उनकी महत्वाकांक्षी आकांक्षाओं को देखते हुए, सृजित नौकरियों की संख्या में और भी अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। अंबानी, अडानी, टाटा और बिड़ला भारत में रहे और भारतीयों के लिए भारतीय उत्पाद, कंपनियाँ बनाईं, आम आदमी के लिए अपार शेयरधारक संपत्ति बनाई, डिजिटल स्पेस, अक्षय ऊर्जा क्षेत्र, ओ एंड जी, खाद्य आपूर्ति श्रृंखला, परिधान, दूरसंचार, रक्षा और शिपिंग में क्रांति ला दी, धातु और ऑटोमोबाइल उद्योगों में भी रोजगार सृजित किए, भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और वैश्विक स्तर पर भारत का नाम प्रसिद्ध किया।

जबकि अधिकांश देशों में, बड़े व्यवसाय को राष्ट्रीय संपत्ति माना जाता है और तद्नुसार समर्थन दिया जाता है। भारत में ऐतिहासिक आर्थिक नीतियों, राजनीतिक घोटालों और सरकार विरोधी भावनाओं की विरासत ने बड़े व्यवसाय या उद्यमियों के प्रति सार्वजनिक दृष्टिकोण के बीच मतभेद पैदा किया है। बहरहाल, भारतीय फर्मों ने देश की आर्थिक और तकनीकी उन्नति के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसकी स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। परिभाषा के अनुसार, एक व्यवसाय पैसा कमाने के लिए शुरू किया जाता है। एक सफल व्यवसायी का भाग्य निःस्संदेह चमकेगा यदि उस धन का उपयोग देश के विकास को गति देने के साथ-साथ अधिक धन सृजन के लिए किया जाता है। यह समाज और राष्ट्र के लिए बहुत लाभकारी होगा। प्रतिद्वंद्वी की संपत्ति में वृद्धि ईर्ष्या का कारण बन सकती है। एक देश के रूप में, हमें धन सृजन का जश्न मनाना चाहिए जब तक कि इसका उपयोग आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के लिए किया जाता है।

**देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान पर शोध**

स्कॉच समूह द्वारा स्थापित 'इंडिया इनवॉल्व इंटरवेंशन' देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में कॉर्पोरेट योगदान को मान्यता देता है। उन्होंने एक सूचकांक बनाया जो 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्र के लिए भारतीय कंपनियों की प्रतिबद्धता का आकलन करता है। 231 चरों के आधार पर कंपनियों की उनकी 2023 रेटिंग में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर रही, उसके बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर, अडानी समूह, बैंक ऑफ इंडिया और ल्यूपिन का स्थान रहा। 2023 में किए गए छह महीने के सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि 40% कंपनियां डिजिटल परिवर्तन को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद पर्यावरण उत्कृष्टता (24%), कॉर्पोरेट उत्कृष्टता (19%), सामाजिक उत्कृष्टता (14%), और शासन उत्कृष्टता (2%) का स्थान आता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)



- पंकज जयसवाल

> उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने धारा 15 का विस्तार किया है, जो अब चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखने या रखने पर भी सजा का प्रावधान करता है। पूर्व में यह केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी शेयर करने पर दंड का प्रावधान था। वर्ष 2019 के संशोधन में केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी को प्रसारित या प्रदर्शित करने के इरादे से संग्रहीत करने पर दंड की शुरुआत की गई।

## लेटर टू एडिटर

### खजाने पर बोझ

**राजनीतिक** पार्टियों की जनता के प्रति जवाबदेही पर जोर देता है। लेखक की चिंताएं बिल्कुल सही हैं–आजकल रेवड़ी बांटने की प्रथा बढ़ती जा रही है, रोकने की जरूरत है। यदि राजनीतिक पार्टियों को जनता को सुविधाएं देनी हैं, तो उन्हें अपने फंड से यह करना चाहिए, न कि सरकारी खजाने से। लोक लुभावने वादे चुनाव जीतने में सहायक हो सकते हैं, लेकिन इससे सरकारी बजट पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इस पर कोई विचार नहीं कर रहा।

–प्रकाश सिंह, रांची

### सम्मान के हकदार

**मिथुन** चक्रवर्ती डिस्को डांसर से लोकप्रिय हुए 74 वर्षीय को फिल्म जगत का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के प्रदान करने की घोषणा हुई है। ऐसे इंसान को मिल रहा है जिसने संघर्षों का सामना किया और सफलता के शीर्ष पर पहुंचकर लोगों के दिलों में राज किया। उन्होंने 1976 में मृणाल सेन की फिल्म मृगया के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता।

– रविकांत रांची

## X ट्वीट

**हमारी** सरकार जानलेवा बीमारियों से रोकथाम के लिए मिशन इंद्रधनुष अभियान चला रही है। इससे ना सिर्फ गर्भवती महिलाओं की जिंदगी बच रही है... नवजात शिशुओं का जीवन बच रहा है... बल्कि वो गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से भी बच रहे हैं।

–अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास केन्द्रीय मंत्री

**उद्घाटन** और प्रचार तभी अच्छे हैं जब उनके पीछे ऐसी बुनियाद हो जो जनता की सेवा के लिए असल में काम करे। जब सार्वजनिक संपत्ति के रख-रखाव के अभाव और उपेक्षा के कारण लोगों की जान जाने लगे और पुल, प्लेटफार्म या मूर्तियां रिबन काटने के साथ ही गिरने लगें, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

– राहुल गांधी, सांसद

# ब्रिक्स मुद्रा, भारतीय रुपया और मोदी सरकार के मजबूत कदम

**जगन्नाथ**

सामयिक

**मोदी सरकार** की मजबूत कूटनीति और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मुद्रा के रूप में स्थापित करके इसे मजबूत करने के प्रयास सकारात्मक घटनाक्रम हैं। बाकी दुनिया अमेरिका द्वारा उभरते और गरीब देशों की मुद्राओं के शोषण को लेकर बहुत चिंतित है, जिसके कारण कई मुद्दे पैदा हुए हैं। भारत एक बड़ा आयातक है, खासकर तेल और सोने का, जो हमारी मुद्रा और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है। हम आज इसका खामियाजा भुगत रहे हैं क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकारों ने तेल आयात को सीमित करने के आवश्यक कदम नहीं उठाए। अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के माध्यम से निर्भरता कम करने के मोदी सरकार के प्रयासों के बावजूद, आयात तुरंत कम नहीं होगा। मोदी सरकार आर्थिक महाशक्तियों के दबाव में आने के बजाय ₹राष्ट्र पहले₹ के विचार के साथ काम कर रही है और सामाजिक आर्थिक क्षेत्र में देश को मजबूत करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है, कुछ ऐसा जो पिछली सरकारों को बहुत पहले कर लेना चाहिए था। आने वाले वर्षों में हम देश को सभी पहलुओं में, बाहरी दबावों और विदेशी षड्यंत्रों से मुक्त कर गौरव के शिखर पर पहुंचाने के मोदी सरकार के प्रयासों के अच्छे प्रभाव देखेंगे।

डॉलर के खिलाफ ब्रिक्स देशों की रणनीति

डी-डॉलराइजेशन अमेरिकी डॉलर के अलावा अन्य मुद्राओं का व्यापार है। ब्रिक्स राष्ट्र जिनमें मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है, अपनी विभिन्न मुद्राओं की एक टोकरी के आधार पर एक नई आरक्षित मुद्रा बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। एक काल्पनिक ब्रिक्स मुद्रा इन देशों को वर्तमान वैश्विक वित्तीय प्रणाली के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी आर्थिक स्वतंत्रता दिखाने की अनुमति देगी। वर्तमान प्रणाली को संयुक्त राज्य अमेरिका के डॉलर द्वारा नियंत्रित किया जाता है। यह अनुमान लगाना अभी भी मुश्किल है कि ब्रिक्स मुद्रा कब प्रकाशित और उपयोग की जाएगी, लेकिन अब इसकी क्षमता और निवेशकों के लिए इसके प्रभावों पर विचार करने का एक शानदार अवसर है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा प्रतिस्पर्धा कैसे काम करती है और हमें कैसे प्रभावित करती है?

मुद्रा प्रतिस्पर्धा राष्ट्रों के बीच एक प्रकार का संघर्ष है जिसमें प्रत्येक राष्ट्र अपनी मुद्रा को कमजोर करके निर्यात को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। मुद्रा संघर्षों को अक्सर सभी शामिल राष्ट्रों के लिए भयानक माना जाता है। जबकि भारत ने कभी भी मुद्रा प्रतिद्वंद्विता का सामना नहीं किया है, लेकिन सितंबर 2015 में जब चीन ने जानबूझकर युआन का अवमूल्यन किया तो हम दुखद रूप से इसमें फंस गए। परिणामस्वरूप, अधिकांश उभरते देशों ने निर्यात प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए अपनी मुद्राओं का अवमूल्यन किया। भारत के पास मुद्रा को कमजोर होने देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

अमेरिकी डॉलर लंबे समय से दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली मुद्रा रही है। 2023-24 तक वैश्विक मुद्रा भंडार के आंकड़ों के अनुसार, 44.15 प्रतिशत डॉलर में, 16.14 प्रतिशत यूरो में और लगभग 8.40 प्रतिशत येन और 6.40 पाउंड में हैं। ये मुद्राएँ मुख्य रूप से वैश्विक व्यापार को प्रभावित करती हैं।

रुपये का अंतरराष्ट्रीयकरण मुद्रा दर जोखिम को कम कर सीमा पार व्यापार और निवेश के लिए लेनदेन लागत को कम कर सकता है। भारत की मुद्रा के अवमूल्यन से न केवल देश में आयात की लागत बढ़ती है बल्कि आयातित मुद्रास्फीति के माध्यम से स्थानीय कीमतें भी बढ़ती हैं। तेल की बढ़ती कीमतें और गिरती मुद्रा 2022 में भारत की मुद्रास्फीति की संभावनाओं के लिए विनाशकारी मिश्रण साबित हुई, क्योंकि देश को बुनियादी ढाँचे, उद्योग, ऑटो क्षेत्र और अन्य महत्वपूर्ण वाणिज्यिक विकास को चलाने के लिए बड़ी मात्रा में तेल का आयात करना पड़ता है। अन्य मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती ने कई अर्थव्यवस्थाओं के लिए मुद्रास्फीति को कम करना असंभव बना दिया है और स्थिति गंभीर है; फिर भी, इतना विशाल देश होने के बावजूद, मोदी प्रशासन ने अन्य देशों की तुलना में मुद्रास्फीति को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। भारत में एक महत्वपूर्ण व्यापार असंतुलन भी है, जिसका अर्थ है कि निर्यात की तुलना में आयात पर अधिक पैसा खर्च किया जाता है। रुपये में चालान बनाने से डॉलर का बहिर्वाह सीमित होगा, खासकर अगर रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले कमजोर होता है।

# बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं, सच्चाई है

**ललित गर्ग**

सामयिक

**जब-जब** हिन्दू कमजोर हुआ है, तब तब उस पर अत्याचार बढ़े हैं, उनका सफाया कर दिया गया है। कश्मीर में हिंदुओं ने ताकत नहीं दिखाई तो उनका नरसंहार हुआ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए ॖहिंदू एकताॗ के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ॖबंटोगे तो कटोगेॗ बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पदार्पाश किया।

सरकार्यवाह होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की।

हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। देश एवं दुनिया में हिन्दुओं से जुड़ी परेशानियों एवं समाधान की दृष्टि से एक सशक्त वातावरण बनना अपेक्षित है। होसबाले ने ऐसी ही जटिल होती समस्याओं में लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा, लड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है। उन्होंने दावा किया कि केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है।

निश्चित रूप से बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं बल्कि सदियों की सच्चाई है। जब-जब हिन्दू कमजोर हुआ है, तब तब उस पर अत्याचार बढ़े हैं, उनका सफाया कर दिया गया है। कश्मीर में हिंदुओं ने ताकत नहीं दिखाई तो उनका नरसंहार हुआ। लाहौर की 75 प्रतिशत आबादी हिंदुओं और सिखों की थी, कराची में हिंदू, सिंधी और हिंदू पंजाबी जनसंख्या के दो तिहाई थे, काबुल में 1950 तक एक तिहाई हिंदू-सिख थे, रंगून में एक तिहाई आबादी हिंदुओं की थी, सभी जगहों पर आज हिंदुओं-सिखों का सफाया हो गया। इसीलिये सरकार्यवाह होसबोले की दृष्टि में बंटने के प्रति संचेत करने का मतलब अनेकता में एकता का मंत्र है। हम जाति, वर्ग में भले अनेक हों, लेकिन इस आधार पर हम बंटे नहीं बल्कि एकजुट रहें। बांग्लादेश के संदर्भ में भारत सरकार ने वहां हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। संघ ने उस समय भी कहा था कि हिंदू समुदाय को वहीं रहना चाहिए और पलायन नहीं करना चाहिए। संघ की नजरों में धर्मांतरण और हिन्दुओं को विभाजित करने से हिन्दू जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और वे अल्पसंख्यक होते गये हैं। इस मायने में होसबोले का उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो हिन्दुओं को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। यह सामाजिक समरसता का भी जीवनमंत्र है। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत सी कोशिशें हो रही हैं।

# सभी वादे पूरा करेंगे : शाह

## बरकट्ठा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले-भ्रष्टाचार में डूबी है वर्तमान सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बरकट्ठा।** हजारीबाग के बरकट्ठा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को वे गैंडा स्कूल के मैदान पहुंचे और भाजपा के उम्मीदवारों अमित यादव, मनोज यादव, नीरा यादव, नागेंद्र महतो को वोट देने की अपील की । उन्होंने कहा कि झारखंड में इस बार भाजपा की सरकार बहुमत के साथ बनेगी। भाजपा ने जो वादा किया है उसे पूरा किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण को सुनने के लिए भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और आम जनता कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। आलम यह रहा कि मुख्यमंत्री को जेल जाना पड़ा इस दौरान कई प्रशासनिक पदाधिकारी भी जेल चले गए । राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। परिवारवाद का प्रकाष्ठा झारखंड में देखने को मिल रहा है। अमित शाह ने केंद्र सरकार की योजना के बारे में जानकारी दी। पंच प्रण की तरह बीजेपी झारखंड में अपना मिशन पूरा करेगी। मंच पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, छतीसगढ़ के वित्त मंत्री अर्पित चौधरी के अलावे बरकट्ठा से अमित यादव, बगोदर नागेंद्र महतो, बरही मनोज यादव, कोडरमा से नीरा यादव मौजूद थीं।

### विकास के लिए भाजपा को जिताएं: मनोज यादव



**बरही।** धनवार पंचायत में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव के समर्थन में सभा हुई, इसका संचालन नन्दलाल प्रसाद ने किया। सभा में मनोज यादव शामिल हुए। मनोज कुमार यादव ने जनता से अपील करते हुए कहा कि प्रत्याशी के रूप में बरही से और आप सभी की सेवा के लिए दृढ़संकल्पित हूं। उन्होंने महिलाओं से कहा कि सृष्टि की कल्पना उनके बिना अधूरी है, महिलाओं से उन्होंने कहा कि उनका मत सृष्टि की कल्पना उनके बिना अधूरी हैं। उनका मतरूपी आशीर्वाद की उन्हें जरूरत है। उन्होंने याद दिलाया कि चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में सुरक्षा और लोगों के दुख सुख में सहभागी बने रहे। श्री यादव ने कहा कि बरही में खुशहाली और विकास लाने के लिए आपका समर्थन चाहिए। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वह 13 नवंबर को क्रम संख्या 2 पर कमल के फूल का बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से विजय बनाएं। सभा में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, ममता देवी व प्रमोद यादव उपस्थित थे

## मंजीत यादव की पत्नी सुनीता ने पुलिस से लगायी न्याय की गुहार

**खबर मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग में मंजीत यादव की हत्या के मामले में पत्नी वार्ड पार्षद सुनीता देवी ने रविवार को प्रेस वार्ता में पुलिस पर विश्वास जताते हुए कहा कि पुलिस का काम धीमा है, पर पूरा विश्वास है कि पुलिस सुसंगत धाराओं को लगाकर आपराधियों को सलाखों के पीछे डालेगी ताकि आसानी से बेल न मिल सके। सुनीता ने कहा कि इस इस हत्याकांड में विवेक सोनी, रामा सोनी, राजकुमार साव व गंगा साव शामिल है। इन्ही लोगों को मैं जानती हूँ और इनलोगो ने ही मेरे पति की हत्या की है। सुनीता ने एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सुनाया जिसमे मंजीत की किसी व्यक्ति से बात हो रही थी और उसने मंजीत को श्रीवास्तव ग्रुप से सचेत रहने को लेकर मंजीत को सावधान कर रहा था। सुनीता ने बताया कि मंजीत यादव इधर कुछ दिनों से परेशान लग रहे थे और उन्होंने सुनीता से अपनी हत्या होने की आशंका भी जताई थी हालांकि किसी नाम का खुलासा नहीं किया था। सुनीता ने कहा कि पकाही में 14 कट्ठा के एक विवादित प्लाट को लेकर विवेक सोनी और मंजीत यादव के बीच तू तू मैं भी हुयी थी। सोनी ने मंजीत को इस प्लाट के डीलिंग से हटने को कहा था जिसे मंजीत ने अनसुना कर दिया था। सुनीता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस हत्या में विवेक सोनी और उसके लोगों का हाथ है। सूत्रों की माने तो मंजीत यादव जमीन के कारोबार के दायरे को धीरे धीरे शहर से बड़कागांव में बढ़ाने का प्रयास कर रहा था। वहा पहले से कार्य कर रहे भू-मफियाओं को ये बात रास नहीं आ रही थी। उसे कई बार हिदायत देकर छोड़ दिया गया था ।

## पूरे बरही विधानसभा का भविष्य बदलेगा अरुण साहू : साबो देवी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** मां विंध्यवासिनी बीएड कॉलेज सभागार में पदमा प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा एवं बूथ कमेटियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। अरुण साहू की मां साबी देवी ने कहा कि चुनाव में सिर्फ मेरा बेटा अरुण ही नहीं, बल्कि पूरे बरही विधानसभा का बेटा और बरही का भविष्य खड़ा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए भी वह बेटा, भाई और दोस्त जैसा है। बरही के भविष्य को बदलने के लिए इस बार कोई कसर नहीं छूटने देना है। इस मौके पप्पू मेहता पंकज मेहता न्यूम जावेद सुनील मेहता गोविंद कुमार रवि सिंह सतीश मेहता विजय रविदास सुल्तान खान चुनु कुमार अरुण जय लखन कुमार नजीर अंसारी अजय कुमार रामा कुमार चौबे राम जफरुद्दीन कयूम अंसारी राहुल कुमार पिंटू कुमार नागमणि मेहता जरनाथ पासवान महेश मेहता रघु राणा दिलीप मेहता मनीष कुमार छोटू कुमार कारण ओझा संतोष राणा पिंटू कुमार मुना खान आदि सहित कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

## पतरातू में हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रामगढ़। पुलिस ने हथियार लेकर घूम रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी पतरातू थाना क्षेत्र के तिलैयाटांड़ इलाके से हुई है। उसे जेल भेज दिया गया है। एसपी अजय कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उन्हें एक अपराधी की हथियार लेकर घूमने की सूचना मिली थी। उन्होंने तत्काल पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार और थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता को इस मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस को बताया गया था कि तिलैयाटांड़ के आसपास एक व्यक्ति को हिरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल नं. (जेएच 02 जेड 5198) पर अवैध आर्म्स के साथ देखा गया है, जो कुछ देर में तिलैयाटांड़ से पीटीपीएस हास्पिटल की ओर जाने वाला है। पुलिस ने तिलैयाटांड में अलग-अलग टीमें बनाकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक काला रंग का हीरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल का चालक पुलिस को देखकर तेजी से भागने लगा। पीछा कर मोटरसाईकिल को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान पीटीपीएस न्यू मार्केट निवासी अंशुमन कुमार के रूप में की गई। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास एक लोडेड देसी कट्टा मिला। छापामारी में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, पतरातू अंचल पुनि योगेन्द्र सिंह,पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, सअनि अर्जुन ठाकुर व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### बड़कागांव में होंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



रामगढ़। पुलिस पर्यवेक्षक देबाब्रत दास ने रविवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार, सीएपीएफ कंपनी कमांडरों के साथ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। उपस्थित पदाधिकारियों को टेलीफोन डायरेक्टरी, जिला ओवरव्यू, डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन प्रोफाइल, एफए, एसएसटी, एलडब्ल्यूई सिनेरियो, कंट्रोल रूम, इंटर डिस्ट्रिक्ट और स्टेट चेक पोस्ट, कम्युनिकेशन प्लान, इमरजेंसी हेलीपैड, मेडिकल प्लान, बेस कैंप ऑफ सीआरपीएफ, पेट्रोल पंप के डिटेल्स, क्राइम सिनेरियो, कम्युनल सेंसिटिव पॉकेट एंड इंसीडेंट, एक्टिव गैंग, परमानेंट वारंटी, प्रोब्लेम्ड ऑफेंडर, इंटर स्टेट वांटेड क्रिमिनल, हिस्ट्रीशीटर पर तैयार किया गया पूस्तक उपलब्ध कराया गया। सभी बिन्दुओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में डीएसपी मुख्यालय चंदन वत्स, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, 26 बटालियन उप-समादेष्टा, सीआईएसएफ, सहायक समादेष्टा, सीआईएसएफ सहित सभी पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## रामगढ़ में धूमधाम से हुई चित्रगुप्त पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ **महापरिवार की बैठक आज और कई प्रतियोगितायें होंगी**



**रामगढ़।** श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार ने रविवार को चित्रगुप्त नगर बिजुलिया स्थित चित्रगुप्त मंदिर में अराध्यदेव भगवान चित्रगुप्त की धूमधाम से पूजा अर्चना की। 10 बजे से भगवान चित्रगुप्त की पूजा शुरू हुई 11:30 बजे लेखनी पूजा की गई ।12:30 बजे हवन का अनुष्ठान हुआ ।आरती व पुष्पांजलि 1 बजे और अपराहन 2 बजे से प्रसाद का वितरण हुआ। पूजा में यजमान के रूप में राहित वर्मा शामिल हुए जबकि अनुष्ठान पुजारी सनोज पांडे ने विधि पूर्वक संपन्न करवाया।

4 नवंबर को 11 बजे चित्रगुप्त महापरिवार की बैठक होगी। जिसमें अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष समेत समाज के कई वरिष्ठ सदस्यगण मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। 11:30 से 12:30 बजे के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। पारितोषिक वितरण 1 बजे किया जाएगा। प्रीतिभोज 2 बजे से आरंभ होगा। संध्या आरती 5 बजे और कलश विसर्जन 5:30 बजे होगा। अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा, राजीव रंजन, चित्रगुप्त महापरिवार के अध्यक्ष दीपक सिन्हा, सचिव रोहित वर्मा, आशुतोष कुमार सिन्हा, राजेश कुमार, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, डॉ उदय श्रीवास्तव, मनोज सिन्हा, गुड्डु, नितेश रंजन, विनोद श्रीवास्तव, बिट्टू, अमित कुमार सिन्हा, अनुज सिन्हा, संजीव कुमार, मिथलेश कुमार, कौशल किशोर, प्रभात सिन्हा, आदित्य सिन्हा, रवि श्रीवास्तव, सुशील कुमार सिन्हा, दीपश्री श्रीवास्तव, राहुल कुमार वर्मा, अभिनव कुमार, प्राणदीप बक्शी सहित चित्रांश समाज के लोग उपस्थित थे।

### रीवर साईड में उमड़ी भीड़

रीवर साईड भुरकुंडा स्थित भगवान चित्रगुप्त जी महाराज मंदिर में रविवार को चित्रांश परिवार के लोगों ने चित्रगुप्त महाराज की पूजा की। पुरोहित मनोज कुमार पांडेय ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा कराया। पूजा में यजमान नरेंद्र सिन्हा उर्फ नप्पू शामिल हुए। हवन एवं महाआरती में दर्जनों श्रद्धालु शामिल हुए। प्रसाद वितरण और प्रीतिभोज का शुभारंभ कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण सिन्हा ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। सिन्हा ने चित्रगुप्त महाराज के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। भंडारा में पतरातु प्रखंड उपप्रमुख बविता पांडेय, सतीश सिन्हा, गिद्दी पीओ आरके सिन्हा, रेलीगढ़ा पीओ एएन सिंह, डॉ नदीम अनवर, एसके श्रीवास्तव, पूर्व उपप्रमुख रामाशंकर पांडेय, मुन्ना श्रीवास्तव, सुबोध सिन्हा, शैलेंद्र कुमार, उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा में महिलाओं ने कुटी गोधन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आवंरा कुटिले भांवरा, कुटिले यम की दुआर कुटिले भईया के दुश्मन कुटिले घर के दुआर सहित अन्य गीतों से रविवार को कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल व ग्रामीण क्षेत्र गूंज उठा। यम द्वितीया के अवसर पर कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने गोधन की पूजा कर अपने जीभ में कांटा चुभाकर भाईयों के दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान महिलाएं मुहल्लों में एक जगह एकत्रित होकर लोक गीत गाते हुए पूजा की। इसके बाद हाथ में लाठी लेकर रेगनी के कांटे पर प्रहार करते हुए लोक गीत के माध्यम से भाइयों की दीर्घायु होने की कामना की। भाईयों के हाथ की पूजा की गयी। इसके बाद बहनों द्वारा भाई को मिष्ठान भोजन कराया गया। पूजा में प्रमिला देवी, कमला देव, काजल कुमारी, रूपा रानी देवी, अंजली कुमारी, साधना मिश्रा, आरती गुप्ता सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थीं।

### काली पूजा में भक्ति जागरण आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** काली पूजा के अवसर कोल कम्पनी भदानीनगर में श्रीश्री काली पूजा समिति के तत्वावधान में शनिवार रात भक्ति जागरण हुआ। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां काली की पूजा की गई। जागरण की शुरूआत गणेश वंदना से की गई। इसके बाद जय मां अंबे म्यूजिकल ग्रुप के गायक जुगनु, जितेन, गायिका उज्जवल, प्रिया ने किसने सजाया तुमको मइया, चलो बुलावा आया है, श्रीराम जानकी, काली मांई बाड़ी हमरा गांव, जोड़-जोड़े फलवा आदि भक्ति गीत व भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को रात भर झुमाये रखा। इस दौरान श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चे भक्ति के सागर में डुबकी लगाते दिखे। वाद्य यंत्र में दारा, सुनील, सुभाष, अजय, सुजीत आदि भरपूर साथ दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सुनील क्षत्री, उपाध्यक्ष दीपक करमाली, सचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, संरक्षक जोहरन करमाली, अनूप ठाकुर, बिजेंद्र बेदिया का विशेष योगदान रहा।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेवा मंच ने रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले दर्जनों गरीबों को भोजन कराया गया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य भी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, शिवकुमार यादव, उदयभान दुबे, जितेंद्र मंडल, लालू उरांव, सुकरा करमाली, खुर्शीद अंसारी, रेणुका देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

### 200 किलो जावा महुआ बरामद




**रामगढ़।** विधान सभा चुनाव को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के आदेश पर सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र अन्तर्गत चितरपुर जवाहर रोड मुंडा टोला में निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 200 किलो बरामद हुआ। जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 14,000 /- रूपया है।

### अपने-अपने बूथ जीतें कार्यकर्ता : पटेल




**कुजू।** मांडू प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक मुरपा स्थित अक्षत बैंक्वेट हॉल में हुई। मांडू विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ जीतने का आह्वान किया। बैठक में बीएमएस यूनियन से दर्जनों लोगों के अलावे पूर्व जिला परिषद के पति कौलेश्वर भोक्ता अपने समर्थकों के साथ, अनिल महतो के नेतृत्व में लोगों जेकेएलएम पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। जिनका स्वागत जेपी पटेल ने फूल माला पहनाकर किया। बैठक में वरिष्ठ नेता कुमार महेश सिंह, प्रदेश सचिव धर्मराज राम, प्रदेश सचिव सीपी संतन, भीम साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजित करमाली, मोहन महतो, रविंद्र कुमार, संजय सिन्हा, जोगेंद्र सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष जोया प्रवीण, रामेश्वर महतो, गुड्डू वर्मा,नीरज झा,नोशाद आलम, बुटी तिवारी, के डी मिश्रा, जयनाथ महतो, मिस्टर अंसारी, भरत महतो, श्याम सिंह, मिथलेश मेहता, संतोष मेहता, बिनोद बिहारी महतो आदि शामिल थे।

### कुजू में भगवान चित्रगुप्त की पूजा



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में रविवार को चित्रांश परिवार के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की पूजार्चना पूरे विधि विधान से की। इस दौरान पंडितों द्वारा कलम-दवात के साथ पूजा,हवन व आरती कराई गई। चित्रांशों ने एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कई स्थानों में गीत-नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गई।

## एक

### बटेश्वर मेहता ने जनता से मांगा आशीर्वाद



**इचाक।** बरकट्ठा विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार बटेश्वर प्रसाद मेहता ने नावाडीह, भूसवा, तीलरा, रहिया, डुमरौन, इचाक मोड़ समेत आधा दर्जन गांवों में जनता का आशीर्वाद मांगा। मेहता ने कहा कि इस बार चुनाव मैं नहीं बल्कि बरकट्ठा की जनता लड़ रही है। मैं तो बस सेवक हूं और बरकट्ठा की जनता की सेवा करना ही मेरा एक मात्र उद्देश्य है। इस बार इस क्षेत्र से चाचा भतीजा दोनों को खदेड़ना है। टेंपो छाप पर वोट देने की अपील की।

### चरही में मना भैया दूज, कूटा गया गोधन

चरही । चरही और कोयलांचल क्षेत्र में बहनों ने रविवार को भैया दूज पर्व को धूमधाम के साथ मनाई। ऊखल में गोधन भी कुटा। बहनों ने अपने भाईयों के लिए खुशहाली,लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामनाएं की। बहनों ने पूजा-अर्चना के पूर्व घर के आंगन में गोबर से यमुना,यम और यमीन की याकृति बनाकर गोधन कूटा गया।गोधन कूटकर अपने-अपने भाई को बजरी का प्रसाद खिलाया गया। भाई वज्र के सामान मजबूत बने।

### चरही के चित्रांशों ने की चित्रगुप्त की पूजा

**चरही।** भगवान चित्रगुप्त की पूजा रविवार को चित्रांश समाज के लोगों ने की। कलम-दवात की पूजा कर पूरे साल भर के आय और व्यय के ब्योरा रखकर सुख समृद्धि की कामना किए। कलम-दवात की पूजन करने वाले श्रद्धालुओं में नरेश कुमार सिन्हा,रामलखन प्रसाद,रामानन्द प्रसाद, रंजीत प्रसाद,रतन कुमार सिन्हा, रंजीत सिन्हा,राजीव सिन्हा, रितेश सिन्हा, संतोष सिन्हा, देवेन्द्र प्रधान,योगेंद्र प्रधान,सौम्य कुमार, राशि बक्शी, रिद्धि आराध्या, तन्ना श्री,रितिक कुमार, अंशु कुमार,अमित कुमार, ऋतु, आहना, सहित समस्त कायस्थ परिवार के लोगों ने पूजन किए।

### चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर डांस प्रतियोगिता



**दारु।** चित्रांशों के आराध्या देव भगवान चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा दारु बक्शीडीह स्तिथ चित्रगुप्त मंदिर मे धूमधाम से मनाई गयी। चित्रगुप्त मंदिर मे एकत्रित होकर सभी चित्रांश बंधु ने एक साथ भगवान की विधिवत पूजा किया। पूजा के बाद वर्ष भर का लेखा जोखा प्रभु के चरणों में समर्पित किया। आरती के बाद भक्तो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शाम में बच्चों के डांस व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रीतिभोज में चित्रांश परिवार के सभी सदस्य सम्मिलित हुए और स्वादिस्ट भोजन का लुत्फ उठाया। पूजा के सफल बनाने में अध्यक्ष रौशन सिन्हा, सचिव राजन सिन्हा, कोषाध्यक्ष भैया मंजीत के साथ विकाश कश्यप, भैया संतोष सिन्हा , बजरंग सहाय, राकेश कुमार, प्रवीन कुमार, प्रवीन सिन्हा, भैया नितेश, सुमन सिन्हा, अंकित अनुराग, प्रकाश सिन्हा, मुकेश बक्शी, भैया कृपानंद ,भैया नितीश, भैया अखिलेश, रणजीत सिन्हा, अजित सिन्हा, अनुग्रह नारायण सहित कई शामिल थे।

### बड़कागांव में ओवैसी की सभा सात को



केरेडारी। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी बड़कागांव में सात नवंबर को पार्टी के उम्मीदवार के लिए प्रचार करेंगे। एआईएमआईएम ने बड़कागांव से मोहम्मद समीम मियां को मैदान में उतारा है। हाई स्कूल ग्राउंड में मो समीम मियां के पक्ष में चुनावी जनसभा संबोधित करेंगे। समीम ने कहा कि हम एआईएमआईएम उम्मीदवार की जीत को लेकर आश्वस्त हैं। लगभग 50 फीसदी मतदाता मुस्लिम, दलित और आदिवासी हैं। हमें उनका वोट मिलने की उम्मीद है। क्षेत्र में लगभग 30 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं।

### हर्ष अजमेरा ने किया कई गांवों का दौरा



हजारीबाग। निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने रविवार को सदर प्रखंड के कई गांवों में जनता से मुलाकात की और उनसे चुनाव 13 नवंबर को क्रमांक संख्या 23, छड़ी छाप पर समर्थन देने की अपील की। उन्होंने सिलवार खुर्द, सिलवार कला, डूमर, सरौनी,और चुटियारों जैसे गांवों का दौरा कर लोगों से संवाद स्थापित किया। उनका यह चुनावी दौरा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है, जिसमें खासकर युवाओं का जोश और बुजुर्गों का आशीर्वाद भरपूर मिला। हर्ष अजमेरा के साथ गांवों में ढोल-नगाड़ों के बीच उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और यह वादा किया कि चुनाव जीतने पर वे प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीणों की जरूरतों पर काम करेंगे। गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा, शिक्षा का अभाव और युवाओं के रोजगार के मुद्दों पर उन्होंने गंभीरता से ध्यान देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे अपनी नीतियों के माध्यम से गांवों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### मुन्ना सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान



हजारीबाग। हजारीबाग सदर से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कटकमदाग प्रखंड में रविवार का जनसंपर्क अभियान के छठे दिन का दौरा सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण गांवों का दौरा किया, जिनमें बैंक ऑफ बड़ौदा, सलगावाँ, लुटा, राजेश ओझा चौक, पुरनाडिह, नवाडीह, पकरार, पाड़ टांड, मैयातु, सादमपुर, कर्बला चौक, ईदगाह चौक, केशवरिया, तिलैया, सुल्ताना, पूरब मुहल्ला, हाथामेढ़ी, कटकमदाग, बांका, बेन्दी, उदयपुर, झगरबंध, अडरा, चिचि, और ढेन्गुरा शामिल हैं। प्रेस से बातचीत में मुन्ना सिंह ने कहा, ह्लहजारीबाग के हर व्यक्ति से जुड़ना और उनके मुद्दों को समझना मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेरी कोशिश यही रहेगी कि आप सभी के समर्थन से हजारीबाग को प्रगति और विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाए। जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंजु, कटकमदाग के प्रमुख प्रतिनिधि उदय साव, बीस सूत्रीय अध्यक्ष सुनील ओझा, राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिषेक राज, महिला प्रदेश महासचिव कोमल राज, पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि शारदा रंजन दुबे, सालगावाँ की मुखिया मधु रानी, अडरा मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, धीरेंद्र दुबे, जमाल मिया, असगर अली, जानकी महतो, सबीर अली, और गौतम कुशवाहा समेत कई अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का अंबा प्रसाद ने किया उद्घाटन



भुरकुंडा (रामगढ़)। नया टोला में लक्ष्मी पूजा सह सोहराय डायर जतरा के अवसर पर शनिवार शाम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में सरना म्यूजिकल ग्रुप की गायिका सुमन गुप्ता, फूलमणि, गायक प्रीतम, संदीप लोहरा, डांसर प्रिया, मंजू आदि ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य की प्रस्तुति से लोगों को रातभर झुमाये रखा।

स्पीड न्यूज

## भाजपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**टंडवा।** भाजपा के चुनावी कार्यालय का बाजार टांड टंडवा में उद्घाटन हुआ, जिसका उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता अक्षयवट पांडे ने किया। इस अवसर पर संजीव पांडे, ईश्वर दयाल पांडे, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील चौरसिया, विकास मालाकार, बबलू गुप्ता, सुरेंद्र चौरसिया, कुलदीप दास, नत्थू गुप्ता, रवि गुप्ता, आजसू नेता नंदा थापा समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## चित्रांश परिवार ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को चित्रांश परिवारों ने एक साथ मिलकर भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की। चित्रांश परिवारों ने टंडवा में रविन्द्र बक्शी के आवास और खधैया टाउन हॉल में सामूहिक रूप से पूजा की और सुख, समृद्धि, बुद्धि, विद्या और तरक्की का आशीर्वाद मांगा। पूजन के दौरान सभी ने वर्ष भर का लेखा-जोखा चित्रगुप्त महाराज के समक्ष प्रस्तुत किया। इसी दिन महिलाओं ने अपने भाई की दीघार्यु के लिए भैया दूज का व्रत रखा और बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर और आरती उतारकर उनके लिए लंबी उम्र और दिन-दोगुनी रात चौगुनी तरक्की की कामना की। इस अवसर पर विजय सिन्हा, अजय सिन्हा, विनय सिन्हा, अनुप सिन्हा, किशोरी मोहन प्रसाद, विकास सिन्हा, अनिल सिन्हा, पंकज सिन्हा, रविन्द्र बक्शी, सुनील सिन्हा समेत चित्रांश परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## धूमधाम के साथ मनाया गया चित्रगुप्त पूजा

**गिद्धौर।** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कायस्थ समाज के लोगों ने धूमधाम से चित्रगुप्त भगवान की पूजा की। पूजा के दौरान समाज के लोगों ने विधि-पूर्वक दवात कलम की पूजा की और चित्रगुप्त भगवान के समक्ष अपना वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। प्रखंड के गांगपुर, इचाक और सिंदुआरी में कायस्थ परिवार के लोगों ने चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर युवतियों और महिलाओं ने भाई दूज के उपलक्ष्य में गोधन कुटा। चित्रगुप्त पूजा में कमला प्रसाद, सुभाष प्रसाद, सनुज कुमार सिन्हा, आर्यन कुमार सिन्हा, अनिमेश सिन्हा, ओम सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा, अनमोल सिन्हा, रवि रंजन कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा, आदित्य कुमार सिन्हा, बाबुल सिन्हा, मिथलेश कुमार सिन्हा, ब्रजेश कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा सहित समाज के कई अन्य लोग शामिल थे।

## लोकतंत्र तभी महान जब करें सभी मतदान: शकील

**चतरा।** 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है, जिसके लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता, रैली, रात्रि चौपाल, डोर टू डोर जागरूकता अभियान समेत कई अन्य अभियान चलाए जा रहे हैं। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शकील अहमद अपनी टीम के साथ सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लावालौंग प्रखंड और सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के बागरा एवं लमटा पहुंचे और उन्होंने दुकान-दुकान जाकर ग्राहकों और दुकानदारों से 13 नवंबर को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने की अपील की।

## उम्मीदवारों के चुनावी खर्चों का हुआ लेखा जांच

**चतरा।** व्यय प्रेक्षक गणेश बुद्रुक की उपस्थिति में 26 सिमरिया और 27 चतरा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के चुनावी खर्चों की जांच की गई।चतरा विधानसभा क्षेत्र से कुल 11 में से 7 उम्मीदवार जांच के लिए उपस्थित हुए जबकि 4 अनुपस्थित रहे। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से 11 में से केवल 3 उम्मीदवार उपस्थित थे और 8 अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित उम्मीदवारों को नोटिस जारी किया गया है। द्वितीय चरण की जांच 6 नवंबर और तृतीय चरण की जांच 11 नवंबर को निर्धारित है।

# केवल भाजपा ही झारखंड को घुसपैठियों से बचा सकती है: गृह मंत्री अमित शाह

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा/सिमरिया।** रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चतरा के सिमारिया स्थित खादी ग्राम उद्योग मैदान में चुनावी सभा की और चतरा से जनार्दन पासवान और सिमरिया से उज्जवल दास के लिए वोट की अपील की। उन्होंने झारखंड सरकार को बदलने और हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने हेमंत सोरेन पर गरीबों की बात करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार के अलावा किसी का भला नहीं किया है। उन्होंने नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने बिजली, पानी और मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। उन्होंने कांग्रेस के सांसद के घर से 350




करोड़ और मंत्री आलमगीर के घर से 30 करोड़ मिलने का जिक्र करते हुए कहा कि यह पैसा जनता का है और भाजपा की सरकार बनने पर इन लोगों को जेल की सलाखों के पीछे डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि आपने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका दिया और उन्होंने राम मंदिर का निर्माण करवाया तथा प्राण प्रतिष्ठा भी करवाई। राहुल गांधी, लालू यादव और हेमंत सोरेन जैसे विपक्षी नेता इसका विरोध करते रहे। मोदी जी ने 2019 में धारा 370 को हटाकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना दिया। झारखंड में घुसपैठिए हमारी बेटियों को फंसा रहे हैं और हेमंत सोरेन रोटी, बेटी और माटी की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। केवल भाजपा ही झारखंड को घुसपैठियों से बचा सकती है। हम एक-एक घुसपैठियों को चुन चुनकर बाहर निकालेंगे। आप एक बार कमल फूल और हेलीकॉप्टर पर वोट देकर देखिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बुजुर्गों को मुफ्त इलाज, गृहणियों को त्योहार में मुफ्त गैस सिलेंडर और पेंशन भत्ता, झारखंड के धार्मिक स्थलों को समृद्ध करन करेंगी। भाजपा सरकार का लक्ष्य झारखंड को खुशहाल प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आने पर एमएसपी पर एक-एक दाना दलहन और एक-एक दाना धान 3100 रुपए के दाम पर खरीदा जाएगा।

### विकास, रोटी, माटी, बेटी को बचाने का चुनाव: अमित शाह

यह चुनाव विकास, रोटी, माटी, बेटी को बचाने, झारखंड को नक्सलवाद से मुक्त करने, घुसपैठियों से मुक्त करने और समृद्ध झारखंड बनाने का चुनाव है। अमित शाह ने हेमंत सोरेन की सरकार दलित और पिछड़ा विरोधी है, जबकि कांग्रेस भी दलित और आदिवासी विरोधी है। कहा कि झारखंड में नक्सलवाद का बोलबाला था, लेकिन भाजपा ने पांच साल में इसे उखाड़ फेंका। बालू माफिया से परेशान लोगों को कमल का बटन दबाना चाहिए, जिससे वे जेल की सलाखों के पीछे होंगे।

## विस चुनाव को लेकर पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर पीठासीन पदाधिकारियों को निर्वाचन सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में डीडीसी ऋतुराज पहुचें और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन पदाधिकारियों, पोलिंग पार्टियों से प्रशिक्षण सम्बन्धी प्रश्नों को पूछे और उनकी दक्षता की जांच की। इस दौरान डीडीसी ने पीठासीन पदाधिकारियों से डमी प्रपत्र, प्रपत्र 17 ग, मतदाता रजिस्टर 17 क, पीठासीन पदाधिकारी से सम्बंधित डायरी आदि को भरवाया। वहीं डीआईओ सुभाष प्रसाद यादव और ईडीएम राजदेव महतो द्वारा पीडीएमएस एप्प की जानकारी देते हुए, एप्प को डाउनलोड कराया गया। वहीं प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में मॉक पोल, ईवीएम सीलिंग व संचालन के तरीकों की जानकारी देते हुए पोलिंग पार्टियों से इसका प्रैक्टिस करवाया, साथ ही एक मिनट में दो वोट कराने की तकनीक की जानकारी दी गयी।

# लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी जोरों पर

### पांच दिवसीय मेला होता है, लोगों के आकर्षण का केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर छठ पूजा समितियों द्वारा पूजा की तैयारी जोर-शोर चल रही है। पूजा को लेकर ऐतिहासिक शिवसागर तालाब पर लगभग 4 लाख की लागत से भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। यह पंडाल अशोक डेकोरेटर्स के द्वारा कुशल कारीगरों की मदद से निर्माण किया जा रहा है, जिसकी ऊंचाई लगभग 65 फीट और चौड़ाई लगभग 50 फीट रहेगा। पंडाल में भगवान भास्कर के 7 अश्वों पर सवार 15 फीट की प्रतिमा का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है, जिसकी लागत लगभग 80 हजार रुपये बताई गई है। मूर्ति निर्माण का कार्य धनबाद के एचक़े. पाल के द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा डोमचांच ग्यारह नम्बर चौकी से पूजा पंडाल तक लगभग 2 किलोमीटर तक लाइटिंग का कार्य किया जा रहा।



लाइटिंग का कार्य कृष्णा लाईट देवघर के द्वारा किया जा रहा है, जिसकी लागत लगभग 6 लाख है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। नवीन आदर्श बाल क्लब के कोषाध्यक्ष शत्रुध्न सरैया ने बताया कि शिवसागर छठ तालाब पर वर्ष 1984 से भगवान भास्कर के 7 अश्वों पर सवार प्रतिमा की पूजा की जा रही है। जिसकी शुरुआत स्व.विनोद पांडेय और स्व. लक्ष्मण साव के द्वारा किया गया था। बाद में इसे नवीन आदर्श बाल क्लब के द्वारा कराया जाने लगा। पूजा में पूरे गांव के लोगों का सहयोग रहता है।

**हजारों की होती है भीड़ :** छठ पूजा को लेकर शिवसागर छठ तालाब में नगर सहित प्रखंड के आस-पास के गांव से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंहुचते हैं और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की पूजा कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करते हैं। छठ पूजा के मौके पर डोमचांच के शिवसागर में लगने वाले मेले की भी तैयारी जोरों पर है। बता दें कि यहां हर वर्ष पांच दिवसीय मेला लोगों के आकर्षण का केंद्र होता है, जो 7 नवंबर से शुरू होगा और 11 नवंबर तक रहेगा। मेले में बड़ों से लेकर बच्चों के मनोरंजन के लिए तारामाची, ब्रेक डांस, मौत का कुंआ, बच्चों के लिए छोटे झूले सहित अनेक तरह के मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे।

**पूजा और मेले को सफल बनाने में लगे हैं ये लोग :** मेले को सफल बनाने में अध्यक्ष किशोर साव, सचिव सुरेंद्र मेहता, उपाध्यक्ष सरोज मेहता, सह सचिव सुभाष साव, संरक्षण सुरेश कुमार, भरत नारायण मेहता, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सरैया, मनीष कुमार, सुरेन्द्र साव, गौतम पांडेय, प्रीतम पांडेय, आदि शामिल हैं।

# एक-एक मतदाता तक वोटर पर्ची का वितरण सुनिश्चित करेंगे : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रखंड सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी और बीएलओ के साथ बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से सेक्टर अंतर्गत मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त सुविधाओं की जानकारी ली। मतदान केन्द्रों से संबंधित रूट चार्ट/रूट मैप, कम्युनिकेशन प्लान, मूलभूत सुविधाएं समेत मतदान केन्द्रों पर वाहनों की उपलब्धता इत्यादि की जानकारी ली। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर हर छोटी से छोटी सुविधाएं सुदृढ़ रखेंगे ताकि पोलिंग पार्टी के साथ-साथ किसी भी मतदाता को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। बिजली, पानी, शौचालय, रैंप,



भोजन की व्यवस्था आदि सभी आवश्यक सेवाएं सुदृढ़ रखेंगे। मतदान केंद्रों पर किसी प्रकार की समस्या है तो उन सभी समस्याओं को सुदृढ़ कर लें। इसके साथ ही पोलियो पार्टी को मतदान केन्द्रों तक जाने के लिए वाहनों का आकलन करने का निर्देश दिये। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए वाहनों की उपलब्धता को लेकर वाहनों का आकलन करने को कहा गया। कलस्टर और मतदान केन्द्रों पर फोर्स और मतदान कर्मियों की रहने की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। कलस्टर और मतदान केन्द्रों पर बिजली, पेयजल, शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। मतदान केन्द्रों पर समुचित रूप से बिजली की व्यवस्था और इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने क्रिएटिकल मतदान केन्द्रों और इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में सुविधा की जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया। सभी बीएलओ को मतदान केंद्र को सही तरीके से सेटअप करने के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें मतदाता पर्ची को बांटने का निर्देश दिया गया। सभी मतदान केन्द्रों पर पुरूष व महिला वॉलिंटियर की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को मतदाता सूचना पर्ची वितरण का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि एक-एक मतदाता तक मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोई लापरवाही नहीं बरती जाए, बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध करायेंगे।

## भैया दूज व अन्नकूट पूजा धूमधाम से संपन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में रविवार को भैया दूज व अन्नकूट का पर्व भक्ति भाव एवं श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों की रक्षा एवं लंबी उम्र की कामना को लेकर उपवास रखीं तथा श्रद्धापूर्वक गोधन पूजा स्थल पर गो धन कुटी। इस अवसर पर महिलाओं एवं युवतियों ने आंगन में गोबर से लिपाई पुताई कर जमीन पर गोधन पूजा स्थल बनाया तथा यम यमी की मूर्ति बनाकर सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। पूजा के उपरांत बहनों ने परंपरा के अनुसार पूजा स्थल के पास कुटे गये चना कसेली को मिठाई के साथ अपने-अपने भाइयों को खिलाया और आरती उतारी। इस अवसर पर रत्ना देवी, सच्ची लता सिन्हा, नीता सिन्हा, रूमा सिन्हा, सन्ध्या सिन्हा, रानी सिन्हा, भारती सिन्हा, प्रियंका प्रिया, प्रिंसी प्रेरणा, सुरभि कुमारी, पीहू पलक, पूजा कुमारी, रुचि कुमारी, प्रियांजली कुमारी, छोटी कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

# पीठासीन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार, विधान सभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन के लिए रविवार को चतरा के राज्य सम्पोषित 2 बालक उच्च विद्यालय में पिठासीन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान, पीठासीन अधिकारियों को मतदान संबंधी पूरी प्रक्रिया, मतदान संपादित कराने की बारीकियों, निर्वाचन सामग्री प्राप्त करने की प्रक्रिया और ईवीएम के बारे में तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में मतदान केन्द्रों की स्थापना, मतदान शुरू होने से पूर्व की जाने वाली घोषणा, एजेंटों की मौजूदगी में माकपोल, ग्रीन पेपर सील लगाना, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए रक्षोपाय, मतदान केन्द्र में और बाहरी 200 मीटर की परिधि में प्रतिबंधात्मक आदेशों के पालन आदि का भी प्रशिक्षण दिया गया।

# 13 नवंबर को सभी मतदाता मतदान केंद्र पहुंच मतदान आवश्य करें: निर्वाची पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। इसके सफल संचालन हेतु रोस्टर अनुसार पीठासीन अधिकारियों एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा। वहीं स्वीप कार्यक्रम के तहत सुदूरवर्ती, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है। कोई भी मतदाता छूट न जाए इसके लिए डोर टू डोर चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका, मतदाता पर्ची का भी वितरण किया जा रहा है। मतदाता पर्ची वितरण का जायजा लेने के उद्देश्य से निवार्ची पदाधिकारी सह



अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी मयूरहंड के साथ मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाता पर्ची मतदाताओं को मिला या नहीं का जांच किया। जिसमें मतदाताओं द्वारा मतदाता पर्ची प्राप्त हुई है कि जानकारी दी गई। उन्होंने जायजा लेने के क्रम में ही सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा लोकतंत्र के महापर्व में आप सभी की सहभागिता अति आवश्यक है। सभी लोग जिनका उम्र 18 वर्ष हो चुका है और उनका नाम मतदाता सूची में हैं तो 13 नवम्बर को मतदान केंद्र पहुंच अपने मत का प्रयोग आवश्य करें, हर एक वोट महत्वपूर्ण है।

एक नजर में

## झारखंड विधानसभा चुनाव: चतरा में राजद और लोजपा के बीच मुकाबला



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर है। चतरा की दो विधानसभा सीटों के लिए 13 नवंबर को वोटिंग होगी। इस सीट से राजद ने सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश को उतारा है तो वहीं लोजपा ने पूर्व विधायक जनार्दन पासवान को टिकट दिया है। चतरा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार लोजपा चुनाव लड़ रही है। एनडीए गठबंधन ने सीट शेयरिंग में चतरा सीट लोजपा के खाते में डाल दिया। जिस कारण पहली बार भाजपा चुनाव मैदान से गायब है। लोजपा ने जनार्दन पासवान को अपना प्रत्याशी बनाया है। पासवान दो बार विधायक रह चुके हैं। वह 1995 में जनता दल से विधायक बने थे। 2009 में राजद के टिकट से जीत दर्ज की थी। वह छठी बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। जिसमें राजद से तीन बार, जनता दल से एक बार और भाजपा से एक बार चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार लोजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश पहली बार चुनाव मैदान में उतरी हैं। वह मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू हैं। भोक्ता जाति को एससी से एसटी में शामिल किये जाने के कारण मंत्री चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं। सत्यानंद भोक्ता भी चतरा विधानसभा क्षेत्र से चार बार चुनाव लड़ चुके हैं। जिसमें तीन बार विधायक बने। वर्ष 2000 व 2005 में भाजपा की सीट से विधायक चुने गये। वर्ष 2019 के चुनाव में राजद की सीट से जीत दर्ज की थी। वे जब-जब विधायक बने, मंत्री बने। चतरा विस क्षेत्र में चार लाख 27 हजार 209 मतदाता हैं। इनमें दो लाख 17 हजार 96 पुरुष व दो लाख 10 हजार 111 महिला मतदाता हैं। मतदान केंद्र 475 हैं।

## ऐतिहासिक छठ तालाब के साफ-सफाई के अभाव में चारों ओर पसरा है गंदगी का अंबार



खबर मन्त्र संवादाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** केंद्र हो या राज्य सरकार स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए संकल्पित है। कूड़े-कचरे के ढेर से लोगों को दूर रखना चाह रही है, मगर सरकारी तंत्र अभियान की हवा निकाल रही है। प्रशासनिक अनदेखी के कारण सौन्दर्यीकरण पर लाखों रूपए खर्च के बाद भी तालाब में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मामला नगर पंचायत अंतर्गत ऐतिहासिक छठ तालाब का है। इस तालाब में नगर पंचायत के अलावा आस-पास के सैकड़ों गरीब-गुरबे प्रतिदिन स्नान करते हैं। सरस्वती पूजा हो या गणेश पूजा, दुर्गा पूजा हो या काली पूजा, पूजा के उपरांत प्रतिमाओं का विसर्जन ज्यादातर इसी तालाब में होता है। परन्तु प्रतिमाओं के विर्सजन के बाद तालाब की स्थिति काफी बदतर हो जाती है। लोग स्नान करना तो दूर हाथ पैर धोना भी नहीं चाहते हैं। यही नहीं छठ व्रत के अवसर पर बाजार व आसपास गांवों के लोग इसी तालाब में अर्घ्य देते हैं। हालांकि उक्त तालाब की देख-रेख के लिए छठ तालाब ने एक कमेटी बना रखी है, जिसमें दोनों छठ पूजा में एकत्रित राशि जमा रहता है, जिससे सफाई का कार्य करना है। तालाब के चारों ओर घाट एवं सीढ़ी निर्माण किया गया है। लोक और आस्था का महापर्व छठ पूजा के दिन शेष रह गए हैं। कल से नहाय-खाय के साथ पूजा की शुरुआत भी हो जाएगी। लेकिन अभी तक शिवसागर छठ तालाब के आस-पास साफ-सफाई नदारत है। चारों ओर गंदगी पसरा और बिखरा पड़ा है। हालांकि छठ पूजा समिति के लोगों ने कहा कि साफ-सफाई का काम चल रहा है, पूजा की शुरुआत से पूर्व साफ-सफाई हो जाएगी।

## 18वीं जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने तथा आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत जेजे कॉलेज मैदान में रविवार से 18वीं जूनियर झारखंड राज्य खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी ऋतुराज ने किया।

वहीं उन्होंने खिलाड़ियों को सम्बोाति करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा शतप्रतिशत मतदान करवाने के उद्देश्य को लेकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, उम्मीद करते हैं कि सभी खिलाड़ी खेल भावना के तहत बेहतर खेल का प्रदर्शन करेंगे, साथ ही खेल प्रेमियों को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव सन्तोष प्रसाद ने कहा कि इस प्रतियोगिता में राज्यभर से 700 खिलाड़ी (बॉयज और गर्ल्स ग्रुप) के अलावे तकनीकी पदाधिकारी हिस्सा ले रहे हैं, सभी खिलाड़ी खेल के माध्यम से कोडरमा में 13 नवम्बर को होने वाले मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा नैतिक मतदान के लिए अपील करेंगे।

उदघाटन समारोह के दौरान माउंट एरिन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान डीडीसी के नेतृत्व में सेल्फी और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमे सभी खिलाड़ी शामिल हुए। मौके पर डीएसडब्लूओ नीतीश कुमार निशांत, सुनील प्रसाद, अमित कुमार, मुन्ना कुमार, राज रंजन, रामचंद्र आदि मौजूद थे।

# 13 को पंजा छाप पर बटन दबाना है, हेमंत सरकार को वापस लाना है : कल्पना सोरेन

- मानगो में आदिवासी हाई स्कूल मैदान में बन्ना के पक्ष में सभा
- बिरसानगर से बारीडीह तक डा अजय के पक्ष में किया रोड शो
- कहा-झारखंड को एनडीए बांट रहा और इंडिया गठबंधन जोड़ रहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




प्रत्याशी बन्ना गुप्ता के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करती मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन। बगल में खड़े हैं प्रत्याशी बन्ना गुप्ता और उलीडीह में कल्पना सोरेन की चुनावी सभा में उमड़े बस्तीवासी।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर में आज सबसे बड़ी स्टार प्रचारक झारखंड मुक्ति मोर्चा की श्रीमती कल्पना सोरेन मुर्मू ने बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के साथ जमशेदपुर पश्चिम और जमशेदपुर पूर्व में इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता और डा अजय कुमार के पक्ष में चुनावी सभा सह रोड शो करके उनकी जीत सुनिश्चित करने का मजबूत प्रयास किया। दोनों ही विधानसभाओं में कल्पना सोरेन को देखने और सुनने के लिए युवाओं और महिलाओं में उत्सुकता देखते ही बन रही थी। कल्पना सोरेन ने जमशेदपुर पश्चिम और जमशेदपुर पूर्व की सीट को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यहां कांग्रेस के पंजा छाप पर बटन दबाकर आपलोग इंडिया गठबंधन का हाथ मजबूत कीजिए ताकि झारखंड में आपके हेमंत सोरेन भइया की अगुवाई में महागठबंधन सरकार दुबारा गठित किया जा सके। हेमंत सरकार ही झारखंड निवासियों का दुःख-दर्द समझती और कल्याणकारी योजनाओं के जरिए आपकी आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक समृद्धि सुनिश्चित कर सकती है। पूंजीपतियों की पोषक विचारधारा वाली एनडीए नेताओं और उनके प्रत्याशियों को इस चुनाव में धूल चटाने का समय आ गया है।

**कमल को डुबोने वाला कह रहा कि सिलिंडर ही कमल है : बन्ना** – जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि जो लोग कल तक कमल फूल को डुबाने में लगे थे, आज कहते हैं कि कमल ही सिलेंडर है। ये लोग जनता को भ्रमित कर रहे हैं किंतु जनता इनकी सच्चाई जान गई है। अब इनके भुलावे में आने वाली नहीं है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार माँ बेटे की सरकार है जिसमें एक बेटा अपने राज्य की हर माता को सम्मान देने का काम कर रहा है।



**भगोड़ों को भगाइये, काम करने वाले बन्ना को जिताइये : पप्पू यादव**

जमशेदपुर। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार ने पांच वर्षों में बेहतरीन काम किया है। जब हेमंत सरकार गरीब, दबे-कुचले लोगों का काम करने लगे, केंद्र से अपना हक मांगने लगे तो साजिश रचकर हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया। दूसरी तरफ नीतीश कुमार ने भाजपा से सौदेबाजी कर झारखंड में दो सीटें ली हैं। हमें भगोड़ों को भगाना है और काम करने वालों को जिताना है।

## बस्तियों में मालिकाना हक के साथ बेहतर नागरिक सुविधा दिलवायेंगे : कल्पना

- बिरसानगर से बारीडीह तक रोड शो में कल्पना सोरेन को देखने-सुनने उमड़ी भीड़
- इंडिया गठबंधन को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में चार्ज कर गयीं कल्पना सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर पूर्व के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार के पक्ष में रोड शो के दौरान मतदाताओं का अभिवादन करती कल्पना सोरेन और सांसद पप्पू यादव।

**जमशेदपुर।** कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार के लिए रविवार को कल्पना सोरेन औ? पप्पू यादव ने बिरसानगर संडे मार्केट से बारीडीह चौक तक रोड शो किया। इस दौरान कल्पना सोरने को एक झलक देखने और उनकी बातों को सुनने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सबसे पहले कल्पना सोरेन, पप्पू यादव और डॉ अजय कुमार ने संडे मार्केट पहुंच कर धरती आबा बिरसा मुंडा का माल्यार्पण किया। इस दौरान कार्यकताओं का उत्साह चरम पर था, रोड शो में सैकड़ों की संख्या में बाईक सवार आगे आगे चल रहे थे। वहीं ढ़ोल नगाड़ों से कार्यकताओं को जोश दोगुना हो गया था। पूरे रोड शो में कल्पना सोरेन जिंदाबाद,पप्पू यादव जिंदाबाद डा. अजय कुमार जिंदाबाद के नारे लग रहे थे। बीच बीच में कांग्रेस पार्टी, जेएमएम और राजद पार्टी के जिंदाबाद के नारे भी लग रहे थे। इस रोड शो में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल जिसमें आप पार्टी, सीपीएम सहित अन्य दल के नेता और कार्यकर्ता सहित आम लोग भी शामिल हुए।

**यह स्वाभिमान और जल जंगल और जमीन की लड़ाई : पप्पू यादव**

पूर्णिया के सासद पप्पू यादव ने कहा कि यह झारखंड की स्वभिमान एवं जल,जंगल और जमीन की लड़ाई है। 25 वर्षो से जमशेदपुर को लुटने वाले के खिलाफ यह उलगुलान है। जनता को निर्णय लेना होगा कि उनको डॉ अजय कुमार जैसा ईमानदार, बेदाग, शिक्षित और सर्वसुलभ जनप्रतिनिधि चाहिए या 25 वर्षो से लुटने वाले परिवार को चुनना है। भाजपा के पास झारखंड के विकास की कोई योजनाएं नहीं है। वो झारखंड की जल, जंगल और जमीन को लुटना चाहती है। 24 वर्षों में 17 वर्ष तो झारखंड में भाजपा का ही शासन रहा लेकिन कोई विकास नहीं हुआ महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए कोई योजना शुरू नहीं की गई, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने जब मईया सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रुप से सुदृढ़ करने का प्रयास कर रही है तो बीजेपी वालों को तकलीफ हो रही है।

## मोदी की गारंटी पर भरोसा है तो झारखंड में सत्ता परिवर्तन के लिए वोट करें : अमित शाह

- कहा- सीएम हेमंत के कार्यकाल में आदिवासियों को सर्वाधिक नुकसान हुआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के नरसिंहगढ़ हाई स्कूल मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी पर भरोसा है तो झारखंड में परिवर्तन लाना जरुरी है। भाजपा सिर्फ मुख्यमंत्री बदलने के लिए परिवर्तन नहीं चाह रही है, बल्कि झारखंड और यहां के आदिवासी, पिछड़ों, दलितों के अस्मिता की रक्षा करनी है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का हितैषी होने का दंभ भरने वाले हेमन्त सोरेन के शासकाल में राज्य में आदिवासियों का सबसे अधिक नुकसान हुआ है। झारखंड का डेमोग्राफी बदला है। आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है और बांग्लादेशियों की संख्या बढ़ी है। बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर जाकर उनकी जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा पीएम मोदी ने किया और इस वर्व को जनजातीय गौरव वर्ष मनाया जायेगा।

अमित शाह ने मंच पर उपस्थित घाटशिला के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन, बहरागोड़ा के प्रत्याशी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी एवं सरायकेला के प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को विजयी बनाने का आह्वान करते हुए उपस्थित जनसमूह से कहा कि इन्हें जीताइये ताकि राज्य में भाजपा की सरकार बने और सबको हर घर नल जल योजना पहुंच सके। हेमंत सोरेन पर तीखा हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि झारखंड में बेरोजगारी के जनक हैं। हेमंत सोरेन ' भाजपा की सरकार बनने के बाद पेपर लिक मामले की सी बी आई जांच करवाकर दोषियों को जेल भेजेंगे। खाली पड़े 2.87 लाख पदों को सालभर में ही भरेंगे। उपस्थित महिलाओं को इंगित करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि प्रत्येक महीना के 11 तारीख को उनके खाते में 21 सौ रुपए पहुंच जायेगा। विधवा एवं दिव्यांग के खाता में 25 सौ भेजेगी सरकार 51 वन उत्पाद को एम एस पी के दायरा में लाने की घोषणा करते हुए उन्होंने धान की खरीदारी 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल करने का वायदा किया।




धालभूमगढ़ में भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह।

### स्पीड न्यूज

**तैलिक साहू समाज की बैठक में भाजपा को जिताने का फैसला**

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा के बाबूडीह छठ घाट स्थित शिव मंदिर में झारखंड तैलिक साहू समाज की बैठक हुई , जिसमे भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का फैसला लिया गया। इसके लिए समाज की ओर से जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में सोमवार से जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। समाज के सदस्य घर-घर जाकर समर्थन मांगेंगे और क्षेत्र में भाजपा की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। बैठक में समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, महामंत्री मदन कुमार, मुख्य संरक्षक विजय कुमार साहू, मुख्यालय प्रभारी मदन प्रसाद पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। बैठक का संचालन मिथिलेश कुमार साव ने किया।

**जमशेदपुर एफसी और चेन्नइयन एफसी के बीच मुकाबला आज**

**जमशेदपुर।** चेन्नइयन एफसी और जमशेदपुर एफसी अपनी पिछली हार से उबरने के लिए सोमवार को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में भिड़ेंगी। रेड माइनर्स को अपने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से 5-0 की करारी हार मिली जबकि चेन्नइयन एफसी को नई दिल्ली में पंजाब एफसी ने 3-2 से हराया। आगामी मैच में, स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल और फारुख चौधरी व डेनियल चीमा चुक्वू पूर्व टीम के खिलाफ अपने पुराने मैदान पर उतरेंगे।

**आर डी रबड़ रिक्लेम कंपनी में भीषण आग से लाखों की क्षति**

**गम्हरिया।** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया स्थित आर डी रबर रिक्लेम कंपनी में रविवार की अहले सुबह भीषण आग की घटना में लाखों की परिसंपत्ति जलकर खाक हो गया।

### एक नजर में

**भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने किया रोड शो साकची गुरुद्वारा और मंदिरों में मत्था टेका**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने रविवार को विजया गार्डेन और टिनप्लेट स्टेडियम में प्रातः भ्रमण करने वालों का आशीर्वाद लेकर जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने काशीडीह, सिदगोड़ा, सीतारामडेरा में रोड शो किया। इस दौरान कई जगहों पर लोगों ने उनका काफिला रोक कर स्वागत किया। उन्होंने रास्ते में पड़ने वाले कई मंदरों में पूजा-अर्चना भी की। रोड शो में भाजपा के वरिष्ठ नेता निर्भय सिंह, दिनेश कुमार, संजीव सिंह, पवन अग्रवाल, रमेश नाग, संतोष ठाकुर, रुबी झा, प्रभा देवी, मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह, सुरेश शर्मा, जीवन साहू, ध्रुव मिश्रा, अमित अग्रवाल, सन्नी संघी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। पूर्णिमा साहू साकची गुरुद्वारा भी गईं जहां उन्होंने माथा टेका और गुरुग्रंथ साहिब का गुरता दिहाड़ा में शामिल हुईं। इस मौके पर अकाली दल जमशेदपुर के कथावाचक हरप्रीत सिंह वडाला, प्रधान सुखदेव सिंह खालसा,महासचिव रवीन्द्र पाल सिंह आदि मौजूद थे। एक अन्य कार्यक्रम में उन्होंने साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान निशान सिंह, ट्रस्टी सतनाम सिंह, प्रवक्ता बलजीत संसोआ, मुख्य सलाहकार सुरजीत सिंह छिते व अन्य लोगों से मिलकर समर्थन मांगा। भाजपा ने चुनाव प्रचार को और सटीक बनाने के लिए रविवार को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के चार मंडलों में कार्यालय खोला। टेल्को आजाद मार्केट में संजीव सिंह और बोल्टू सरकार, गोलमुरी बाजार, चौधरी धर्मशाला में रामबाबू तिवारी और गुंजन यादव, बमार्माइंस बाजार में मिथिलेश सिंह यादव और पप्पू सिंह, सीतारामडेरा उरांव बस्ती में खेमलाल चौधरी और कुलवंत सिंह बंटी ने कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विकाश शर्मा, पप्पू उपाध्याय, सूरज सिंह, सुरेश शर्मा और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**आपने देखा परिवारवादी और पलायनवादी अबकी बार सेवावादी को चुनें : शिव शंकर सिंह**



**जमशेदपुर।** झारखंड अलग राज्य गठन के बाद इस बार का विधानसभा चुनाव ऐसा पहला चुनाव होगा, जब जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के 3.36 लाख से अधिक मतदाता परिवारवादी, पलायनवादी और सेवावादी में से किसी एक का चयन करेंगे। मुझे जमशेदपुर पूर्वी के समस्त सम्मानित मतदाताओं पर पूरा भरोसा है कि वह इस बार परिवारवादी, पलायनवादी के मुकाबले सेवावादी को चुनेंगे। यह कहना है जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे चर्चित समाजसेवी शिव शंकर सिंह का, रविवार को बागुननगर, मोहरदा, टिन प्लेट नानक नगर, टिन प्लेट, ओल्ड बारीडीह, बागुनहातु, बिरसा नगर जोन 3, जोन 6 और जोन 7 के अलावा बारीडीह बस्ती व महानंद बस्ती जेम्को में वह जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। मतदाताओं से अपने सगे-संबंधियों व दोस्तों के साथ आने वाले 13 नवंबर को अपने चुनाव चिह्न गैस चूल्हा छाप पर भारी संख्या में वोट कर और जिताकर विधानसभा में भेजने की अपील करते हुए शिव शंकर सिंह ने कहा कि बीते 30 सालों में पहले परिवारवादी के 25 साल और उसके बाद पलायनवादी के 5 साल में जमशेदपुर पूर्वी को क्या मिला, यह सोचने व इस पर विचार करने का समय है। आखिर जमशेदपुर पूर्वी के बच्चों, यहां के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के जीवन में ऐसा क्या बदलाव आया जो फिर से वह चुनाव मैदान में खड़े होकर एक मौका दिए जाने की बात कह रहे हैं। यहां की जनता, मतदाता भली भांति अब यह समझने लगी है कि इस बार यदि वह चूके तो फिर उन्हें कभी कोई मौका नहीं मिलेगा।

**... जब चुनाव चिह्न गैस चूल्हा को लेकर दिया दिलचस्प जवाब :** रविवार को जमशेदपुर पूर्वी के एक दर्जन से अधिक इलाकों में जनसंपर्क और पदयात्रा करने के दौरान बहुत सीमित तरीके से चुनाव चिह्न के उपयोग को लेकर एक महिला मतदाता ने शिव शंकर सिंह से सवाल किया तो उन्होंने बेहद दिलचस्प तरीके से इसका जबाव देते हुए कहा कि वह अपनी मातृशक्ति यानी माताओं और बहनों के सामने इस चुनाव चिह्न को लेकर मौन हैं क्योंकि गैस चूल्हा के रूप में उन्हें जो चुनाव चिह्न मिला है वह तो माताओं व बहनों के साथ साथ हम सभी के जीवन का आधार है, हमारे दिन की शुरूआत ही उससे होती है ऐसे में अपनी माताओं-बहनों को उसके बारे में मैं क्या बताऊं, इसके जरिए इस बार मुझ पर क्षेत्र की समस्त मातृशक्ति मुझ पर एक ऐसी कठिन और बड़ी जिम्मेदारी देने की तैयारी कर रही है जिससे यहां की जनता तीन दशकों से वंचित है।

**बड़े मार्जिन से जीतेंगे सरयू राय : मदन सहनी**



**जमशेदपुर।** बिहार सरकार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने रविवार को कहा कि जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए के प्रत्याशी श्री सरयू राय की जीत पक्की है। हम लोग मेहनत इस बात को लेकर कर रहे हैं कि यह जीत का अंतर कितना बड़ा करें। यहां एनडीए के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में मदन सहनी ने कहा कि बीते तीन दिनों में मुझे दर्जनों ऐसे लोग मिले, जिन्होंने मुझसे कहा कि वह सरयू राय को निज तौर पर जानते हैं। जब किसी प्रत्याशी के बारे में वोटर कहे कि वह उन्हें निज तौर पर जानता है और बातचीत में सम्मान झलके, तब समझ लें कि चुनाव में जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पांच साल में जितना काम होना चाहिए, वह नहीं हुआ जबकि एनडीए सरकार ने झारखंड की सरकार को 2.50 लाख करोड़ रुपये दिये. हेमंत सरकार उस पैसे को खर्च ही नहीं कर पाई। कोई योजना ही नहीं है कि उक्त पैसे को खर्च कैसे करें।

## सभी वर्गों के लिए 24 घंटा उपलब्ध रहते हैं बन्ना गुप्ताः पुरेंद्र नारायण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पश्चिमी जमशेदपुर से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता के चुनावी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में राजद के प्रदेश महासचिव और पूर्वी सिंहभूम के प्रभारी पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि 'बन्ना गुप्ता संघर्ष से उपजे हैं और समाज के सभी वर्गों के लिये सातों दिन चौबीसो घंटे उपलब्ध रहने वाले नेता हैं। किसी का कुछ भी काम हो, वे जात-पात, धर्म और पार्टी लाइन से अलग हट कर सबकी मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता सदन में दलित और पिछड़े वर्ग की आवाज है। इसलिए इनका चुना जाना पिछड़े व दलित वर्ग के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता ने पश्चिमी जमशेदपुर में विकास में नए आयाम स्थापित किए हैं। मानगों को जाम से मुक्त करने के लिए फ्लाईओभर बनवाना, एमजीएम हॉस्पिटल में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाना, मानगो में अस्पताल भवन बनाना और बस स्टैंड का निर्माण करना आदि जैसे कई महत्वपूर्ण काम बन्ना गुप्ता ने किए हैं। उन्होंने राजद के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील की है कि सभी एकजुट होकर बन्ना गुप्ता को जिताने में अपनी पूरी शक्ति लगायें।

## पोटका विस में जाति-धर्म से ऊपर उठ कर सेवा की है, जीत होगी : संजीव सरदार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/ पोटका/ जादूगोड़ा/ डुमरिया।** पोटका विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी संजीव सरदार ने चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान मानपुर पंचायत के दाबांकी मे सैकड़ों महिला-पुरुषों ने झामुमो मे शामिल हुये, जिसका स्वागत प्रत्याशी संजीव सरदार ने माला पहनाकर किया. इस अवसर पर झामुमो प्रत्याशी संजीव सरदार ने कहा कि उन्होंनें पांच साल जनता के लिये समर्पित रहा और जन-जन तक के लिये काम करने का प्रयास किया। यही कारण है कि लगातार लोगों का जनसमर्थन मिल रहा है

**दाबांकी में दर्जनों हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल, संजीव सरदार ने किया स्वागत**

और लोग झामुमो के साथ जुड़ते जा रहे है। झामुमो गठबंधन सरकार के नेतृत्व मे राज्य की स्थिति मजबूत हुआ है, उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक को लाभ दिलाये है। भाजपा ने पोटका से बाहर का एक ऐसे प्रत्याशी दिया है, जिसका पोटका के जनसेवा से कोई लेना-देना नहीं रहा है। उनके पति राज्य मे सबसे ज्यादा बार सीएम रह चुके है, लेकिन पोटका मे उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है। ऐसे प्रत्याशी चुनावी बेला मे जनता के बीच जाकर तरह-तरह का प्रलोभन देंगे, लेकिन ऐसे प्रत्याशी से बचे। झामुमो माटी की पार्टी है, जो हमेशा जनता के बीच खड़ा रहा है और आनेवाले दिनों मे खड़ा रहेगी। झामुमो गठबंधन की सरकार ने राज्य मे जनकल्याणकारी योजनाओं का शुरूआत किया है, जिसका लाभ जनता को मिल है। उनकी सेवा निरंतर जारी रहेगा। संजीव सरदार ने आगे कहा कि सभी से अपील होगा कि वह चुनाव मे झामुमो के तीर-कमान छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनायें। इस अवसर पर झामुमो मे शामिल होनेवालों मे मुख्य रूप से दुबाई महली, चंदन दास, माहली, गंगाधर माहली, बुद्धेश्वर पात्र आदि हैं।

## छठ के मद्देनजर चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया जाये : धर्मेंद्र तिवारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



समाजसेवी और भाजमो के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र तिवारी ने झारखंड विधानसभा चुनावों के मद्देनजर निर्वाचन आयोग से चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन की मांग की है। मुख्य चुनाव आयुक्त को प्रेषित एक आवेदन में आग्रह किया है कि छठ पूजा के महापर्व को ध्यान में रखते हुए चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण की तिथियों को पुनः निर्धारित किया जाए। धर्मेंद्र तिवारी ने अपने आवेदन में कहा है कि छठ पूजा बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में आस्था का प्रमुख पर्व है। इस पर्व के दौरान महिलाएं और परिवार के अन्य सदस्य कठिन व्रत और अनुष्ठान करते हैं, जिससे उन्हें कार्य में भाग लेना कठिन हो सकता है। इसलिए, यह उचित होगा कि चुनाव कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम छठ पूजा के बाद की तिथियों में आयोजित किया जाए ताकि सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा से अपने चुनावी दायित्वों का पालन कर सकें। उन्होंने चुनाव आयोग से इस विषय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील की है और कहा है कि तिथियों में बदलाव से चुनाव कार्य में बाधा नहीं आएगी बल्कि यह कर्मियों के लिए भी सुविधाजनक होगा।

## डॉ अजय ने डीजीपी को ट्विट कर की कार्रवाई करने की मांग

- आरोप- भाजपा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धमकाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी के कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने रविवार को ट्वीट कर डीजीपी अजय कुमार सिंह से बीजेपी के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने डीजीपी से कहा कि बीजेपी नेताओं द्वारा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को धमकाया जा रहा है ताकि वो चुनाव में प्रचार से दूर रहें। डॉ अजय ने डीजीपी से भाजपा की गुंडागर्दी के खिलाफ कार्रवाई कर उस पर अंकुश लगाने की मांग ताकि जमशेदपुर पूर्वी में विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न हो सके। इस संबंध में डा. अजय ने कहा कि हार की डर से भाजपा द्वारा हमारे कांग्रेसी कार्यकताओं को धमकाया जा रहा है। मैं इसकी निंदा करता हूं, मैं ईमानदारी से कार्य करता हूं एवं ईमानदारी से चुनाव लड़ रहा हूं। जनता का प्यार मेरे साथ है. मुझे और कुछ नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर को सुरक्षित एवं विकसित बनाना मेरा लक्ष्य है।

## अर्जुन मुंडा के घर सरयू राय ने भोग खाकर मानगो और सोनारी में जमकर किया जनसंपर्क

- पदयात्रा में कहा-कमल ही सिलेंडर है, सिलेंडर ही कमल है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय ने रविवार को व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से कहा कि कृपया किसी भ्रम में न पड़ें। इस चुनाव में कमल ही सिलेंडर है और सिलेंडर ही कमल है। कदमा के शास्त्रीनगर और रानीकुदर से अपनी पदयात्रा की शुरूआत करते हुए श्री राय विभिन्न इलाकों में गये। लोगों के बीच पर्चा बांटा। उनकी समस्याएं जानी और समझी। उन्होंने लोगों से मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में वोट करने की अपील भी की।

कदमा के रामनगर में उन्होंने सैकड़ों लोगों से मुलाकात की और पानी की उपलब्धता, साफ-सफाई आदि के बारे में जानकारी ली। वह भाटिया बस्ती भी गये। वहां विगत दिनों एक परिवार में हादसा हो गया था। वह परिजनों को ढाढ़स बंधाने वहां पहुंचे। यहां से वह साकची के शिवपुरी कोलोनी में पहुंचे। इसके बाद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के घोड़ाबांधा स्थित आवास पर पहुंचे। यहां श्री मुंडा की तरफ से काली पूजा का भोग वितरण का आयोजन किया गया था।



जन संपर्क करते एनडीए प्रत्याशी सरयू राय।

वहां भोग ग्रहण करने के बाद श्री राय सोनारी के गांधी रोड में जनसंपर्क किया। यहां उन्होंने लोगों को बताया कि एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) एक है और किसी को किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं पालना है। पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में कमल ही सिलेंडर और सिलेंडर ही कमल है। फिर वह सोनारी के ही बच्चा सिंह बस्ती तथा बलराम बस्ती में गये। यहां सैकड़ों लोगों से उनकी मुलाकात हुई। उन्होंने लोगों से अपील की कि 13 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में बाहर निकल कर वोट करें। यहां से श्री राय गुदड़ी बाजार सिनेमा मैदान भांगड़ समिति द्वारा आयोजित आरती में शामिल हुए। आरती के बाद वह लोगों से मिले और उनका हाल-चाल लिया। उनसे भी उन्होंने अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। शाम में न्यू सीपी क्लब में उन्होंने विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ बैठक की। सोनारी में ही उन्होंने खूंटाडीह में आयोजित भजन संध्या में हिस्सा लिया। इसके बाद तरूण संघ, सोनारी में श्री राय ने बंगाली समाज के लोगों के साथ बैठक की। यह बैठक खासी अहम थी। इसके बाद श्री राय सोनारी और मानगो में दो स्थानों पर आयोजित चित्रगुप्त पूजा से संबंधित आयोजनों में शामिल हुए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पांकी : नाटक मंचन कर बिनोद सिन्हा के समर्थन में जागरूकता अभियान चला



**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कुशवाहा बिनोद सिन्हा के पक्ष में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नाटक मंचन किया गया। इसका उद्देश्य लोगों को क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों जैसे बेरोजगारी, शिक्षा, सड़क और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था, जिससे लोग विकास और बदलाव के लिए सही उम्मीदवार का चयन कर सकें। बताते चलें कि बिनोद सिन्हा ने पांकी में फैक्ट्रियों की स्थापना कर युवाओं को रोजगार दिलाने का संकल्प लिया है।

### राज्य में पुनः इंडिया महागठबंधन की सरकार बननी तय है : लालू सिंह



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के जेपी चौक के समीप श्री राम केशरी लॉज में महागठबंधन के राजद उमीदवार संजय सिंह यादव का चुनावी कार्यालय खोला गया। जिसका उद्घाटन वरिष्ठ झामुमो नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां, डॉ एजाज आलम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, प्रदेश के नेता हसनैन जैदी, मसरूर अहमद, राजद के कामख्या सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी समेत दर्जनों नेताओं ने किया। मौके पर लालू सिंह ने कहा कि राज्य में पुनः महागठबंधन की सरकार बननी तय है। हम सभी मिल कर संजय सिंह यादव के पक्ष में लालटेन छाप पर वोट कर जितायेंगे।

### भाजपा ही बदलेगी स्थिति : लवली गुप्ता



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता ने पांकी वि' के ताल, बोर्ड, मंगलपुर, नूरु खाडपर सहित कई क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता के पक्ष में मतदान की अपील की। श्रीमती लवली ने कहा कि जिस तरह से आज राज्य के हालात हैं। भ्रष्टाचार की घटनाएं में लगातार वृद्धि हो रही है बेटियों पर शोषण अत्याचार की अनगिनत घटनाएं प्रतिदिन घट रही है। युवाओं को नौकरी के नाम पर बेवकूफ बनाया गया। आज महिलाओं के सम्मान के नाम पर 1000 रूपये का झुनझुना पकड़ाया जा रहा है। मौके पर गणेश भैया सकेंदर भुइयां, संजय कुमार, मनोज भुइयां, विकास सिंह, मुसाफिर भुइयां, शिवचरण भुइयां आदि भी उपस्थित थे।

### क्षेत्र में मिल रहा है जनता का अपार समर्थन : दिलीप सिंह नामधारी



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज -चैनपुर -भंडरिया विस क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने सदर प्रखंड के जोड़, खनवा, बड़कागांव, रजवाडीह, जमुने, पोखराहा कला, भीमगड़ा, सुआ, कौड़िया समेत कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। ग्रामीणों ने दिलीप से एक स्वर में कहा कि 15 वर्षों में हमलोगों की अभी तक कोई सुध लेने नहीं आया इसलिए इस बार हमलोग परिवर्तन कर के रहेंगे। 15 वर्षों में जो भी जनप्रतिनिधि बने सब अपने स्वार्थ को पूरा करने में लगे रहे। इसीलिए जनता ने दिलीप का समर्थन करते हुए कहा कि 13 नवंबर को सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाकर दिलीप को विजयी बनाना है और अपने क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना है। श्री नामधारी ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान हर जगह जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। मौके पर काफी संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे।

### क्षेत्र के समुचित विकास के लिए जनता कर रही है पूर्ण समर्थन : केएन त्रिपाठी



**मेदिनीनगर।** इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने भंडरिया प्रखंड के दर्जनों से अधिक पंचायत के विभिन्न इलाकों का सघन जनसंपर्क सह परिभ्रमण कार्यक्रम चलाया। जिसमें जोश जुनून और उत्साह से स्थानीय लोग लबरेज थे। उन्होंने भंडरिया प्रखंड के फकीराडीह, ठेकही, बिजका, चपलसी, हरता, तिहारो, कुरूण, परों, नगनाहा, बिंदा, कंजीया मदगड़ी, सरईडीह, जेनेवा और बंगाली डेरा समेत कई ग्रामों में जाकर जनता से मिले। साथ ही 13 नवंबर को हाथ छाप पर वोट देने की अपील की। उन्होंने अपने बच्चों के भविष्य निर्माण और क्षेत्र में विकास कार्य के लिए अपने मत का प्रयोग करने की बात कही। श्री त्रिपाठी ने दौरा के क्रम में रामगढ़ प्रखंड के रामगढ़ में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जनता इस बार पूर्ण समर्थन करेगी।

### विधायक बनाकर भेजें, कभी निराश नहीं होने देंगे : राधाकृष्ण किशोर



**पाटन पलामू।** इंडिया गठबंधन के पाटन छतरपुर विधानसभा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर पाटन एवं किशुनपुर में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान पाटन के कुड़वा मोड़ पर सैकड़ों बाइक सवार कार्यकताओं के साथ सिरमा मुखिया राकेश दुबे ने स्वागत किया। वहीं किशुनपुर में हजारों कार्यकर्ताओं ने राधा कृष्ण किशोर को गर्मजोशी के साथ स्वागत किया तथा चुनावी कार्यालय उद्घाटन में भाग लिया।

### डॉ शशिभूषण के नेतृत्व में कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन, बोले

# मौका दीजिये... पांकी विस क्षेत्र को राज्य में अव्वल बनाने में नहीं छोड़ूगा कोई कसर

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधायक सह भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में पांकी प्रखंड के ग्राम महुगांइ और प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर के ग्राम ठकुराई चौरा से सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मोर्या फार्म हाउस में भाजपा प्रत्याशी ने सभी को भाजपा का पट्टा देकर सम्मानित किया। डॉ मेहता के नेतृत्व में भाजपा की सदस्या ग्रहण करने वालों में सुखदेव साव, निर्मल उरांव, मजनू, सुरेंद्र कुमार, बाबूलाल शर्मा, विजय ठाकुर, विनय प्रजापति, रमेश प्रजापति, अनुज ठाकुर, अभय प्रजापति, शिवलाल उरांव, अजय उरांव, राधेश्याम शर्मा, पंकज कुमार, देवराज कुमार, अभय कुमार, विजय कुमार, चंदन कुमार, दशरथ पासवान, गुड्डू पासवान, रमेश, मंटू कुमार, रजनीकांत कुमार सहित कई लोगों का नाम शामिल है। डॉ मेहता ने कहा कि आपका समर्थन और सहयोग पांकी के विकास के हमारे संकल्प को और सशक्त करेगा। भाजपा ही राज्य व राज्य के लोगों का भला कर सकती है। सूबे में भाजपा की सरकार बननी तय है। विधायक ने सबसे कमल का बटन दबाने की अपील की। कहा कि मौका दीजिये पांकी विस क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा कराते हुए विकास की गंगा बहाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। मौके पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

# मां लक्ष्मी पांकी विधानसभा क्षेत्रवासियों पर कृपा बरसायें : डॉ शशिभूषण मेहता

- महावीर मंदिर नवयुवक संघ पूजा समिति ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते भाजपा प्रत्याशी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र के पांकी प्रखंड के नौडीहा, बहेरा, बिदरा और गणेशपुर में महावीर मंदिर नवयुवक संघ पूजा समिति ने श्री लक्ष्मी पूजा महोत्सव के भक्ति जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने किया। मौके पर सभी समिति के सदस्यों को फूल माला और चुनरी से सम्मानित कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा निखरती है। वहीं सांप्रदायिक सौहार्द व भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि मां लक्ष्मी पांकी विस क्षेत्रवासियों पर कृपा बरसाये। सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि व खुशहाली आये। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमेशा की जानी चाहिए। इधर, नीलांबर पीतांबरपुर के पंचायत जामुनडीह के ग्राम झरहा में काली पूजा महोत्सव के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक ने भक्ति जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूजा कमेटी के सभी सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर भोलानाथ साव, शुकुल पासवान, अध्यक्ष गौतम पासवान, राकेश मेहता, मिथिलेश पासवान, पिंटू शर्मा, लालो मांझी, सोनू पासवान समेत कई लोग शामिल थे।

### सांसद ने सतबरवा क्रांति चौक पर किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन, बोले

# झारखंड में रोटी, माटी और बेटी बचाने को संकल्पित है भाजपा

- भाजपा के घोषणा पत्र को राज्य में सरकार बनते ही पूरा किया जायेगा

खबर मन्त्र संवाददाता



आलोक चौरसिया के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते सांसद।

**सतबरवा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को सतबरवा के क्रांति चौक में डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया के चुनावी कार्यालय का उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार में रोटी, माटी व बेटी पर आफत आ गई है जिसे बचाने के लिए भाजपा कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार ने चुनाव के दौरान जो भी वायदे किए थे, वह एक भी पूरा नहीं कर सकी है। भाजपा जो वादे करती है उसे पुरा करती है। भाजपा के घोषणा पत्र को राज्य में सरकार बनते ही पूरा किया जायेगा। झारखंड के उज्जवल भविष्य के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है। उन्होंने मतदाताओं से 13 नवंबर को कमल फूल चुनाव चिन्ह पर बटन दबाने के अपील किया। सतबरवा प्रखंड के प्रभारी दुर्गा जौहरी ने कहा कि पिछले 5 वर्षों के दौरान हेमंत सोरेन की सरकार प्रदेश के जनता को छलने का कार्य किया है। डालटनगंज से भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया हैट्रिक जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं से कमल का बटन दबाने की अपील की। मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, राणा प्रताप कुशवाहा, ज्वाला चौरसिया, मोहन जोशी, आशीष सिन्हा, मनीष कुमार, महेश्वर सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, पप्पू सिंह, बलदेव मेहता, प्रीति गुप्ता भी थे।

# कार्यकर्ताओं को भाजपा में मिलता है भरपूर मान-सम्मान : कमलेश

- दर्जनों ने राजद और बसपा छोड़ भाजपा का दामन थामा

खबर मन्त्र संवाददाता



भाजपा की सदस्यता लेने के बाद एकजुटता प्रदर्शित करते लोग।

**हुसैनाबाद पलामू।** भाजपा नेता कमलेश सिंह के कार्यकर्ताओं के साथ अच्छे व्यवहार को देख हुसैनाबाद में लगातार भाजपा का कुनबा बढ़ता जा रहा है। हुसैनाबाद व पिपरा प्रखंड के राजद, बसपा समेत अन्य दलों के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं। पिपरा व हुसैनाबाद के लोटनिया में भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह के जनसंपर्क अभियान के दौरान बसपा व राजद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। सभी को कमलेश ने पट्टा पहना कर उनका पार्टी में स्वागत किया। शामिल होने वालों में रघुराई पाल, शंभू शर्मा, देवेंद्र शर्मा, राकेश पाल, सुकेश पाल, प्रमोद पाल, अजय सिंह, दीपक, आशारायण पाल, अमित सिंह, अरविंद शर्मा, देवन राम, रमेश विश्वकर्मा, मुन्ना विश्वकर्मा व बैजू विश्वकर्मा, पिपरा प्रखंड के मुन्ना गुप्ता, विनय साव, राहुल चौधरी, रंजन साव, अनिल साव, प्रिंस गुप्ता, अनूप यादव, रौशन चंद्रवंशी, रंजन कुमार, उत्तम मालाकार, अमित मालाकार, अभिजीत ठाकुर, आशुतोष सिंह, सुजीत सिंह, ध्रुव सिंह, अश्विनी सिंह, शिव मालाकार, प्रदीप मालाकार, राजू मालाकार, बादल राम, मनीष साव, सोनू साव, रवि सिंह, रिंकू सिंह, मोनू सिंह, मनीष सिंह, राकेश ठाकुर, मुरली सिंह, सोनू सिंह, दिनेश राम, विनोद राम, राजकुमार राम, धर्मेंद्र राम, रूपेश कुमार, बसंत कुमार शामिल हैं। लोगों ने बताया कि कमलेश सिंह के कार्यों, नरेंद्र मोदी के कार्य कलाप व भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया।

## पूर्व स्पीकर नामधारी ने जनता से की निर्दलीय दिलीप को जिताने की अपील

- पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने चैनपुर के कई गांवों का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर/मेदिनीनगर।** प्रखंड के सोकरा, बसरिया, पिडहे, सलतुआ, करसो, बोड़ी, मतौली गांवों में निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के पक्ष में जनसंपर्क झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने किया। जनता ने उनका जोरदार स्वागत कर उनके कार्यकाल को याद कराया और उनसे उनके बेटे दिलीप को जिताने की कसमें भी खायी। श्री नामधारी ने कहा कि जो विकास के कार्य रुके हुए हैं उसे दिलीप जरूर पूरा करेगा इसीलिए 13 नवम्बर को सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाकर दिलीप को भारी मतों से विजयी बनाएं। साथ ही क्षेत्र में एक बार सेवा करने का मौका दें। मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## झारखंड का विकास डबल इंजन की सरकार ही करेगी : सतीशचंद्र दुबे

- कोयला राज्य मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क, मोदी सरकार की गिनायी उपलब्धियां

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** मोदी मंत्रिमंडल के कोयला राज्य मंत्री सतीशचंद्र दुबे ने रविवार को भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी के पक्ष में बी मोड़ से पी मोड़ तक जनसंपर्क किया। इस दौरान श्री दुबे लगभग दर्जन भर ब्राह्मण बहुल गांवों में जाकर लोगों से मिले और चंद्रवंशी को समर्थन देने का आग्रह किया। कहा कि जात पात मत देखिये, आप लोग सिर्फ पीएम मोदी की नेतृत्व क्षमता और कमल निशान देख मतदान कीजिये। श्री दुबे ने कहा कि झारखंड का विकास डबल इंजन की सरकार ही करेगी। हेमंत सरकार तो पांच साल सिर्फ लूट खसोट में लगी रही, ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। मौके पर निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे, डॉ वी पी शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, मनीष गुप्ता, कुकू चौधरी, रवींद्र कुमार मौजूद थे।

### नाबालिग के तीन अपहरणकर्ता गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** थाना क्षेत्र के चेचरिया निवासी करेश भुईयां ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। कहा कि उसकी तीन वर्षीय पोती को बेचने की नियत से अपहरण कर लिया गया है। इस मामले में करेश भुईयां ने सुदय एवं शंकर भुइयां के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी। जिस पर नावा बाजार थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी शाखा एवं गुप्तचर के सहयोग से सुदय को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सुदेश ने पुलिस से कहा कि शंकर राम एवं छतरपुर थाना क्षेत्र के लोहराही निवासी राजू भुइयां के साथ मिलकर उक्त बच्ची का अपहरण किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अपहरण की घटना एक नवंबर को संध्या में घटी थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर तीनों को गिरफ्तार कर बच्ची को बरामद किया गया।

### पांकी प्रखंड के 22 मुखिया का देवेंद्र सिंह (बिट्टू) को समर्थन देने की बात सरासर गलत



**मेदिनीनगर।** प्रखंड मुख्यालय में रविवार को मुखिया प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में सोशल मीडिया में मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पांडे उर्फ जितेंद्र पांडे व सकलदीपा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हफीजुल अंसारी द्वारा बयान जारी कर कहा कि गया कि पांकी प्रखंड के बाइस मुखीया देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को समर्थन देने की बात को डंडार कला पंचायत के मुखिया प्रदुमन सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने सरासर निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि पांकी में पचीस पंचायत के दो मुखिया को छोड़कर किसी से भी पूछा नहीं गया केवल मुखिया संघ के अध्यक्ष स्वयं बयान देकर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। जबकि किसी भी मुखिया से चुनाव से संबंधित कोई राय मशवरा नहीं लिया गया। पंचायत के मुखिया स्वतंत्र है वह किसी भी प्रत्याशी को जनसमर्थन दे सकते हैं। मौके पर केकरगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि निरंजन यादव, पकरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, सगालीम मुखिया सुनील प्रजापति, ढूब पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि यशवंत राम, कोनवाई मुखिया बृजदेव सिंह, रितेश कुमार, विजय महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक बनायें, नीलगाय की समस्या से हरसंभव दिलायेंगे निजात : अंजू सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

- फसल की सुरक्षा के लिए उठायेंगे सकारात्मक कदम : अंजू सिंह
- किसानों के लिए बड़ी समस्या बना नीलगाय



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर विस क्षेत्र की सपा प्रत्याशी अंजू सिंह विधायक बनने पर किसानों को नीलगाय की समस्या से निदान दिलायेंगी। इसके लिए सदन में आवाज बुलंद कर ठोस कदम उठायेंगी। ताकि किसानों के फसल की सुरक्षा हो सके और उत्पादन अधिक हो। अंजू ने विस क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर उक्त बातें कही। उन्होंने झीना, कुरकुट्टा, रामबांध, लमारी खुर्द, घटहुआ, सेतो, राजा घटहुआ, रतमगढ़, कवाड़ी, महुली सननी, हरिगांवा, कोरियाडीह, भुड्डआ, मंडरा, शिवपुर, बहेरा, अधौरा, देवडीह, सोनपुरवा, तेलियाबांध, बुद्धिखाड सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया।

### छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने संतोष चौधरी

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर सामाजिक सेवा समिति ने भेलवा नदी शिवघाट के पास स्थानीय लोगों की एक बैठक छठ महापर्व के भव्य आयोजन को लेकर हुई। जिसकी अध्यक्षता सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय और संचालन पेंटर विजय कुमार ने किया। बैठक में छठ के सफल आयोजन को छठ पूजा समिति गठित की गयी। सर्वसम्मति से संतोष चौधरी को अध्यक्ष चुना गया। वहीं गोपाल सोनी, विजय पेंटर, अमित सोनी व कृष्णा केशरी उपाध्यक्ष, मनोज कुमार, बिहारी पासवान व चंदन चंद्रवंशी सचिव चुने गये।

## क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के प्रत्याशी को जितायें : मनोज

खबर मन्त्र संवाददाता

- पाटन, पड़वा और किशुनपुर भाजपा मंडल की बाईक रैली



**पाटन पलामू।** छतरपुर पाटन विस के पाटन, पड़वा और किशुनपुर भाजपा मंडल ने बाइक रैली निकाली। बाइक रैली से कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में काफी उत्साह जगाया। इसकी शुरुआत सिक्का पुल से पूर्व सांसद और भाजपा नेता मनोज कुमार ने की। रैली सभी मुख्य सड़कों से गुजरते हुए जनता की ताकत का प्रतीक बनी। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने बताया कि यह आयोजन आम जनता की शक्ति को दर्शाता है। किशुनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडेय, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह और पड़वा मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय ने भी भाजपा के विकास के कार्यों की सराहना की। पूर्व सांसद ने कहा कि यदि आप देश के साथ राज्य का पूर्ण विकास चाहते हैं, तो भाजपा प्रत्याशी को वोट दें।

# छठव्रतियों का आशीर्वाद प्राप्त करना सौभाग्य की बात : आलोक चौरसिया

- भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने किया जनसंपर्क
- चैनपुर बाजार में महान क्लब ने बांटी पूजन सामग्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर/ मेदिनीनगर।** भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक आलोक चौरसिया ने चैनपुर बाजार व रामगढ़ में जनसंपर्क अभियान चलाया। चैनपुर बाजार में छठ महापर्व के पावन अवसर पर अध्यक्ष अमित सोनी के नेतृत्व में महान क्लब द्वारा छठ पूजा की सामग्रियों का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया भी उपस्थित रहे।





जनसंपर्क करते और छठ की पूजन सामग्री बांटते भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया व अन्य।

**कार्यक्रम की खास बातें :** आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और छठ व्रतियों को इस सेवा कार्य से विशेष सहयोग मिला। श्री चौरसिया ने व्रतियों को पूजन सामग्री प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर श्री चौरसिया ने व्रतियों से मिलकर अपने पक्ष में आशीर्बाद मांगा। कहा कि व्रतियों द्वारा सहयोग प्राप्त करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी ने बताया कि छठ महापर्व पर हर वर्ष की तरह इस बार भी जरूरतमंद व्रतियों के लिए पूजा की सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिसमें ठेकुआ, सूप, नारियल, फल और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं। श्री चौरसिया ने कहा कि छठ पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है और यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने की प्रेरणा देता है। ऐसे पावन अवसर पर जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करना और आशीर्वाद प्राप्त करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आलोक चौरसिया ने भाजपा के विकास-आधारित एजेंडे पर प्रकाश डाला। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता ने मौका दिया तो वे अपने क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचायेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य हर तबके के विकास और उत्थान को सुनिश्चित करना है। उन्होंने जनता से कहा कि वे क्षेत्र के समग्र विकास में भागीदार बनें। कहा कि जनता का समर्थन ही मेरी ताकत है। चैनपुर और रामगढ़ के जनसंपर्क अभियान के दौरान आलोक चौरसिया के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल थे।

# बिश्रामपुर : ब्रह्मदेव की पत्नी का ताबड़तोड़ जनसंपर्क, जीत के लिए झोंकी पूरी ताकत

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों से ब्रह्मदेव प्रसाद के लिए वोट मांगती उनकी पत्नी रजनी देवी।

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद की पत्नी ने चुनाव प्रचार को नए जोश के साथ गति दी है। वे बरडीहा प्रखंड के बभनी, लालगाड़ा, सरसतिया, लोका, बरछाबंध, लावा चंपा, आदर, सेमरी, जतरो बंजारी, नावाडीह, सुखनादि, लेवा टांड़, खरड़िया जैसे क्षेत्रों में पहुंचे और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। रजनी देवी ने जनता के साथ संवाद करते हुए अपना विचार साझा कि यदि हम जीतते है तो ब्रह्मदेव प्रसाद के द्वारा गरीब, शोषित, पिछड़ा वर्ग को उनका जो अधिकार है ओ दिला कर रहेंगे। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे आगामी 13 नवंबर को बैटरी टॉर्च के निशान का बटन दबाकर ब्रह्मदेव प्रसाद को विजयी बनाएं। अपने क्षेत्र में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए रजनी ने बताया कि क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को प्रथम प्राथमिकता दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने युवाओं और महिलाओं के लिए किये गये प्रयासों को भी जनता के सामने रखा और भरोसा दिलाया कि ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में क्षेत्र में नयी संभावनाएं और अवसर उत्पन्न होंगे। जनता के बीच उत्साह है। ग्रामीणों ने ब्रह्मदेव प्रसाद को समर्थन का वादा किया। मौके पर कई लोग शामिल थे।

## झारखंड की खनिज संपदा पर है भाजपा की गिद्ध दृष्टि: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# इंडिया गठबंधन के साथ है झारखंड की जनता: मंत्री मिथिलेश

▸▸ गढ़वा का विकास देखने आ रहे हैं पीएम मोदी

▸▸ रंका में झामुमो की जनसभा आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मंचासीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अन्य।


उपस्थित जनसमूह।

**गढ़वा/रंका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भाजपा को झारखंड एवं झारखंड की जनता से काई लेना देना नहीं है। बल्कि झारखंड की खनिज संपदा पर भाजपा की गिद्ध नजर टिकी हुई है। यही कारण है कि भाजपा हर हाल में झारखंड की सत्ता प्राप्त करना चाहती है। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने रविवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय रंका के मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से आगामी 13 नवंबर को पार्टी प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को ईवीएम में दूसरे नंबर पर स्थित चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यहां जुमलेबाजों की फौज आ रही है। इन लोगों ने पांच साल तक हमारी सरकार को गिराने का भरपूर प्रयास किया। अब गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को दिग्भ्रमित करते चल रहे हैं। भाजपा घर, परिवार, भाई-भाई, बाप-बेटा को आपस में लड़ाकर, समाज को तोड़कर, जाति धर्म का विभेद पैदा कर सत्ता हासिल करना चाहती है। जब भाजपा हमारे विधायकों को नहीं तोड़ सकी तो मुझे ही जेल में डाल दिया। श्री सोरेन ने कहा कि अगली बार वे सभी गरीबों के घर में एक-एक लाख रुपए देंगे। यहां 2500 रुपए हर माह देने का कानून बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का बस चले तो जनता के शरीर से कतरा-कतरा खून निकाल लेगा।

ये लोग सत्ता प्राप्त करने के लिए हिंदु-मुस्लिम कर रहे हैं। जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए पूरे देश भर से पांच सौ रंग बिरंगे लोगों को बुला रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नक्सलवाद और बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करती है। यदि यहां नक्सलवाद समाप्त नहीं हुआ होता तो पांच चरण का चुनाव दो चरण में कैसे होता। बूढ़ा पहाड़ पर कदम रखने वाला हेमंत सोरेन पहला मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री को भारत में शरण दिया गया है। झारखंड की बिजली बांग्लादेश जाती है। यह सारा काम केंद्र सरकार खुद कर रही है और झारखंड में घुसपैठ की बात करती है। उन्होंने कहा कि राज्य में 15000 किमी ग्रामीण सड़क निर्माण का मैप तैयार है। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर पूरे झारखंड की जनता इंडिया गठबंधन के साथ है। राज्य की जनता का अब कोई भी हक नहीं लूट पायेगा।

उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने जिसे 10 साल मौका दिया उस भाजपा के विधायक ने विधायक निधि का 40 करोड़ रुपए अपने घर में डाल दिया। अलकतरा घोटाला किया। जिसे 17 साल मौका दिया वे अपना कॉलेज खोलने और डंफर चलाने में व्यस्त रहे। ये लोग पहले जनता का वोट लूटेंगे फिर विधायक बनकर जनता का हक लूटेंगे।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि 30 साल में उन लोगों ने जो नहीं कर पाया। उनके 30 साल पर मेरा तीन साल भारी है। उन्होंने कहा कि समाज को जात, पात, हिंदु-मुस्लिम में बांटने वाले लोग पूरी तरह से छटपटा रहे हैं। गढ़वा का विकास देखने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। वे लोग यहां बिजली, पानी, सड़क, कोई सुविधा नहीं देंगे। बल्कि समाज को हिंदु-मुस्लिम, जात पात में बांटकर चले जायेंगे। फिर गढ़वा को भूल जायेंगे। परंतु आपका भाई, आपका बेटा मिथिलेश ठाकुर हमेशा आपके साथ रहेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने लोगों ने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग उन्हें भगवान श्री का अस्त्र तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनायें। जवाहर पासवान ने कहा कि भाजपा में गरीब, दलित, मजदूर, पिछड़े एवं आदिवासियों का कोई सम्मान नहीं है।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, नितेश सिंह, चंदन जायसवाल, विरेंद्र साव, कबुतरी देवी, सुरेंद्रनाथ तिवारी, अंजली गुप्ता, छुन्नु कुरैशी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, कार्तिक पांडेय, ब्रजेंद्र चैधरी, संजय कुमार सिन्हा, दीपक सोनी, मो. अलीम, इरफान अंसारी, मालती देवी, जिप सदस्य अर्पणा तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### छठ महापर्व को लेकर छठ घाट का निरिक्षण


निरीक्षण करते मारूत नंदन सोनी।

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी भाजपा नेता सह नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुत नन्दन सोनी ने कार्तिक छठ पूजा को लेकर पवित्रता और शुद्धता का ध्यान रखते हुए टंकी छठ घाट एवं मेला छठ घाट को छठ पूजा समिति के सदस्यों के साथ छठ पूजा स्थल का मुआयना किया। मारुत नन्दन सोनी ने पूछे जाने पर कहा कि मैं दो छठ घाटों का मुआयना किया ताकि सुरक्षा दृष्टिकोण से छठ व्रतियों को किसी भी तरह की कोई परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। वहीं सोनी ने कहा कि छठ व्रतियों के लिए साफ स्वच्छ सड़क, बिजली, पानी, लाइट जैसे मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी से बात भी कर इसे दुरुस्त करने का आग्रह भी किया। छठ घाट स्थल पर चंदन कमलापुरी, संजय कमलापुरी, टिंकू कमलापुरी, वीरेंद्र कुमार, मनीष गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने चित्रगुप्त मंदिर में की पूजा-अर्चना

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी जाकर भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की एवं राज्य के विकास, सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री का गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी चित्रगुप्त पूजा समिति ने स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के नौजर घाट, दीवान मुहल्ला स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं राज्य के विकास, सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पटना की मेयर सीता साहू, पूर्व विधान पार्षद सह गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष डॉ रणवीर नंदनतथा श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर प्रबंधक समिति के सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# फसल की सुरक्षा के लिए उठायेंगे सकारात्मक कदम: अंजू सिंह


जनसंपर्क करती अंजू सिंह।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** 77-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी अंजू सिंह विधायक बनने पर किसानों को नीलगाय की समस्या से निदान दिलाने का कार्य करेंगी। इसके लिए सदन में आवाज बुलंद कर ठोस कदम उठाने का कार्य करेंगी, ताकि किसानों के फसल की सुरक्षा हो सके और उत्पादन अधिक हो। अंजू सिंह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर उक्त बातें कही। अंजू सिंह आज झीना, कुरकुट्टा, रामबांध, लमारी खुर्द, घटहुआ, सेतो, राजा घटहुआ, रतमगढ़, कवाड़ी, महुली, सननी, हरिगांवा, कोरियाडीह, भुड्डआ, मंडरा, शिवपुर, बहेरा, अधौरा, देवडीह, सोनपुरवा, तेलियाबांध, बुद्धिखाड सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कांडी, मझिआंव और बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या नीलगाय से फसल की बबार्दी से ही। विधायक बनने पर इस दिशा में कार्य करते हुए किसानों को लाभ पहुंचाया जायेगा। इसके अलावा सिचांई के समुचित साधन उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि किसानों के खेतों में अच्छी उपज हो सके। इसके अलावा किसानों द्वारा उत्पादन किये गये अनाज, उत्पाद को उचित बाजार उपलब्ध कराने के दिशा में प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और पलायन भी इस क्षेत्र के लिए समस्या है। लोगों को नौकरी दिलाने एवं स्वरोजगार से जोड़कर, खेतों तक पानी पहुंचाकर उत्पादन बढ़ाने के लिए कार्य किये जायेंगे। इससे क्षेत्र से पलायन समाप्त होगा और बेरोजगारी दूर होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास योजनाओं को लाकर लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। जनसंपर्क अभियान में मुन्ना ठाकुर, अंजनी सिंह, पप्पू राम, करण ठाकुर, अनिकेत द्विवेदी, सुनील पांडेय, पप्पू मेहता, सीटू दुबे, राहुल कुमार दुबे, मीरा सिंह, ननकु प्रसाद, संजीत प्रसाद, अक्षेश्वर प्रसाद, दशरथ प्रसाद, राकेश यादव, बिपिन रजक, सूर्यदेव यादव, सुनील बैठा, चंदन सिंह, सुनील सिंह, उपेंद्र मेहता, प्रकाश राम, टूटू पासवान, चंद्र प्रकाश पासवान, राम सिंह, सुनील शर्मा, लल्लू मेहता, मुरली राम सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग शामिल थे।

### पीएम मोदी गढ़वा में आज, तैयारी पूरी, एसपीजी के हवाले हुए कार्यक्रम स्थल

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गढ़वा आयेंगे। गढ़वा के चेतना में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। सुरक्षा के चाक चैबंद प्रबंध किये गये हैं। पूरा कार्यक्रम स्थल एसपीजी के हवाले कर दिया गया है। डॉग स्कवायड की टीम पूरे कार्यक्रम स्थल की जांच की। साथ ही डीआईजी सहित सभी वरिय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

### पेड़ से लटकता मिला लाश

**बेतिया।** सोलह वर्ष की लड़की का लाश लीची के पेड़ से लटकता हुआ मिला है। बेतिया पुलिस जिला के बैरिया थाना क्षेत्र के बगही निमिया टोला की घटना बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि लाश का पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया गया है। आत्महत्या करने के पीछे के कारणो का पता लगाया जा रहा है। बताया जाता है कि बगही रतनपुरा पंचायत के निमिया टोला निवासी राजेश चौधरी की 16 वर्षीय पुत्री चांदनी ने घर के बगल में स्थित बगीचे में लीची के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसकी जानकारी मिलते हो पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दी है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि किशोरी फांसी लगाकर आत्महत्या की है।उन्होंने बताया कि ऐसा बताया जा रहा है कि किशोरी की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। मिली जानकारी के अनुसार रविवार के अहले? सुबह में बगही रतनपुरा पंचायत के बगही निमिया टोला निवासी राजेश चौधरी कि 16 वर्षीय पुत्री चांदनी कुमारी का शव पेड़ से लटकता देख लोग हल्ला किया।

# भाजपा की सरकार बनी तो घूसपैठिये होंगे बाहर: बाबूलाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते भाजपा के प्रदेष अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी।

**गढ़वा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू किया जाएगा। जिसमें आदिवासी समाज को विशेष रूप से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने रविवार को गढ़वा के भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। इससे पूर्व श्री मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारी का स्थल निरीक्षण किया।

श्री मरांडी ने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जारी भाजपा के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड के लिए भाजपा ने पांच प्रमुख संकल्प लिए हैं। इनमें महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने 2100 रुपये खातों में डालने, 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने और त्योहारों के अवसर पर साल में दो बार मुफ्त गैस सिलेंडर देने का वादा शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर झारखंड के गरीबों के लिए 21 लाख पक्के प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। नौजवानों के रोजगार की बात करते हुए मरांडी ने कहा कि राज्य में खाली पड़े 2,87,500 सरकारी पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी, जिसमें 1 साल के भीतर डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा और शेष पदों पर पांच साल में नौकरी दी जाएगी। साथ ही निजी क्षेत्र में भी 5 लाख नौकरियों का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार बनते ही परीक्षा भर्ती मामलों की गहन जांच कराई जाएगी। मरांडी ने संकल्प पत्र के पांचवें बिंदु में युवाओं के लिए दो वर्षों तक बेरोजगार एमए और बीए पास युवाओं को 2000 रुपये मासिक बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया है। साथ ही झारखंड में जनसंख्या में हुए बदलावों पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे आदिवासी समाज को भारी नुकसान हुआ है। 2011 की जनगणना के बाद आदिवासी आबादी में 10 प्रतिषत की गिरावट आई है। संथाल परगना क्षेत्र की स्थिति और भी खराब है, जहां आदिवासी आबादी में 16 प्रतिषत की कमी दर्ज की गई है। मरांडी ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद इस मामले की जांच को रोकने की कोशिश की है। उन्होंने रोहिंग्या घुसपैठ पर भी टिप्पणी की और कहा कि कांग्रेस-झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन ने रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाकर अपना वोट बैंक बढ़ाने का काम किया है। भाजपा सरकार बनने पर इन घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें राज्य से बाहर किया जाएगा। एक अन्य सवाल पर मरांडी ने कहा कि झारखंड में रोजगार के लिए स्थानीय नीति का पालन किया जाएगा ताकि राज्य के युवाओं को ही नौकरी का लाभ मिले। हिंदू समाज में एकता बनाए रखने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर समाज को बांटना सही नहीं है और इससे समाज कमजोर होता है।

### पीएम मोदी के कार्यक्रम से पहले भाजपा को बड़ा झटका


झामुमो में शामिल करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

**गढ़वा।** गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चार नवंबर को आयोजित कार्यक्रम से ठीक एक दिन पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश उपाध्यक्ष हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी जवाहर पासवान भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। रविवार को रंका हाई स्कूल के मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा का आयोजित चुनावी जनसभा में श्री पासवान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष अपने समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल हो गये। मुख्यमंत्री ने जवाहर पासवान एवं अन्य लोगों को माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान भाजपा, बसपा, राजद, सपा आदि दलों को छोड़कर मुनेश्वर सिंह खरवार, संतोष चैधरी, रमाशंकर प्रसाद सहित काफी संख्या में लोगों ने झामुमो का दामन थाम लिया। सभी ने मंच से इंडिया गठबंधन को गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को तीर धनुष छाप पर वोट दिलाकर भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया।

### थाना प्रभारी ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**केतार।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर प्रखंड के मुकुंदपुर के नारायण वन में युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है। तैयारी का जायजा लेने के लिए रविवार को थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी एवं चंदन कुमार साहू ने छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने नारायण वन छठ घाट पर स्नान के लिए लगे झरना, पेयजल, मंदिर परिसर की साफ सफाई डेकोरेशन, पार्किंग, सीसीटीवी कैमरा और लाइटिंग की व्यवस्था की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रतियों की सुरक्षा व्यवस्था का पुखता इंतजाम किया जाएगा। उन्होंने मंदिर विकास समिति को लगभग 100 वॉलिंटियर का चयन करने का निर्देश दिया। मौके पर मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, धमेंद्र सिंह, विनोद गुप्ता, रविंद्र प्रसाद कमलापुरी, ओमनारायण गुप्ता, मनीष सिंह, मनीष प्रसाद, मुन्ना विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### धूमधाम से मना भैया दूज का त्यौहार

**भवनाथपुर।** भाई-बहन के बीच प्रेम को अभिव्यक्त करने वाला त्योहार भैया दूज प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई के स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन, समृद्धि के लिए व्रत रख घर के बाहर समूह में साफ सफाई के बाद गाय के गोबर से गोधन चक्र बनाया। इसके बाद उसमें बने आयु चक्र में गूंग भटकइया और अन्य पूजन सामग्री रख सज धज कर मूसल से गोधन कूटा। इस दौरान मोहल्ले या घर की बुजुर्ग महिला की देखरेख में परम्परानुसार गोधन के ह्नगोधन भइया चलले अहेरिया, खिलिच बहिना दे ली आशिष, जिउसहू मोरा भइया, जिय भइया भैया दूजह्न आदि पारम्परिक गीत गाया गया। इसके बाद बहनों ने अपनी जीभ पर गोधन चक्र पर रखे गूंग भटकइयां के कांटे को छुआकर भाइयों के सलामती के लिए गोवर्धन भगवान से गुहार लगाई।

# समस्तीपुर पहुंची एशियन हॉकी चैंपियंस महिला ट्रॉफी गौरव यात्रा का भव्य स्वागत

**एजेंसी**



**समस्तीपुर।** हॉकी का पर्व बिहार का गर्व स्लोगन के साथ एशियन हॉकी चैंपियंस महिला ट्रॉफी गौरव यात्रा रविवार को समस्तीपुर पहुंची। राजगीर से मुजफ्फरपुर होते हुये विशेष बस से चली इस ट्राफी गौरव यात्रा का भव्य स्वागत जिला प्रशासन ने किया। शहर के पटेल मैदान में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, मोरवा विधायक रणविजय साहू, विधानपार्षद तरूण कुमार, महापौर अनीता राम, अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी, नगर आयुक्त के.डी प्रज्जवल, डीडीसी संदीप शेखर प्रियदर्शी, एसडीएम दिलीप कुमार, ए.एसपी संजय कुमार पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर गुप्ता, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा नरेंद्र कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी आकाश सहित जिला के तमाम वरीय अधिकारियों ने ट्रॉफी का भव्य स्वागत किया। डीएम ने कहा कि आज का दिन समस्तीपुर के खेल इतिहास के लिए गौरव का पल है। राज्य में पहली बार एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 20 नवंबर तक राजगीर के स्पोर्ट्स अकादमी नालंदा में हो रहा है। इस गौरव यात्रा से राज्य व जिले की महीलाएं व युवा प्रतिभा खेलों के प्रति जागरूक होगी। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि इसकी मेजबानी करने का गौरव बिहार को मिला है। इस चैंपियनशिप में भारतीय हॉकी टीम के अलावा, छह देश की टीम चीन, जापान, दक्षिण कोरिया थाईलैंड और मलेशिया की टीमें भाग ले रही है। उन्होंने कहा कि यह गर्व एवं हर्ष का विषय है। पहली बार इतने बड़े लेवल पर यहां खेल का आयोजन किया जा रहा है। ट्रॉफी को इतने नजदीक से देखकर जिले वासी व खेलप्रेमी काफी उत्साहित है। थीम वाक्य-हॉकी का पर्व, बिहार का गर्व है। स्वागत समारोह में भारत स्काउट एंड गाइड के बैड बाजे की धूप पर ट्रॉफी को पटेल मैदान लाया गया। एंव चक दे इंडिया गाने की धुन पर बेहतरीन प्रर्दशन हुआ।

इस दौरान डीएम रोशन, विधानपार्षद, नगर आयुक्त, डीडीसी, एसडीएम सहित सभी अधिकारियों ने हॉकी खेली। कार्यक्रम का संचालन सौरभ चौधरी एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर आयुक्त ने किया। अवसर पर शिक्षक सुभीत कुमार सिंह, राहुल कुमार, रजनीश कुमार, उमेश कुमार सहित कई शिक्षकों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## पेज एक का शेष

### यूसीसी लागू करेंगे ...

बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ को संवारने का संकल्प दोहराया। राज्य की भाषाओं का स्कूल में पढ़ाई और इसमें कई को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा के उपयोग और उत्खनन से यहां के लोगों का विकास करेंगे। सहारा के वैध जमाकर्ताओं को लौटायी जायेगी राशि।

पांच साल में सिर्फ भ्रष्टाचार का खेल : संकल्प पत्र जारी करने के बाद अमित शाह ने कहा कि 2014 में राज्य को विकास की राह पर पीम मोदी ले गये थे। लेकिन इस 5 साल में सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ। विकास के काम बेपटरी हुआ। आदिवासियों के बीच यह अफवाह फैलायी गयी कि यूसीसी लागू होगा तो आदिवासी का रहन सहन प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि यूसीसी से आदिवासी से बाहर होंगे। हमारी भोली भाली आदिवासी बेटियों से शादी करने वालों का समय समाप्त हो चुका है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, बंगाल एवं झारखंड में घुसपैठ नहीं रूका। यहां के लोकल प्रशासन का सहयोग नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि उम्र विवाद मामले में हेमंत सोरेन को खुद जवाब देना चाहिए। इसके पहले बाबूलाल मरांडी ने भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी करार दिया। कार्यक्रम में डॉ रवींद्र राय, शिवराज सिंह चौहान, हिमंता बिस्वा सरमा, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, अर्जुन मुंडा, विद्युत वरण महतो, दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा, प्रतुल शाहदेव, प्रदीप सिन्हा, रविनाथ किशोर सहित कई नेता शामिल थे। मंच संचालन विधायक अनंत ओझा ने किया।

### रांची में हेमंत...

उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में लोगों से वोट देने की अपील की। रांची में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस रोड शो में पहले कल्पना मुर्मू सोरेन को शामिल होना था। पर अचानक कार्यक्रम में फेरबदल हुआ और रोड शाो की कमान स्वंय सीएम हेमंत सोरेन ने थाम लिया। यह रोड शो नेपाल हाउस से शुरू होकर महादेव मंडा, कर्बला चौक, गुदड़ी चौक, तड़पखना, अपर बाजार, जैन मंदिर, बड़ा तालाब, पुरानी रांची, किशोर गंज, पहाड़ी मंदिर, चुना भप्ता सहित विभिन्न स्थानों से होकर गुजरा। रोड शो में रांची विधानसभा की प्रत्याशी महुआ माजी के अलावा बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता समर्थक और आमजन शामिल हुए।

### भाजपा का संकल्प...

आदिवासी का हितैषी बताने वाले लोग असम के टी-ट्राइब और सरना कोड पर मौन हैं। भाजपा विकास के नाम पर सिर्फ कागजी घोड़े उड़ा रही है। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि रघुवर सरकार में लैंड बैंक के नाम पर आदिवासियों की जमीन हड़पी गयी थी, उसका क्या हुआ। वन अधिकार कानून में बदलाव क्यों किया गया। इस पर भाजपा का क्या कहना है यह बताना चाहिए। झारखंड राजद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि आज जब विधानसभा चुनाव आया है तो ओबीसी आरक्षण की बात की जा रही है। भाजपा को यह बताना चाहिए कि राज्य में 27% से 14 % आरक्षण किसकी सरकार ने और क्यों लागू किया। भाजपा को यह भी बताना चाहिए कि जातीय जनगणना पर क्या स्टैंड है।

### पत्नी, बहू, बेटा...

**मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू से :** परिवारवाद का फायदा उठाने वालों में अगला नाम है रश्मि प्रकाश का। वह चतरा से राजद की प्रत्याशी हैं। उनके ससुर सत्यानंद भोक्ता ने इस सीट को जीत कर झारखंड में राजद का खाता खोला था। इसी बीच भोक्ता जाति को अनुसूचित जाति की कैटेगरी से हटाकर अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिल गया। इसलिए सत्यानंद भोक्ता का यहां से लड़ना नामुमकिन था। ऐसे में पासवान जाति से आने वाली उनकी बहू रश्मि प्रकाश को राजद नें टिकट दिया। उनका सामना एनडीए की तरफ से लोजपा आर के प्रत्याशी और पूर्व विधायक जनार्दन पासवान से है।

**सांसद ढुल्लू के भाई :** इस लिस्ट में अगला नाम है बाघमारा के पूर्व विधायक और धनबाद के वर्तमान सांसद ढुल्लू महतो के भाई शत्रुघ्न महतो उर्फ शरद का। वह विधायक प्रतिनिधि भी रहे चुके हैं। भाजपा ने उन्हें बाघमारा से प्रत्याशी बनाया है।

**सांसद नलिन के पुत्र :** अगला नाम है नलिन सोरेन के पुत्र आलोक सोरेन का। झामुमो ने उन्हें शिकारीपाड़ा से प्रत्याशी बनाया है। नलिन सोरेन इस सीट से लगातार सात बार विधायक बनने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। अब संसद पहुंच चुके हैं। उनका सामना भाजपा प्रत्याशी पारितोष सोरेन से है जो पूर्व में दो बार जेवीएम और एक बार भाजपा की टिकट पर चुनाव हार चुके हैं।

**सांसद जोबा मांझी के पुत्र :** जोबा मांझी के पुत्र जगत मांझी मनोहरपुर से झामुमो के प्रत्याशी हैं। चाईबासा से सांसद बन चुकीं जोबा मांझी के जगत का मुकाबला एनडिए के घटक दल आजसू के दिनेश चंद्र बोयपाई से है।

**विधायक इंद्रजीत की पत्नी :** परिवारवाद की राजनीति में अगला नाम सिंदरी से भाजपा के विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी का है। इंद्रजीत महतो गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। लिहाजा उनका सारा कामकाज तारा देवी ही देख रही हैं। पार्टी ने तारा देवी को यहां से टिकट दिया है। उनका सामना भाकपा माले के प्रत्याशी चंद्र देव उर्फ बबलू महतो से है। इनको भी पहली बार टिकट मिला है। इनके पिता आनंद महतो तीन बार सिंदरी से विधायक रहे हैं। इस लिस्ट में सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का भी नाम है। अंतर बस इतना है कि उन्होंने हेमंत के जेल जाने के बाद सरफराज अहमद द्वारा गांडेय सीट खाली करने के बाद हुए उपचुनाव को जीत कर विधानसभा पहुंच चुकी हैं। अब दूसरी बार फिर गांडेय से ही मैदान में उतरी हैं।

## स्पीड न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के भाजपा अध्यक्ष बने सत शर्मा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही रविंदर रैना को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। रविवार को भाजपा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर में पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, रविंदर रैना को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

### पूजा के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट बंद

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के चार धामों में प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट भैयादूज के पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा अर्चना के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। पूरे शीतकाल में मां यमुना की पूजा अर्चना खरसाली स्थित यमुना मंदिर होगी। रविवार को अपराह्न 12 बजकर 5 मिनट पर मां यमुना जी के कपाट विधिविधान के साथ पूजन करने के बाद बंद कर दिए गए।

### सुकमा में नक्सलियों का हमला, दो जवान घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात पुलिस के दो जवानों पर नक्सलियों ने धार-धार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। नक्सली दोनों घायल जवानों की राइफलें लूट ले गए। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने घटना की पुष्टि की है। घायल जवानों को सुरक्षा बल जवानों ने तत्काल जगरगुंडा अस्पताल पहुंचाया, प्राथमिक उपचार के बाद दोनों जवानों को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए भेजा गया।

### हिज्बुल्लाह का एक और शीर्ष कमांडर मारा गया

**बेरुत।** इजराइल ने हिज्बुल्लाह के एक और शीर्ष कमांडर जाफर खादर फाउर की मौत का दावा किया है। सेना ने कहा कि उसने शनिवार को हिज्बुल्लाह के शीर्ष कमांडर फाउर को दक्षिणी लेबनान में मार डाला। सेना के मुताबिक, फाउर इजराइल पर हमलों के लिए जिम्मेदार था। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि करते हुए दावा किया है कि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के जौइया क्षेत्र में नासिर यूनिट के मिसाइल और रॉकेट इकाई के कमांडर जाफर खादर फाउर को मार गिराया।

### पुलवामा में दो सक्रिय आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में दो सक्रिय आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने एक्स पर कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, 55आरआर (राष्ट्रीय राइफल्स) और 182 बटालियन (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) ने शनिवार को डेंजरपोरा में सज्जाद अहमद डार को गिरफ्तार किया, जो हिजबुल मुजाहिदीन का सक्रिय सदस्य है।

### मध्य पूर्व पहुंचा अमेरिकी बमवर्षक विमान बी-52

**वाशिंगटन।** अमेरिकी बमवर्षक विमान बी-52 पश्चिम एशिया में पहुंच गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने यह जानकारी दी है। इससे पहले अमेरिका के रक्षा विभाग कहा था कि अमेरिका ने पश्चिम एशिया में एक विध्वंसक, बमवर्षक और लड़ाकू विमान भेजे हैं। रक्षा विभाग ने कहा था कि ये बल आने वाले महीनों में इस क्षेत्र में पहुंचने लगेंगे, जबकि विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन के नेतृत्व में वाहक हमला समूह प्रस्थान करने की तैयार है। सेंटकॉम ने कहा कि बी-52 स्ट्रैटोफोर्ट्रेस रणनीतिक बमवर्षक जिम्मेदारी वाले अमेरिकी सेंट्रल कमांड क्षेत्र में पहुंचे।

# आयोवा में हैरिस ने ट्रंप को पछाड़ा

## डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भारतवंशी कमला ने बनायी तीन फीसदी की बढ़त

**अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव कल**





एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पांच नवंबर को होगा राष्ट्रपति चुनाव। अमेरिका की राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस आयोवा राज्य में अपने प्रतिद्वंद्वी एवं रिपब्लिकन उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बढ़त बना ली है। एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार सुश्री हैरिस को 47 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है, जबकि ट्रंप को 44 फीसदी का समर्थन प्राप्त है। ट्रंप ने आयोवा में 2016 और 2020 में दो बार जीत हासिल की थी। शनिवार को जारी डेस मोइनेस रजिस्टर/मीडियाकॉम आयोवा पोल के अनुसार, संभवतः महिला मतदाता उस राज्य में बदलाव के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे ट्रम्प ने 2016 और 2020 में आसानी से जीता था। 28-31 अक्टूबर को 808 संभावित मतदाताओं के सर्वेक्षण में हैरिस ने ट्रंप को आयोवा में 47%-44% से आगे बताया है, जो हाल के वर्षों में रिपब्लिकन के लिए गहरा रुझान रहा है। यह त्रुटि के 3.4 प्रतिशत अंक के मार्जिन के भीतर है, लेकिन इसने सितंबर के आयोवा पोल से एक बदलाव को चिह्नित किया, जिसमें ट्रम्प को 4 अंकों की बढ़त मिली थी, अखबार ने बताया। रजिस्टर ने कहा किम सर्वेक्षण से पता चलता है कि महिलाएं - विशेषकर जो उम्रदराज हैं या जो राजनीतिक रूप से स्वतंत्र हैं - हैरिस की ओर रुझान बढ़ा रही हैं। ट्रंप ने अपने पिछले दो राष्ट्रपति अभियानों में आयोवा में जीत हासिल की, 2016 में 9 प्रतिशत से अधिक अंकों से और 2020 में 8 अंकों से। 1-2 नवंबर को संभावित मतदाताओं की समान संख्या के एमर्सन कॉलेज पोलिंग/ रियलक्लियरडिफेंस सर्वेक्षण में बिल्कुल अलग परिणाम सामने आया, जिसमें ट्रंप हैरिस से 10 अंकों से आगे थे। इस सर्वेक्षण में भी 3.4 प्रतिशत अंकों की त्रुटि का अंतर है। एमर्सन कॉलेज के सर्वेक्षण में पुरुषों और स्वतंत्र लोगों के बीच ट्रंप को हैरिस पर मजबूत बढ़त मिली थी, जबकि 30 वर्ष से कम आयु के लोगों के बीच हैरिस अच्छा प्रदर्शन कर रही थीं। राष्ट्रीय स्तर पर, हैरिस और ट्रम्प के बीच व्हाइट हाउस के लिए कड़ी टक्कर देखी जा रही है, तथा प्रारंभिक मतदान भी अच्छी तरह से चल रहा है। आयोवा में जो भी जीतेगा, उसे छह इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिलेंगे। व्हाइट हाउस पर कब्जा करने के लिए कुल 270 वोटों की जरूरत है। दोनों पार्टियां अपने अभियान के अंतिम दिनों में उत्तरी कैरोलिना, पेंसिल्वेनिया, मिशिगन और विस्कॉन्सिन जैसे युद्ध के मैदान राज्यों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

## राष्ट्रपति प्रत्याशी कमला का भारत प्रेम, बचपन के दिनों को किया याद

**कहा- मां ने मुझे विरासत का सम्मान करना सिखाया**

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शनिवार को प्रकाशित एक लेख में बचपन में की गईं भारत की अपनी यात्राओं और कैंसर का इलाज करने के अपनी मां के मिशन को याद किया। हैरिस ने दक्षिण एशियाई के ऑनलाइन प्रकाशन द जगरनॉट में प्रकाशित एक लेख में कहा कि ह्यह्यजब मैं और मेरी बहन बड़े हो रहे थे, तब मेरी मां ने हमें हमारी विरासत की सराहना और सम्मान करना सिखाया। हम लगभग हर दूसरे साल दिवाली के मौके पर भारत जाया करते थे। हम अपने दादा-दादी और अन्य रिश्तेदारों के साथ समय बिताते थे।

उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति के तौर पर मेरे आवास (उपराष्ट्रपति के सरकारी आवास) पर दिवाली समारोह का आयोजन किया जाना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। इसका मकसद न केवल अवकाश मनाना है बल्कि दक्षिण एशियाई अमेरिकी प्रवासियों के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना है। राष्ट्रपति पद के लिए पांच नवंबर को होने वाले चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित अपने लेख में हैरिस ने कहा कि 19 साल की उम्र में उनकी मां श्यामला हैरिस भारत से अमेरिका आईं।

उन्होंने लिखा कि मेरी मां के जीवन के दो लक्ष्य थेः पहला- अपनी दो बेटियों- मेरा एवं मेरी बहन माया का पालन पोषण करना तथा दूसरा स्तन कैंसर का इलाज करना ह्व राष्ट्रपति चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका के लोग एक ऐसा राष्ट्रपति चाहते हैं जो सभी अमेरिकियों के लिए काम करे।

### ईरान में हिजाब कानून का विरोध, युवती ने कपड़े उतारकर किया प्रदर्शन

**दुबई।** ईरान में हिजाब के सख्त कानून के विरोध का एक नया मामला सामने आया है। शनिवार को एक युवा महिला ने तेहरान स्थित इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी के परिसर में कपड़े उतारकर कथित तौर पर विरोध प्रदर्शन किया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह कदम ईरान में महिलाओं पर लगाए गए कड़े हिजाब नियमों के खिलाफ आवाज उठाने के रूप में देखा जा रहा है। वीडियो में सुरक्षा गार्डों को महिला को हिरासत में लेते हुए दिखाया गया है। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता आमिर महजोब ने कहा कि पुलिस स्टेशन में यह पाया गया कि महिला गंभीर मानसिक दबाव में थी और मानसिक विकार से पीड़ित थी। हालांकि, सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने इसे एक सोची-समझी विरोध की कार्रवाई बताया है। सोशल मीडिया पर लेई ला यूजर ने लिखा कि ज्यादातर महिलाओं के लिए सार्वजनिक जगहों पर अंतःवस्त्र में होना एक बुरा सपना होता है। यह (महिला की) प्रतिक्रिया हिजाब को लेकर की जा रही मूर्खतापूर्ण जिद के खिलाफ है। ईरान के प्रसिद्ध दैनिक हमशहरी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा कि एक सूत्र के अनुसार महिला गंभीर मानसिक समस्याओं से जूझ रही है।

## श्रीनगर के व्यस्त बाजार में आतंकी हमला, 12 घायल

**श्रीनगर।** श्रीनगर में रविवार को पर्यटन स्वागत केंद्र (टीआरसी) के पास आतंकियों के ग्रेनेड़ हमले में 12 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को एसएमएचएस अस्पताल पहुंचाया गया। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस घटना को परेशान करने वाला बताया। उन्होंने कहा निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। घटना के संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में साप्ताहिक रविवार बाजार के लिए खरीदारों की भारी भीड़ थी। उसी समय आतंकियों ने टीआरसी के पास एक व्यस्त बाजार में लोगों को निशाना बनाकर एक ग्रेनेड फेंका, जिसमें 12 लोग घायल हुए हैं।

**सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर शुरू किया तलाशी अभियान**



## योगी को धमकी देने वाली महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रविवार सुबह जान से मारने की धमकी देने के मामले में एटीएस ने के ठाणे के उल्हासनगर में एक फातिमा नाम की महिला को पकड़ कर मुंबई लाई है। महिला का मानसिक हालत ठीक नहीं बताई जा रही है। इसलिए उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस उसकी मानसिक जांच कराएगी। पुलिस ने उसे पकड़ने के बाद नोटिस दिया गया है। महिला की उम्र 24 साल है। महिला ने मुंबई पुलिस को दी धमकी में कहा था कि अगर योगी आदित्यनाथ ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया तो हम उन्हें बाबा सिद्दीकी की तरह मार डालेंगे। बताया जा रहा है कि फातिमा महाराष्ट्र के ठाणे के उल्हासनगर की रहने वाली है। उसके पिता का लकड़ी के कारोबारी हैं। पुलिस के मुताबिक फातिमा पढ़ी-लिखी है, लेकिन मानसिक रूप से ठीक नहीं है। उसने सीएम योगी को जान से मारने की धमकी क्यों दी, अभी तक इसकी जानकारी नहीं हो पाई है।

## कंगना ने भाइयों को भाई दूज की दी बधाई

**मुंबई।** बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर भाइयों को खास अंदाज में बधाई दी है। अपनी इमरजेंसी की रिलीज को लेकर उत्साहित अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर भाइयों के साथ एक खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर कैप्शन में लिखा कि भाई दूज वह त्योहार है, जिसमें बहन अपने भाई की गरिमा, गौरव और कल्याण के साथ रक्षा करने की प्रतिज्ञा करती है। तस्वीरों की पोस्ट पर अभिनेत्री ने अपने भाइयों वरुण रनौत, अक्षत रनौत, करण रनौत पर टैग भी किया।



## छह कंपनियों का मार्केट कैप 1.07 लाख करोड़ बढ़ा

**एसबीआइ व आइसीआइसीआइ बैंक को सबसे ज्यादा लाभ**

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,07,366.05 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। एसबीआई व आईसीआईसीआई बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। बीएसई और एनएसई पर एक नवंबर को नव संवत 2081 की शुरूआत के मौके पर मुहूर्त कारोबार आयोजित किया गया। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 321.83 अंक या 0.40 प्रतिशत के लाभ में रहा। सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इन्फोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 36,100.09 करोड़ रुपये बढ़कर 7,32,755.93 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई का बाजार पूंजीकरण 25,775.58 करोड़ बढ़कर 9,10,686.85 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

